

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
# समाज जागरण
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 90 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 08 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## विक्रम राठौड़ श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच बने



टी20 विश्व कप 2026 में भारत के साथ सह-मेजबान श्रीलंका ने टूनार्मेंट से पहले अपनी कोचिंग टीम में बड़ा बदलाव किया है। श्रीलंका ने भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।
विक्रम राठौड़ को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने सिर्फ टी20 विश्व कप 2026 के लिए बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी है। विक्रम राठौड़ ने लंबे समय तक भारतीय टीम के साथ बतौर बल्लेबाजी कोच काम किया है। भारतीय टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीता था। उस समय विक्रम राठौड़ भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच थे। राठौड़ 15 जनवरी तक श्रीलंकाई टीम से जुड़ सकते हैं।
राठौर ने भारतीय पुरुष टीम के साथ पांच साल तक काम किया है। टी20 विश्व कप 2024 के बाद वह टीम से अलग हो गए थे। साल 2025 में राठौर राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच रहे थे। वह पंजाब किंग्स की कोचिंग टीम का हिस्सा रह चुके हैं। 56 साल के राठौर ने 1996 से 1997 के बीच भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे खेले थे। टी20 विश्व कप 2026 के लिए श्रीलंका ने अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ

## सोमनाथ में 8-10 जनवरी 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व', 24 घंटे होगा 'ऊंकार नाथ' का जाप




गुजरात के गिर सोमनाथ में 8 से 10 जनवरी तक 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर में लगातार 24 घंटे 'ऊंकार नाथ' का जाप होगा। मंदिर परिसर को विशेष लाइटिंग और नावों से सजाया जाएगा। हर दिन सूरत, राजकोट, वडोदरा और अहमदाबाद से ट्रेनें विशेष रूप से श्रद्धालुओं के लिए चलाई जाएंगी। 10 जनवरी को सोमनाथ ट्रस्ट के साथ महत्वपूर्ण बैठक और भव्य ड्रोन शो होगा।
11 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ महादेव को प्रणाम करेंगे और बहादुरी, संघर्ष व आस्था पर आधारित एक बड़ी बैठक को संबोधित करेंगे। गुजरात के कृषि मंत्री जीतूभाई वघानी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## 'मुश्किल दौर में है यूरोप, बदलने की जरूरत है वर्ल्ड ऑर्डर'



पेरिस.बेबाक बयानों के लिए मशहूर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बार उन्होंने पेरिस की धरती पर खड़े होकर न केवल यूरोप की मौजूदा स्थिति पर तीखी टिप्पणी की है, बल्कि ग्लोबल ऑर्डर में बड़े बदलाव की वकालत भी कर दी है. फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ मुलाकात के दौरान जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि यूरोप इस वक्त चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा है और इसके गहरे स्ट्रेटजिक इंप्लिकेशन हैं. जयशंकर का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दुनिया अस्थिजियोपोलिटकल सिचुएशन का सामना कर रही है. एक तरफ अमेरिका ने वेनेजुएला में अटैक कर तनाव बढ़ा दिया है तो दूसरी ओर ट्रंप लगातार यूरोप को भिखमंगा कहकर चिढ़ा रहे हैं.

# परीक्षा पे चर्चा: पीएम बोले- छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत के लिए उत्सुक हूं

समाज जागरण




पीएम मोदी परीक्षा के समय छात्रों का मनोबल बढ़ाने और तनाव दूर करने के लिए एक विशेष संवाद करते हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' नाम के इस संवाद कार्यक्रम में देशभर के छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण से पहले पीएम मोदी ने कार्यक्रम को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की है।
पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आ रही हैं और साथ ही इस साल का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम भी।
उन्होंने कहा कि वे परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं, विशेष रूप से परीक्षा के तनाव से निपटने के तरीके, शांत और आत्मविश्वासी बने रहना और मुस्कुराते हुए परीक्षा देना। वे परीक्षा योद्धाओं से उनके प्रश्न या उनके अनुभव सुनना चाहते हैं जो दूसरों को प्रेरित कर सकें।
'परीक्षा पे चर्चा' नामक प्रधानमंत्री मोदी के इस संवाद में देशभर के छात्र शामिल हो रहे हैं। अब तक पौने तीन करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस चर्चा का हिस्सा बनने के लिए अपना पंजीकरण कराया है।
दरअसल, 'परीक्षा पे चर्चा' में शामिल होने के लिए तीन करोड़ से अधिक व्यक्तियों ने अपना पंजीकरण कराया है। इनमें सबसे बड़ी संख्या में छात्र शामिल हैं। छात्रों के अलावा शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बड़ी तादाद में अपना पंजीकरण कराया है।
बता दें कि 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा संबंधित तनाव, तैयारी, सीख एवं मानसिक दृष्टिकोण पर संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री का यह संवाद छात्रों को परीक्षा के भय से मुक्त करने और परीक्षा को सकारात्मक रूप से देखने के लिए आयोजित किया जाता है।
अगर बीते वर्ष की बात करें तो पिछले साल 'परीक्षा पे चर्चा' में 245 से अधिक देशों के छात्र शामिल हुए थे। वहीं 153 देशों के शिक्षकों और 149 देशों से बड़ी संख्या में अभिभावक भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने थे। तब इस व्यापक भागीदारी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।
केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस साल भी करोड़ों आवेदन आए हैं और यह अभूतपूर्व प्रतिक्रिया कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को संबोधित करने का यह एक बड़ा प्रयास है। संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन करोड़ पंजीकरण इसकी सफलता व लोकप्रियता को दिखाते हैं। यह दिखाता है कि परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक और आत्मविश्वासी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में यह संवाद महत्वपूर्ण योगदान देता है।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बन कर तैयार, पटरी पर उतारने से पहले शुरू किए गए अंतिम परीक्षण

समाज जागरण

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार हो गई है और इसे पटरी पर उतारने से पहले रेलवे की तकनीकी टीम ने मानकों के आधार पर अंतिम परीक्षण शुरू कर दिये हैं। लखनऊ स्थित रेलवे के अभिकल्प, विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के तकनीकी अधिकारी फिलहाल ट्रेन संचालन को लेकर हर बारीक पहलू पर काम कर रहे हैं। इस विशेषज्ञ टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की।



### टेस्टिंग टीम का मुख्य फोकस

टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा एवं नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके। टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को धीमी और मध्यम गति पर चला कर उपकरणों की कार्यक्षमता को रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा ट्रेन के पायदानों की मजबूती और ऊंचाई की भी जांच की गई।

### 11 केवी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई

उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाने वाली इस ट्रेन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस ट्रेन को ईंधन आपूर्ति के लिए जींद में स्थापित किए गए हाइड्रोजन प्लांट को अंतिम कमीशनिंग एवं नियमित संचालन के दौरान स्थिर और निर्बाध 11 केवी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के लिए देश का सबसे बड़ा हाइड्रोजन प्लांट भी किया स्थापित

बैठक में अवगत कराया गया कि इस हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के लिए जींद में तीन हजार किलोग्राम भंडारण क्षमता का देश का सबसे बड़ा हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया गया है, जो अब कमीशनिंग के अंतिम चरण में है। यह प्लांट 24 घंटे आधार पर संचालित होगा।

### इस महत्वाकांक्षी परियोजना में किसी प्रकार की बाधा नहीं

राज्य के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के साथ हाइब्रिड मोड में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्लांट की वर्तमान विद्युत आपूर्ति स्थिति, बैकअप व्यवस्थाओं और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना में किसी प्रकार की बाधा नहीं आए। इसके लिए बिजली आपूर्ति प्रणाली की नियमित समीक्षा की जाए और वैकल्पिक व्यवस्था और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को भी सुदृढ़ रखा जाए।

## ग्रीनलैंड से जुड़े हैं ट्रंप के दो लालच

समाज जागरण

कोपनहेगनः ट्रंप पर दुनिया के



तमाम देशों को बुली करने का भूत सवार हो गया है. वेनेजुएला के साथ अन्याय करने के बाद अब वो ग्रीनलैंड की तरफ लालच भरी नजरों से देख रहे हैं. ट्रंप का ये लालच डेनमार्क को बहुत चुभ रहा है. उन्हें बार-बार NATO वाला वादा याद दिलाया जा रहा है लेकिन ट्रंप अलग ही धुन में हैं. इस पूरे मुद्दे पर डेनमार्क के भारत में पूर्व राजदूत फ्रेडी स्वेन ने खुलकर बात की है. उन्होंने बताया कि नेशनल सिक्योरिटी की बातें तो ठीक हैं लेकिन ट्रंप को ग्रीनलैंड में वो खजाना नजर आ रहा है, जिसके पीछे आज के वक्त में पूरी दुनिया भाग रही है.

# जी राम जी योजना पर केवल विरोध न करे कांग्रेस, तथ्यों के साथ रखे बात: सीएम मोहन यादव

समाज जागरण

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी रामजी योजना लागू किए जाने को लेकर कांग्रेस के विरोध पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस को इस योजना में कोई कमी नजर आती है तो उसे तथ्यों के साथ सामने आना चाहिए। केवल विरोध के लिए विरोध करना उचित नहीं है।

### योजना में गोशाला निर्माण, तालाब निर्माण जैसे कार्यों को भी किया गया शामिल

भोपाल में आयोजित संवाददाता



सम्मेलन में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जी राम जी योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ और इससे राज्य को होने वाले फायदों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जहां मनरेगा के तहत ग्रामीणों को 100 दिन का रोजगार मिलता था, वहीं जी राम जी योजना के तहत 125 दिन तक काम मिलेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के सुझाव के आधार पर कार्यों का चयन किया जाएगा। योजना में गोशाला निर्माण, तालाब निर्माण जैसे कार्यों को भी शामिल किया गया है।

### कांग्रेस लगातार जी राम जी योजना का कर रही है विरोध

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कांग्रेस लगातार मनरेगा के स्थान पर जी राम जी योजना का विरोध कर रही है, लेकिन कांग्रेस नेताओं को तथ्यात्मक तरीके से अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हों, राहुल गांधी हों या प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवा-री-विपक्ष में होने का अर्थ केवल विरोध करना नहीं होता। विपक्ष को सकारात्मक और ठोस सुझावों के साथ सामने आना चाहिए।

### योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर सरकार का विशेष फोकस

उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर सरकार का विशेष फोकस रहेगा। गोपालन, मछली पालन और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि ग्रामीणों की आय बढ़े और आर्थिक स्थिति मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि जी राम जी योजना को राज्य के 15 विभागों से जोड़ा जा रहा है।

### 60:40 के अनुपात में वित्तीय प्रावधान

योजना में केंद्र सरकार द्वारा 60:40 के अनुपात में वित्तीय प्रावधान किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए सक्षम है और इस योजना को मध्य प्रदेश में पहले ही लागू किया जा चुका है।

## वेदांता ग्रुप के चेयरमैन के लिए 7 जनवरी सबसे दुखद दिन

नई दिल्ली. वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के लिए 7 जनवरी, 2026 का दिन उनकी जिंदगी का सबसे कठिन दिन साबित हुआ. जब उन्हें अमेरिका से अपने 49 साल के बेटे की मौत की खबर मिली. इसकी जानकारी खुद अनिल अग्रवाल ने अपने फेसबुक पर साझा की है. उन्होंने बताया कि बेटा अपने दोस्तों के साथ स्कीईंग करने अमेरिका गया था, जहां हार्ट अटैक की वजह से उनका



निधन हो गया. खबर आते ही उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई.
अनिल अग्रवाल ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा, आज मेरे जीवन का सबसे दर्दनाक दिन है. मेरा अग्निवेश, मेरा 49 साल का बेटा, आज हमारे बीच नहीं रहा. एक बाप के कंधे पर बेटे की अर्थी जाये इससे बुरा और क्या हो सकता है. अग्निवेश अपने दोस्तों के साथ अमेरिका में स्कीईंग करने गया था. वहां हादसा हो गया. वो Mount Sinai Hospital, New York में ठीक हो रहा था. हमें लगा सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अचानक कार्डियक अरेस्ट हो गया और हमारा बच्चा हमें छोड़कर चला गया.'

# अलीपुर तटबन्ध को मिली स्थायी बाढ़ सुरक्षा

## यमुना खादर के गांवों के लिए ऐतिहासिक निर्णय

समाज जागरण

बागपत/गाजियाबादः सांसद डॉ राजकुमार सांगवान के अथक प्रयासों से केंद्र और प्रदेश सरकार ने यमुना नदी के बाएँ किनारे स्थित अलीपुर तटबन्ध को बाढ़ से सुरक्षित करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कि०मी० 17.650 से 18.100 तक तटबन्ध का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 282.21 लाख रुपये है। साथ ही

**मुख्य लाभः**

*यमुना खादर क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की जिंदगी और संपत्ति सुरक्षित होगी।*
*किसानों की फसलें बाढ़ से बचेंगी, ग्रामीणों को बरसात में राहत मिलेगी।*
*तटबन्ध के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में दीर्घकालीन सुरक्षा सुनिश्चित होगी।*

पूर्व में बाढ़ से क्षतिग्रस्त स्पर संख्या 34 और तीन हैन्पनरों की पुनर्स्थापना के



लिए 265.58 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई।
डॉ सांगवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह निर्णय सरकार की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता और यमुना खादर क्षेत्र के विकास व सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगा।

# एसआईआर ड्राफ्ट में भाजपा का शहरी गढ़ कमजोर पड़ने के संकेत

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार लखनऊ ( उ. प्र.)**

उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान(एसआईआर) ने मतदाता सूची में भारी परिवर्तन ला दिया है। दो करोड़ 89 लाख नाम कटने से राजनीतिक दलों में हलचल मच गई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां एक दल अपनी मजबूती का दावा करता रहा है। इस अभियान की शुरूआत चार नवंबर को हुई और यह 26 दिसंबर तक चली, जिसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा डुप्लीकेट नामों को हटाया गया।



राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 15 करोड़ 44 लाख से घटकर 12 करोड़ 55 लाख रह गई। लखनऊ जैसे शहरी क्षेत्रों में 30 प्रतिशत से अधिक नाम कटे, जहां पहले 39 लाख 90 हजार मतदाता थे, अब 27 लाख 90 हजार बचे। गाजियाबाद में 8 लाख 18 हजार नाम हटे, जो 29 प्रतिशत है। प्रयागराज में 11 लाख 56 हजार, कानपुर में नौ लाख तथा आगरा में 8 लाख 36 हजार नाम कटे। ये आंकड़े बताते हैं कि शहरी इलाकों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहां प्रवासी मजदूर तथा मध्यम वर्ग के लोग गांवों की ओर स्थानांतरित दिखे।

भाजपा को इन क्षेत्रों में अपनी मजबूती का भरोसा था, लेकिन नाम कटने से चिंता बढ़ गई। लखनऊ तथा गाजियाबाद जैसे संसदीय क्षेत्र उसके गढ़ माने जाते हैं, जहां शहरी वोट बैंक मजबूत था। विपक्ष के अनुसार, कटे नामों में भाजपा समर्थक 80 से 90 प्रतिशत हैं, जिससे पार्टी को नुकसान हो रहा। मुख्यमंत्री से लेकर संगठन स्तर तक बैठकों का दौर चल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने विधायकों तथा सांसदों के साथ वर्चुअल बैठकें कीं तथा कार्यकताओं को शादियों जैसे कार्यक्रम स्थगित कर अभियान पर ध्यान देने को कहा। संगठन तथा संघ की समन्वय बैठक में भी लापरवाही पर चिंता जताई गई। भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क में निष्क्रिय रहे, जिससे फॉर्म भरवाने तथा समस्याएं सुनने का काम कमजोर पड़ा।

समाजवादी पार्टी ने इस दौरान सक्रियता दिखाई। पार्टी ने जगह-जगह कैम्प लगाए तथा अपने मतदाताओं के फॉर्म भरवाए। कानपुर तथा अमेठी जैसे स्थानों पर बूथवार सत्यापन किया तथा ड्राफ्ट सूची की प्रतियां लीं। इससे उनके वोटरों के नाम कम कटे तथा जो कटे, उन्हें जोड़ने का प्रयास तेज है। सपा प्रवक्ता मोहम्मद आजम खान ने कहा कि भाजपा को भारी नुकसान होगा जबकि सपा का वोट जोड़ा जाएगा। विपक्षी दलों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में सत्ता विरोधी लहर वाले इलाकों में कटौती ज्यादा हुई, जो सपा के ग्रामीण आधार को फायदा पहुंचाएगी।

उधर, बहुजन समाज पार्टी तथा कांग्रेस पर अभियान का असर मिश्रित दिख रहा है। बसपा के पारंपरिक दलित बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में नाम कटौती कम रही, लेकिन शहरी सीटों जैसे आगरा तथा लखनऊ में 25 से 30 प्रतिशत कमी से उसके वोट शेयर पर दबाव पड़ सकता है। आगरा में 8 लाख नाम कटे, जहां बसपा मजबूत रही है। फिर भी, डुप्लीकेट तथा मृत नाम हटने से सूची शुद्ध होने से बसपा को लंबे समय में फायदा मिल सकता है, क्योंकि उसके कोर वोटर ग्रामीण हैं जहां कटौती 12 से 18 प्रतिशत रही। कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान शहरी अल्पसंख्यक तथा गरीब वोट से हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दलित, गरीब तथा अल्पसंख्यक प्रभावित हुए तथा प्रक्रिया जल्दबाजी वाली थी। मुस्लिम बहुल जिलों में कटौती कम रही, लेकिन कुल 2.89 करोड़ में कांग्रेस समर्थक वोटरों की हिस्सेदारी से उसका वोट प्रतिशत घट सकता है। प्रमोद तिवारी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया।

कुल मिलाकर, अभियान से भाजपा के शहरी गढ़ कमजोर हुए हैं। लखनऊ में 12 लाख कटौती से प्रति विधानसभा 60 से 80 हजार वोट कम हुए, जो 10 से 15 सीटें प्रभावित कर सकता है। सपा की सक्रियता से उसे ग्रामीण मजबूती मिली। बसपा को मामूली फायदा ग्रामीण आधार से, लेकिन शहरी नुकसान। कांग्रेस को सर्वाधिक हानि अल्पसंख्यक वोट से। अब छह फरवरी तक दावे आपत्तियां दर्ज होंगी, जिसमें दल सक्रिय हैं। यह प्रक्रिया आने वाले चुनावों का समीकरण बदल सकती है, क्योंकि शहरी वोट ग्रामीण की ओर खिसके।

# नशे की संगती, जीवन की बड़ी विपत्ति। वर्तमान यथार्थ और समाधान का भविष्य।

नशा मानव जीवन की उन कमजोरियों में से एक है, जिसने युगोंझ्रयुगों से व्यक्ति, परिवार और समाज को भीतर से क्षीण किया है। यह केवल आधुनिक समय की समस्या नहीं है, बल्कि इसके बीज पौराणिक काल तक फैले हुए दिखाई देते हैं। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि भारतीय पौराणिक परंपरा ने नशे को कभी जीवनझ्रमूल्य नहीं माना, बल्कि उसे पतन का कारण बताया और आत्मसंयम को श्रेष्ठ गुण के रूप में प्रतिष्ठित किया।

पौराणिक काल में नशे का उल्लेख प्रतीकात्मक और सीमित रूप में मिलता है। देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त 'सुरा' और 'सोम' का प्रसंग प्रसिद्ध है। किंतु यह समझना आवश्यक है कि सोम कोई सामान्य नशीला पेय नहीं था, बल्कि वह यज्ञीय और औषधीय प्रयोजनों से जुड़ा दिव्य तत्व था, जिसका प्रयोग केवल विशेष अवसरों पर और संयमित रूप में होता था। इसके विपरीत, जब सुरा का प्रयोग असंयम और भोग के लिए हुआ, तो उसका परिणाम विनाशकारी सिद्ध हुआ। पुराणों में असुरों का पतन अक्सर उनकी भोगवादी प्रवृत्ति और मद्यपान से जोड़ा गया है, जो यह संकेत देता है कि नशा विवेक और मयार्दा के क्षय का कारण बनता है।

महाभारत में यदुवंश का विनाश नशे के दुष्परिणामों का सबसे सशक्त उदाहरण है। द्वारका में यादवों के



बीच मद्यपान से उत्पन्न उन्माद ने उन्हें आपस में ही विनाश की ओर धकेल दिया। यह प्रसंग स्पष्ट संदेश देता है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे वंश और समाज को नष्ट कर सकता है। रामायण में भी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन पूर्ण संयम और आत्मनियंत्रण का आदर्श है। वहाँ नशा कहीं भी आदर्श जीवन का अंग नहीं बनता, बल्कि त्याग, तप और संयम को ही श्रेष्ठ माना गया है।

बौद्ध और जैन परंपराओं ने तो नशे के विरुद्ध और भी स्पष्ट रुख अपनाया। भगवान बुद्ध के पंचशील में नशा न करने की प्रतिज्ञा आत्मिक जागरण की अनिवार्य शर्त है। महावीर स्वामी ने इंद्रिय संयम को मोक्ष का द्वार बताया। इन सभी परंपराओं का मूल संदेश यही है कि नशा मनुष्य को उसके लक्ष्य से भटका देता है और आत्मविकास के मार्ग में बाधा बनता है।

आज के समय में नशे की समस्या कहीं अधिक विकराल रूप ले चुकी है। शराब, तंबाकू, गुटखा, अफीम और सिंथेटिक ड्रग्स ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, विशेषकर युवा पीढ़ी को। नशा आज केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि संगठित अपराध, बेरोजगारी, पारिवारिक विघटन और मानसिक रोगों का कारण बन चुका है। इसका प्रभाव राष्ट्र की उत्पादकता और सामाजिक ताने-बाने पर भी पड़ता है।

नशे के विरुद्ध प्रभावी संघर्ष के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले, सामाजिक चेतना का निर्माण करना होगा। पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया जा सकता है कि नशा सदैव पतन का कारण रहा है। शिक्षा संस्थानों में नैतिक शिक्षा, योग, ध्यान और जीवनझ्रकौशल को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि युवा तनाव से निपटने के लिए नशे का सहारा न लें।

दूसरे, परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संवादहीनता और भावनात्मक रिक्तता नशे की ओर पहला कदम होती है। यदि परिवार बच्चों को समय, स्नेह और सही मार्गदर्शन दे, तो नशे की संभावना स्वतः कम हो जाती है। तीसरे, शासन और समाज को मिलकर नशे के व्यापार पर कठोर नियंत्रण करना होगा। केवल कानून नहीं, बल्कि पुनर्वास और परामर्श केंद्रों का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि नशे में फँसे व्यक्ति को अपराधी नहीं, रोगी समझकर उपचार दिया जा सके।

अंततः, नशे के विरुद्ध संघर्ष एक निरंतर अभियान है, न कि एक बार का कार्यक्रम। पौराणिक काल से लेकर आज तक का अनुभव यही सिखाता है कि जहाँ संयम, विवेक और मूल्य रहे, वहाँ समाज फला-फूला; और जहाँ नशा जीवनझ्रशैली बना, वहाँ विनाश अवश्यंभावी हुआ। आज आवश्यकता है कि हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों की ओर लौटते हुए नशा-मुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना होगा।

**संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार लेखन चिंतक स्तंभ कर रायपुर छत्तीसगढ़ 9009 415 415,**

# उद्देश्यहीन संयुक्त राष्ट्र संघ को भंग क्यों नही करते ?

**अशोक मधुप वरिष्ठ पत्रकार**

संयुक्त राष्ट्र संघ (यूनाइटेड नेशनस) का मुख्य औचित्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, और विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना है। इसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में 51 देशों द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य था कि भावी युद्धों को रोका वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। आज 193 देश इसके सदस्य हैं। इतने बड़े संगठन का लगता है कि आज कोई देश कहना मानने को तैयार नहीं। सबकी अपनी ढपली अपना राग है। संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बन कर रह गया है।

हाल ही में अमेरिका ने वेनेजुएला पर कब्जाकर लिया। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंदी बना लिया गया। उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया है। वहां ड्रग्स तस्करी के आरोपों में उन पर मुकदमा चलाया जा रहा है। अमेरिका इस पर भी वे चुप नही बैठा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में सैन्य अभियान के बाद कई देशों को धमकी दी है। उन्होंने इशारा किया है कि कोलंबिया में कभी भी सैन्य कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने मेक्सिको को भी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि वह वेनेजुएला के बेपटरी हो चुके तेल उद्योग को उबारने के लिए अमेरिकी कंपनियों पर भरोसा कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इशारा किया कि वह कोलंबिया में सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेक्सिको को ड्रग्स के मामले में ठीक से काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है। उधर वेनेजुएला की मौजूदा स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के बयान में कहा गया कि

वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई के मामले में "अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों का पालन नहीं किया गया है", इस बात से वे "बहुत चिंतित" हैं। रोजमेरी डिकार्लो ने गुटेरेस का बयान पढ़ते हुए इस बात पर चिंता जताई कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए क्या मिसाल कायम कर सकती है।उन्होंने कहा कि वेनेजुएला में हालात नाजुक हैं, लेकिन अभी भी एक बड़े टकराव को रोका जा सकता है। वहीं रूस के प्रतिनिधि ने निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ़्लोरेस को तुरंत रिहा करने की मांग की।

ईरान के भी हालात ठीक नही है। वहां भी कभी भी तख्ता पल्ट हो सकता है। ईरान में बढ़ती महंगाई और देश की बिगड़ती आर्थिक हालत को लेकर सरकार के खिलाफ लगभग एक हफ़्ते से प्रदर्शन जारी है ये पिछले तीन साल में देश में सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल पर पोस्ट में ईरान में प्रदर्शन कर रहे लोगों को मदद का भरोसा भी दिया है। उन्होंने लिखा, "अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाता है और उन्हें बेरहमी से मारता है, जो कि उनकी आदत है, तो अमेरिका उनको (प्रदर्शनकारियों को) बचाने के लिए आएगा."अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के 'शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों' की मदद के लिए 'पूरी तरह तैयार' है। पिछले साल जून में अमेरिक ने ईरान पर हमले किए। दावा किया गया कि उसने इरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए है। इस्राइल भी हमले कर चुका है। इस्राइल और अमेरिका की नजर में बहुत समय ये इरान खटक रहा है।

एक ओर अमेरिक की दादागिरी का ये हाल है। उधर चीन ताइवान पर कब्जा करने को तैयार बैठा है। वह समय समय पर अपनी वायु और जल सेना भेजकर ताइवान को धमकाता रहता है। कभी भी चीन सैनिक कार्रवाई कर ताइवान पर कब्जा कर सकता है।

इजरायल और हमास के बीच सात अक्टूबर 2023 को शुरू हुए युद्ध को चलते हुए दो साल और तीन महीने हो चुके हैं। अक्टूबर 2025 में एक संघर्ष विराम समझौता हुआ था। इसके बाद बड़े पैमाने पर बमबारी में कमी आई है, लेकिन तनाव और छिटपुट सैन्य कार्रवाई अभी भी जारी है।गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अब तक इस युद्ध में 70,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसमें हमास के लड़ाके और बड़ी संख्या में नागरिक (महिलाएं और बच्चे) शामिल हैं। 1,71,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजरायल पक्ष की ओर से सात अक्टूबर 2023 के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद सैन्य अभियान के दौरान लगभग 1,000+ इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इस युद्ध में गाजा पट्टी की लगभग 80 प्रतिशत इमारतें और बुनियादी ढांचा (अस्पताल, स्कूल, सड़कें) पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो चुके हैं। युद्ध के कारण इजरायल को अरबों डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है तो गाजा की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। इस्राइल से ईरान पर भी हमला किया। इसमें बैलिस्टिक मिजाइल प्रयोग हुआ। इतना ही नही इस्राइल ने कतर पर भी पिछले दिनों हमला किया।

24 फरवरी 2022 को शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन साल 10 माह बीत गए। युद्ध निरंतर जारी है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ और पश्चिमी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, रूस के 12 लाख से अधिक सैनिक या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं। स्वतंत्र रूसी मीडिया समूहों ने ओपन-सोर्स डेटा के आधार पर कम से कम 1,53,000+ रूसी सैनिकों की मौत की होना माना है। विभिन्न पश्चिमी अनुमानों (जैसे दिसंबर 2024-25 की रिपोर्ट) के अनुसार, यूक्रेन के लगभग 4,00,000 से 5,00,000 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं।

इतना सब हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ मानव जीवन की बरबादी देख रहा है। यह असहाय बना बैठा है। मानव जीवन का विनाश रोकने के लिए वह कुछ नहीं कर पा रहा। उसकी भूमिका शून्य होकर रह गई है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ नहीं कर सकता। कोई देश उसकी मानने को तैयार नही। युद्ध रोकने की कार्य का दायित्व निभाने में वह सक्षम नहीं है। पांच वीटो पावर देश उसे अपनी मर्जी से नचा रहे हैं। उनके एकजुट हुए बिना संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ नहीं कर सकता। ये पांचों विटो पावर देश खुद खेमों में बंटे है। ऐसे में सर्वसम्मत प्रस्ताव पास होना एक प्रकार से नामुमकिन हो गया है। म्यांमार में पिछले दिनों सेना का जुल्म देखने को मिला। चीन में उइगर मुसलमानों पर जुल्म जग जाहिर हैं। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। आज आतंकवाद पूरे विश्व की बड़ी



समस्या है। सब जानते हैं कि कौन देश इसे पालपोस रहे हैं। इस आंतकवाद के खात्मे के लिए कोई संयुक्त प्रयास नही हो रहे। कभी इस बारे में प्रस्ताव आता है तो पांच विटो पावर दादाओं में से कोई न कोई उस प्रस्ताव को विटो कर देता है।

उसकी शक्ति नहीं तो उसका औचित्य क्या है? दुनिया के देश क्यों इस सफेद हाथी को पाले हैं। क्यों इसका खर्च वहन कर रह हैं। इसे भंग क्यों नही कर दिया जाता। लगभग दो साल पूर्व हमास- इस्राइल युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रयास हुए। कई बार प्रस्ताव के प्रयास हुए पर वीटो पावर वाले देशों के अडंगे के कारण कुछ नहीं हो सका। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस युद्ध को रोकने के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार किया, किंतु इस्राइल ने इसे स्वीकार करने से मना कर इतना सब होने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र इस युद्ध को नहीं रोक पाया। न रोक पा रहा है। इस युद्ध से युद्धरत देशों के विकास तो रुका ही, मानव कल्याण के लिए भवन, पुल, स्कूल और उद्योग खंडहर बन गए। हमास इस्राइल युद्ध के बीच हुति विद्रोहियों ने इस्राइल पर मिजाइल से हमले किए। इस्राइल समर्थक देशों के मालवाहक जहाजों पर मिजाइल दागीं। इस सब के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ की नींद नही खुली।

आज संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ देश के हाथों की कठपुतली बन गया है। अन्य देश न अपनी ताकत का प्रयोग कर सकता है ना अपनी क्षमता का । आज के हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े

आज जरूरत आ गई है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की उपयोगिता पर विचार किया जाए। इसे उपयोगी बनाने पर कार्य किया जाए। ऐसा ढांचा खड़ा किया जाए कि एक देश दूसरे देश का मददगार बने। मुसीबत में उसके साथ खड़े हो, उसकी रक्षा कर सकें। ऐसा नहीं कि लाठी के बूते कोई किसी देश की चुनी सरकार को अपदस्थ कर दे। सब दुनिया के सभी देश बराबर हैं तो पूरी दुनिया के पांच देशों को ही वीटो पावर का अधिकार क्यों? उनकी ही पूरी दुनिया पर दादागिरी क्यों?इस पर विचार किए जाने की जरूरत है।आज के हालात में सामूहिकता बढ़ाने ,सामूहिक निर्णय पर चलने, सामूहिक विकास का सोचने की सबसे बडी जरूरत है। एक ऐसे संगठन की दुनिया को जरूरत है जो निष्पक्ष और तटस्थ होकर पूरी दुनिया में शांति स्थापना के लिए काम कर सके।

अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# छोटे घर और इलेक्ट्रॉनिक गड़बड़ियाँ: क्या आपकी समृद्धि भी प्रभावित हो रही है ?

### भूमिका

लोगों की तरक्की, सेहत और परिवार-समाज की स्थिति कई बार बिना किसी वजह बदलती रहती है। कुछ लोग, जो पहले अच्छा काम कर रहे होते हैं और जिनकी सोच समझ अच्छी होती है, धीरे-धीरे परेशान होने लगते हैं – और इसकी कोई साफ वजह नहीं होती। वहीं, कुछ लोग अचानक पहले से बेहतर होने लगते हैं।

कई घरों में ऐसा देखा गया है कि छोटे घरों के निवासी पैसों, स्वास्थ्य और रिश्तों में परेशानियों का सामना करते हैं। साथ ही घर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण – जैसे टीवी, पंखा, गीजर और कंप्यूटर – जल्दी खराब होने लगते हैं।

विशेषकर वे छोटे घर जिनके पास ऊँचे पड़ोसी घर हैं। यह अध्ययन 500 से अधिक घरों के अनुभव पर आधारित है।

### अवलोकन

छोटे घर जहाँ ऊँचे पड़ोसी हैं, वहाँ कुछ समय बाद इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल्दी खराब होने लगते हैं।

निवासियों को धीरे-धीरे वित्तीय परेशानी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ और रिश्तों में तनाव होने लगता है। जितना अधिक ऊँचाई का अंतर, उतनी जल्दी और गंभीर समस्याएँ आती हैं। ऐसे घर में ज्यादा समय बिताने वाले लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं।

### वस्तुस्थिति

**समस्या के प्रकार:**

पैसाः धीरे-धीरे नुकसान, अस्थिर आय।
स्वास्थ्यः बीमारियाँ तेजी से बढ़ना, मानसिक तनाव।
रिश्तेः झगड़े, शादी में देरी, रिश्तों का टूटना।
अन्यः आग लगना, चोरी, साइबर फ्रॉड, दुर्घटना।

**संभावित कारण:**

ऊँचे घर एट (इलेक्ट्रोमैग्नेटिक) तरंगों को केंद्रित कर सकते हैं।
इंसान का मस्तिष्क भी एट तरंगों के जरिये जुड़ा होता है।

### मूल्यांकन और परिणाम

घर की संरचना और पड़ोसी घरों की ऊँचाई का संबंध इलेक्ट्रॉनिक खराबी और जीवन की समस्याओं से जुड़ा है।

अधिक समय तक प्रभावित घर में रहने से नकारात्मक परिणाम बढ़ते हैं।






बार-बार खराब होने वाले उपकरण संकेत देते हैं कि घर पर नकारात्मक प्रभाव मौजूद है। बताता है कि ऐसे घरों पर ध्यान देना और सावधानी बरतना जरूरी है।

### उपसंहार

छोटे घर जिनके पास ऊँचे पड़ोसी हैं, वहाँ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल्दी खराब होते हैं और निवासियों को पैसों, स्वास्थ्य और रिश्तों में परेशानियाँ आती हैं।

हालांकि वैज्ञानिक रूप से पूरी तरह सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन यह अनुभवजन्य अध्ययन इस पर और वैज्ञानिक अध्ययन जरूरी हैं।

यदि भविष्य में यह बात साबित होती है, तो शहरों की प्लानिंग और घरों के डिजाइन में बदलाव करने पड़ सकते हैं।

फिलहाल इसे एक चेतावनी-संकेत की तरह देखकर और शोध की दिशा में आगे बढ़ना जरूरी है।

**अनुसंधानकर्ता डॉ. प्रभात कुमार (एमबीबीएस) हैं, जो दरभंगा मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।**
(ईमेलः goodmorningprabhat@gmail.com)

**डॉ. प्रभात कुमार के दो शोध-पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।**

(1) International Journal of Science & Research (www.ijsr.net), volume 14, Issue 12, December 2025.
(2) 'International Journal for Multidisciplinary Research' (www.ijfmr.com), Volume 7, Issue 6 (November- December 2025)

डॉ. प्रभात कुमार, स्वर्गीय श्री अमीरचंद प्रसाद और श्रीमती माधुरी देवी के प्रथम पुत्र हैं और सराय गेट, रामगढ़िया, आरा (बिहार) के निवासी हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के दौरान प्रोफेसर प्रमोद कुमार मिश्रा (जो वर्तमान में श्री चैतन्य, हैदराबाद में भौतिकी के संकाय सदस्य हैं) उनके फिजिक्स के शिक्षक थे।

उन्हें दरभंगा मेडिकल कॉलेज के 2000 बैच में प्रवेश मिला। टइझर पूरा करने के बाद वे दिल्ली आ गए और वर्तमान में दिल्ली सरकार के आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक, रोहिणी सेक्टर-17 में कार्यरत हैं।

डॉ. प्रभात कुमार राष्ट्रीय स्तर के पूर्व शतरंज खिलाड़ी हैं और अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी रानी पूजा के बड़े भाई हैं। उनके छोटे भाई, प्रवीन कुमार, बिहार सरकार में जहानाबाद में जिला कृषि अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं।



उनका छोटा परिवार है – पत्नी ऋचा कुमारी और 10 वर्षीय पुत्र रिशान कुमार, जो जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली में कक्षा 5 में पढ़ता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जनपद में 08 से 28 जनवरी तक अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 07 जनवरी 2026: प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 08 से 28 जनवरी 2026 के बीच गेहूँ और चावल निःशुल्क वितरित किया जाएगा। वितरण प्रातः 08:00 बजे से 12:00 बजे तक और दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक ई-पॉस मशीन और आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाएगा।

**अंत्योदय कार्डधारकों को: 14 किग्रा गेहूँ और 21 किग्रा चावल।**

**पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को: कार्ड यूनिट के अनुसार 2 किग्रा गेहूँ और 3 किग्रा चावल।**

महत्वपूर्णः अन्य जिलों/राज्यों के वन नेशन वन राशन कार्डधारक भी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न ले सकते हैं।

अंतिम दिन 28 जनवरी को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के जरिए वितरण किया जाएगा।

वितरण पर्चियों पर गेहूँ और चावल का मूल्य शून्य स्पष्ट रूप से दर्ज होगा।

**कोई भी पात्र लाभार्थी भूखा या खाद्यान्न से वंचित न रहे।**

समस्या या जानकारी के लिए लाभार्थी तहसील, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी या टोल फ्री नंबर 1967 / 1800-1800-150 पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

# डॉ. मीनाक्षी भराला ने की महिला जनसुनवाई, मातृत्व और बाल संरक्षण को दिया सशक्त संदेश

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 07 जनवरी 2026: उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में दादरी कार्यालय खंड विकास अधिकारी सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गए और डॉ. भराला ने सभी मामलों का गंभीर अनुश्रवण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

डॉ. भराला ने उपस्थित अधिकारियों से बाल विवाह पर रोक लगाने हेतु शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और विकास में बाधक है, और इस-के विरुद्ध सभी को सक्रिय प्रयास करने चाहिए।



इस अवसर पर 05 लाभार्थियों को बेबी किट वितरित की गई, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। डॉ. भराला ने महिलाओं और बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वस्थ मातृत्व और सुरक्षित बचपन ही एक सशक्त समाज की मजबूत नींव है।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना दादरी द्वारा पौष्टिक व्यंजन स्टॉल लगाए गए, जिनमें रागी टिक्की, चना दाल खिचड़ी, सूजी इडली, बाजरे के बिस्किट आदि शामिल थे। डॉ. भराला ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर आंगनबाडी कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया।

जनसुनवाई और पोषण कार्यक्रम के बाद उन्होंने सेक्टर 62 नोएडा स्थित राजकीय बाल/बालिका ग्रह एवं वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं और पीडित महिलाओं को दी जा रही सेवाओं का मूल्यांकन किया और सुधारात्मक दिशा निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उपायुक्त पुलिस महिला सुरक्षा मनीषा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, संरक्षण अधिकारी विभा, वन स्टॉप सेंटर नोएडा की प्रबंधक रिंकी रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# सफाई अभियान में लापरवाही बनी बीमारी फैलने और सड़क हादसे का खतरा

## (समस्या का तुरंत निस्तारण नहीं होने पर, लोगों ने दी नगर पालिका का घेराव करने की चेतावनी)

समाज जागरण

लोनी, 7 जनवरीः नगर पालिका विभाग के साफ-सफाई अभियान की लचर कार्य प्रणाली ने राहगीरों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। विभाग द्वारा लोनी-गाजियाबाद मार्ग पर कस्बा पुलिस चौकी से बाग राणप तक नालों तथा गली-मोहल्लो की नालियों की सफाई तो कराई, मगर गंदगी भरे कूड़े का निस्तारण न होने से सड़क किनारे और मुख्य मार्गों पर कचरे के ढेर जमा हो गए हैं, जिन्हें दस दिन बीत जाने के बाद भी सफाई कर्मचारियों द्वारा उठाया नहीं जाने से अब वह लोगों की आफत का कारण बन गए हैं।

रोषित लोगों का कहना है कि सफाई के दौरान कूड़ा एक जगह इकट्ठा तो कर दिया गया, मगर जिम्मेदारों ने उसे उठाने की जहमत उठाना जरूरी नहीं समझा. जिनकी ऐसी लचर कार्य प्रणाली को देखकर लगता है वह इस गंदगी और फिसलन की चपेट में आकर किसी बड़े हादसे के होने की इंतजार में है। मुख्य रूप से पैदल यात्री व दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है जबकि गंदगी और वहा से फैलने वाली बदबू के कारण आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है।



यही नहीं विभाग की इस करतूत से राहगीरों व दुकानदारों के साथ-साथ कंचन पार्क और रुपनगर औद्योगिक क्षेत्र के लोग भी पूरी तरह प्रभावित हैं। लोगों का आरोप है कि नालों की सफाई के बाद गंदगी को सड़क पर फेंक दिया गया और अब उसके निस्तारण को लेकर नगरपालिका प्रशासन अंधा और बहरा बना बैठा है। लोगों ने हाल में ही वार्ड 41 के पार्षद अंकुश जैन के नेतृत्व नगरपालिका परिषद के घेराव का उ-दाहरण देते हुए कहा कि "लायन ग्रुप कंपनी" जिसके साथ सफाई का अनुबंध है, वह तभी हरकत में आती है जब जनता कोलाहल पर उतरती है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उक्त समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो एक बार फिर आसपास कॉलोनियो के लोग नगर पालिका का घेराव करने को मजबूर होंगे।

## (विपक्षी लोग ले रहे चुटकी)

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा:कुछ कार्यकर्ता दूसरे दलों से मिलकर पार्टी के विरुद्ध रच रहे षड्यंत्र

समाज जागरण

लोनी, 7 जनवरीः भाजपा के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल ने एक पोस्ट के माध्यम से कुछ कार्यकताओं पर पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कराये जाने की बात कही है. इसे भाजपा का अंतर्कलह मानने वाले कुछ लोगों द्वारा अब इस मामले में चुटकी ली जा रही है। उन्होंने इसे भाजपा की अंदरखाने की लड़ाई बताते हुए कहा कि लगता है भाजपा में भी अंतर्कलह गहराने लगा है और विरोध के स्वर उठने शुरू हो गए हैं।



गौरतलब हो कि भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह द्वारा डाली गई पोस्ट में उन्होंने जहां एक ओर अपने कार्यकताओं को मेहनत और मनोयोग से पार्टी में आस्था रखते हुए कार्य करने की बात कहते हुए उनकी तारीफ की है. वहीं दूसरी ओर उन्होंने कुछ कार्यकताओं पर दूसरे दल के साथ मिलकर पार्टी के विरुद्ध षडयंत्र रचकर भारतीय जनता पार्टी के विरोध में कार्य करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ऐसे कार्यकर्ता पार्टी प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर मीडिया और सोशल मीडिया पर अनर्गल बयान बाजी कर रहे है।

जिला अध्यक्ष ने पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकताओं को आश्वासन देते हुए कहा है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कार्यकताओं पर शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उनकी इस पोस्ट से यह बात साबित होती है कि जिले में कार्यकताओं के बीच किसी न किसी बात को लेकर अंतर्कलह जरूर हैं। यानिकि यहा भाजपा के अंदर सबकुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है और संगठन दो गुटों में बटता दिख रहा है। जिस पर काबू पाने में नाकाम जिला अध्यक्ष को उक्त पोस्ट डालने के लिए मजबूर होना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि पार्टी कार्यकर्ताओ को संगठन में तरजीह नहीं मिलने पर वह कई मौकों पर ना-राजगी जाहिर करते रहे है. और भाजपा जिला संगठन के बीच खुलकर रही गुटबाजी की बात को भी नकारा नहीं जा सकता। जिसे जिला अध्यक्ष द्वारा डाली गई पोस्ट ने एक बार फिर बीच सड़क पर ला दिया हैं. अब विपक्षियों को मौका मिलते ही वह भी अब इस मामले में जमकर चु-टकी ले रहे हैं। ऐसे में संभवतः पार्टी के कुछ नेता/कार्यकताओं को अपने राजनीतिक अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराते दिख रहे हो।

## (अगली रणनीति के लिए ग्रामीण गुरुवार को (आज) करेंगे महापंचायत)

# डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस ने भांजी लाठी, भाकियू के विरोध पर गिरफ्तार किसानों को किया रिहा

समाज जागरण

लोनी, 7 जनवरीः मीरपुर हिन्दू गांव में डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ आवाज उठाना किसानों को उस समय भारी पड़ गया जब अपने हक और स्वास्थ्य की लड़ाई लड़ने के दौरान पुलिस ने उन पर लाठियां भांजते हुए कई किसानों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि की सूचना मिलते ही इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ो किसान थाना ट्रॉनिका सिटी पहुंचकर गिरफ्तार किसानों की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए और अंत में पुलिस को हिरासत में लिये गए किसानों को छोड़ना पड़ा। किसानों ने उक्त संदर्भ में आगामी रणनीति के लिए गुरुवार को एक महापंचायत की घोषणा की है।




अब सवाल यह खड़े होते हैं कि स्थानीय विधायक के दरबार में मिले आश्वासन के बावजूद पुलिस द्वारा लाठी चार्ज और किसानों को उठाया गया। यानी की फैसले वही रहे, जो एसी कमरों में बैठे हुक्मरानों ने फाइलों पर खींची लकीरों से तय कर दिए थे।

पीड़ित ग्रामीणों ने विधायक के दरबार में दस्तक दी, आश्वासन मिला, मीठे शब्द मिले, फोटो भी खिंचे, पर जब डंडे चले, तब पीड़ित किसान, यानी की जनता अकेली थी और सत्ता मौन।

अब ग्रामीणों का सवाल है कि बाहर लूटे स्वार्थी लोग। इसका सीधा सा मतलब है कि यमुना किनारे बसे इस क्षेत्र के लोगों से मानो कहा जा रहा हो तुम गांव में रहते हो, तो नारकीय



का कूड़ा हमारे गांव में फेंको, बदबू गांव वाले झेलें, बीमार हो गांव वाले और विकास के नाम पर वहा-वाही जीवन तो बोनस में मिलेगा ही।

इसके उपरांत उक्त मामले में मिली जानकारी के मुताबिक लोनी देहात क्षेत्र के मीरपुर हिन्दू गांव की भूमि में बन रहे डंपिंग ग्राउंड के विरोध में क्षेत्रीय ग्रामवासियों द्वारा किए जा



रहे डंपिंग ग्राउंड स्थित विरोध प्रदर्शन स्थल से पुलिस ने अपनी कार्रवाई के दौरान चार ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया। इसकी सूचना मिलती ही इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी सैक-ड़ों ग्रामीणों सहित ट्रॉनिका सिटी थाने पर धरने पर बैठे गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मौके की नजाकत को भापते हुए हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा कर दिया था। अब देखना है कि ग्रामीणों द्वारा डंपिंग ग्राउंड के विरोध का यह मामला आखिर किस करवट बैठता है!

# 12 जनवरी को जेवर तहसील में मत्स्य पालन तालाब/पोखर/मीनाशय नीलामी

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 07 जनवरी 2026: तहसीलदार ओम प्रकाश पासवान ने बताया कि जेवर तहसील के अंतर्गत मत्स्य पालन हेतु तालाब, पोखर, मीनाशय और जलमग्न भूमि के 10 वर्षीय आवंटन के लिए नीलामी आयोजित की जाएगी।

नीलामी 12 जनवरी 2026 (सोमवार) को सुबह 11:00 बजे, तहसील जेवर सभागार में होगी। यह प्रक्रिया राजस्व संहिता नियमावली 2016 एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।

महत्वपूर्ण जानकारीः इच्छुक एवं पात्र बोलीधारक निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, खतौनी और आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ उपस्थित हों। पिछली निर्धारित तिथि 08 दिसंबर 2025 पर कोई बोलीधारक उपस्थित नहीं होने के कारण नीलामी स्थगित हुई थी।

सभी पात्र बोलीधारकों से अपील है कि निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# कृषि रक्षा इकाइयों पर रसायन, यंत्र और बखारी पर अनुदान, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 07 जनवरी 2026: जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे ने बताया कि गेहूं, आलू और राई सरसों की फसलों में कीट और रोग नियंत्रण हेतु कृषि रक्षा इकाइयों पर किसानों को विभिन्न सुविधाएं और अनुदान उपलब्ध हैं।

**मुख्य लाभः बायोपेस्टीसाइड (ट्राइकोडर्मा, ब्यूवेरिया बेसियाना): 75% अनुदान**

**कृषि रसायनः 50% अनुदान**

शक्ति चालित स्प्रेयरः 50% अनुदान, अधिकतम 3,000 रुपये
मानव चालित स्प्रेयरः 50% अनुदान, अधिकतम 1,500 रुपये
अन्न भंडारण बखारीः 50% अनुदान, अधिकतम 2,000 रुपये (5 क्विंटल, 24 गेज, क्रक मार्क अनिवार्य)

सभी अनुदान राशि DBT के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि सोलर लाईट ट्रैप के माध्यम से खेतों में कीट नियंत्रण अब बिना रासायनिक कीटनाशक किया जा सकता है, जिससे फसलों में कोई हानिकारक अवशेष नहीं रहेंगे और मित्र कीटों को भी कोई नुकसान नहीं होगा।

कृषकों के लिए पंजीकरण राजकीय कृषि रक्षा इकाई, कृषि बीज भंडार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय या जनसेवा केंद्र पर निःशुल्क उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए 9456637356 और 7217679030 पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# डेल्टा वन, ग्रेटर नोएडा में स्वास्थ्य विभाग का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 07 जनवरी 2026: मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि डेल्टा वन, ग्रेटर नोएडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डाढा, दनकौर के माध्यम से एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ. शिल्पी शुक्ला, फार्मासिस्ट वेद प्रकाश, स्टाफ नर्स कुसुम और वार्ड बॉय कृष्णा कुमार उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 23 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से उल्टी और दस्त से प्रभावित 07 मरीजों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा टीम ने डेल्टा वन क्षेत्र के 05 घरों से पेयजल के नमूने एकत्र कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026-27 को लेकर मेरठ मंडल में वर्चुअल बैठक संपन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 07 जनवरी 2026: सहायक श्रम आयुक्त सुयश पाण्डेय ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम कौन्दु, तहसील सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर में कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में आयुक्त/अध्यक्ष मेरठ मंडल, भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे प्रवेश परीक्षा में आवेदन करें। कक्षा 6 में 160 और कक्षा 9 में 65 छात्र/छात्राओं का चयन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 6 हेतु जन्मतिथि 01.05.2014 से 31.07.2016 और कक्षा 9 हेतु 01.05.2011 से 31.07.2013 के बीच होना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम बच्चों को आवेदन सुनिश्चित कराया जाए और अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। यह प्रवेश परीक्षा उ.इ.र.ए. बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम में श्रमिकों के बच्चों के लिए राज्य स्तर का अभिनव प्रयोग है।

# ठंड और कोहरे की मार.. बदली दिनचर्या-वाहनों की थमी रफ्तार

समाज जागरण

लोनी, 7 जनवरीः पिछले कई दिनों से घना कोहरा व सर्दी बुधवार को दिन ढलते ही अपने पूरे शबाब पर नजर आई। शीतलहर और हाड़ कपाऊ ठंड के कारण लोग अगले दिन सुबह देर तक बिस्तर में ही दुबके रहे और अपने कामकाज पर भी समय पर नहीं पहुंच सके।



यह कोहरे का कहर ही था कि दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर याता-यात पूरी तरह प्रभावित रहा। जहां वाहन चालक अपने वाहनों की हेडलाइट जलाते हुए कछुआ गति से चलने को मजबूर थे। बड़ी संख्या में वाहनों की आवा-जाही वाले गड्ढों में तब्दील इस मार्ग पर वाहन चालक पहाड़ जैसी मुसीबत झेलने को मजबूर थे जबकि लोनी बॉर्डर व लोनी तिराहा क्षेत्र जहां पहले से ही जाम जैसी स्थिति बनी रहती है, घने कोहरे से बनी अदृश्यता के कारण वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी थी जो किसी तरह वहां से निकल पा रहे थे। दूसरी ओर दिल्ली, नोएडा व अन्य स्थानों पर नौकरी पेशा या अन्य किसी कामकाज के लिए जाने वालो की बात करे तो वह कड़कती ठंड व कोहरे की मार झेलने को मजबूर दिखाई दिए। नतीजन वह समय पर अपने घरों से नहीं निकल सके जबकि कुछ अपने बिस्तर में ही दुबके रहे। पिछले कुछ दिनों से अचानक बढ़ी कप-कपाती ठंड के साथ दस्तक देने वाला कोरहा दिन ढलते ही अगले दिन भी देर तक छाया रहा। यही कारण था कि ठंड से राहत पाने के लिए विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने के बावजूद भी लोग ठिठुर रहे थे जिन्हें सूर्य देव के दर्शन भी कुछ ही देर के लिए हो सके।

मौसम विभाग की माने तो हवा की गति कम होने के कारण अभी अगले और कई दिनों तक जनजीवन इसी तरह प्रभावित बने रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया, अधिकारियों पर कार्रवाई

समाज जागरण

नोएडाः नोएडा प्राधिकरण ने शहर के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने और अधिसूचित भूमि पर अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि अधिकारियों की लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ अनुश-ासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।




इस क्रम में, वर्क सर्किल-06 के अधिकारियों के खिलाफ मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निम्नलिखित कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं:

श्री अब्दुल शाहिद (प्रबंधक): क्षेत्र में प्रभावी पर्यवेक्षण न करने और कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के कारण उन्हें करण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही शुरू की गई है।

श्री विनीत कुमार शर्मा (सहायक प्रबंधक): प्रतिनियुक्ति की अवधि पूर्ण होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से प्राधिकरण सेवा से अवमुक्त कर दिया गया है।

नोएडा प्राधिकरण ने पुनः सभी अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर नजर रखते हुए कर्तव्यों का पालन करना अनिवार्य है।

# एनसीआर में मोबाइल चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय गैंग गिरफ्तार, 821 मोबाइल फोन बरामद

समाज जागरण

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा एक बड़ी और सराहनीय कार्रवाई करते हुए एनसीआर क्षेत्र से मोबाइल फोन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस कार्रवाई में थाना फेस-2 पुलिस टीम ने गैंग के 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के कुल 821 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 06 से 08 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह गैंग एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें 25,000/- के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य अपराधों और नेटवर्क की भी गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही बरामद मोबाइल फोनों को उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# नोएडा: जेई हरिओम वर्मा पर महिलाओं और वेंडरों को धमकाने का आरोप, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

नोएडाः रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने नोएडा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ जेई हरिओम वर्मा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, हरिओम वर्मा पर महिलाओं और स्थानीय वेंडरों को धमकी देने का आरोप लगाते एसोसिएशन ने सोशल मिडिया पर एक विडियो शेयर किया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता का कहना है :- यह वीडियो हाल ही में सामने आया है, जबकि वेंडर के पास मे 2017 का फूड सेफ्टी लाइसेंस है । इसके अलावा (36/189 याचिका संख्या, 2017) मे शामिल है जिसके तहत कई लोगों को ला-इसेंस प्रदान किया गया था। आरोप है कि हरिओम वर्मा माफिया और दलालों के सरदार के तरह काम करते है और कुछ लोगों को धमकी देकर परेशान किया है।

विशेषकर, एसोसिएशन ने बताया है कि नोएडा सेक्टर 55 मे एक महिला और सेक्टर 62 के वेंडरों को धमकी दी गई। एसोसिएशन ने इस मामले में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि इस मामले में तुरंत का-र्रवाई नहीं की गई, तो वे आगे सख्त कदम उठाने को मजबूर होंगे। यह खबर एसोशिएशन के सोशल मीडिया हैंडल से लिया गया है।

# नोएडा में निःशुल्क नेत्र जांच एवं सर्जरी शिविर का शुभारंभ, नागरिकों को मिला स्वास्थ्य लाभ

समाज जागरण

नोएडा। आम जन के नेत्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए दिनांक 06 जनवरी 2026 को निःशुल्क नेत्र जांच एवं सर्जरी शिविर का शुभारंभ श्रीमती वंदना त्रिपाठी, एसीईओ नोएडा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

यह शिविर Noida Employee Association एवं ICARE के सहयोग से सेक्टर-39, नोएडा में आयोजित किया गया, जो सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चला। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर नेत्र जांच की सुविधा का लाभ उठाया।




शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा आंखों की विस्तृत जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने मरीजों को आंखों की देखभाल से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह पहल नागरिकों के नेत्र स्वास्थ्य, बेहतर दृष्टि और उज्ज्वल जीवन के लिए समर्पित है। भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# नगर की समस्याओं को लेकर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

चंदौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से नगर की समस्याओं को अवगत कराया।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि नगर का प्रमुख मार्ग मालगोदम रोड जिससे प्रतिदिन लाखो लोगो का आवागमन होता है सबसे बड़ी बात नगर के पहले अधिकारी उपजिलाधिकारी भी इसी सड़क से जाते है फिर भी



ये सड़क जर्जर हो गई है जिसकी बजह से आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है पहले भी व्यापार मंडल द्वारा इसी सड़क को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। लेकिन समस्या तस की तस बनीं रही। शाह आलम मंसूरी ने सीता रोड की सड़क जो की पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और नगर का प्रमुख स्कूल भी सीता रोड पर है उसे दुरुस्त कराने की मांग की। नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि नगर में पानी की लीकेज की समस्या जिसका समाधान एक दिन में हो जाना चाहिए उस समस्या में पांच से दस दिन लग जाते है। नगर की पानी की समस्या का समाधान 1 दिन में हो जाना चाहिए जिससे पानी की बबार्दी रुकेगी व पानी दूषित भी नहीं होगा। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में बसीम, रितिक वार्ष्णेय, सद्दाम, सावन शर्मा, रमाकांत पंडित, नजर मोहम्मद, मतीन अशरफी, चिराग फैंसी, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 10वां दिन भी डी एफ ओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी है

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद अपनी मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ऐसी कड़कड़ाती ठंड में डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद में दसवें दिन भी धरने पर डटे रहे किसानों ने बताया कि वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार , भ्रष्टाचार के खिलाफ वन विभाग से जंग जारी है, किसानो की फसलों को नष्ट किया गया किसानों पर मुकदमे दर्ज किए, किसानों को राजस्व विभाग की भूमि दी जाए, किसानों को मिलजुबले खाते में अलग खाता दिया जाए, वन विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है N74 पर नाला निर्माण कर दिया मंडावली में, उत्तरांचल के लोगों को वनों में बसा रखा, और किसानों पर मुकदमे दर्ज करता है,। भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे।

लड़ाई आर पार की होगी। इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरने में दिन-रात शामिल रहे। धरने पर, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, गजेंद्रसिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, अमित प्रमोद, पप्पू, युसूफ, , शगुन, सत्यपाल,, विकार, जितेंद्र, विजय, नीतू, पवन, मोनू, आशीष, आदि मौजूद रहे

## राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति का 19वां स्थापना दिवस स्योहारा में मनाया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर बिजनौर जनपद के स्योहारा ब्लॉक में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के ब्लॉक सचिव मोहम्मद इरशाद के आवास



पर आयोजित इस कार्यक्रम में केक काटकर समिति के 19 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक सचिव इरशाद अहमद एवं नगर अध्यक्ष दानिश वारसी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि समिति का प्रमुख उद्देश्य गरीब, असहाय एवं बेसहारा लोगों की आवाज उठाना तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि समिति का स्थापना दिवस देशभर में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद अली शान, मोहम्मद दिलशाद, रिजवान अहमद, फिरोज खान, गुफरान मंसूरी, शादाब फेज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अवैध खैर लकड़ी से भरी टाटा मैजिक गाड़ी पानी में गिरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट बढ़ापुर क्षेत्र से अवैध रूप से खैर की लकड़ी ला रही एक टाटा मैजिक गाड़ी मंगलवार देर रात हरेवली बैराज के तटबंध पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिर गई। गाड़ी चालक शीशा तोड़कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात टाटा मैजिक गाड़ी अवैध खैर लकड़ी ला रही थी। तेज गति और घने कोहरे के कारण गाड़ी हरेवली बैराज पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और हाइड्रा की मदद से गाड़ी को पानी से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि गाड़ी में अवैध खैर लकड़ी भरी थी। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रकरण में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बीएलओ ने आलेख्य मतदाता सूची का किया प्रकाशन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर के आचार्य आर.एन.केला इंटर कॉलेज में बूथ लेबल अधिकारी बीएलओ द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, बूथ संख्या 251, 252, 253 और 254 पर सभी बी. एल.ओ. के द्वारा आलेख्य सूची का प्रकाशन हुआ,



एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी बूथ लेबल अधिकारी की उपस्थिति का निरीक्षण भी किया। एसडीएम द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर में आगामी माह में दावे-आपत्तियों और नए मतदाता के फॉर्म, संशोधन और स्थानांतरण फॉर्म को भरने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आचार्य आर.एन.केला इंटर कॉलेज मतदाता केंद्र में बीएलओ

# बिजनौर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर सख्त, नगर निकायों को दिए कड़े निर्देश

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनमानस को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक है कि नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन तथा पेयजल पाईप लाईन की नियमित चेंकिग की जाए तथा यदि कहीं पर सीवर अथवा पेयजल पाईप लाईन में ब्रेकेज अथवा लीकेज पाई जाती है तो उसे तत्काल सही कराया जाए। जलापूर्ति से सम्बन्धित पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो।




जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि जनमानस को अनवरत स्वचछ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए पेयजल व्यवस्था से जुडे नलकूप, हैण्डपम्प, पाईप लाईन, टंकी एवं अन्य उपकरणों का संचालन इस तरह सुनिश्चित कराया जाए कि पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ता द्वारा उपयोग प्वाइंट पर जल के नमूने एकत्र कर उनका नियमित रूप से ओ०टी० परीक्षण किये जाने तथा नमूनों का बायरोलॉजिकल, बैक्टीरियोजॉजिकल एवं कैमिकल एनालिसिस भी किया जाए। इसके अतिरिक्त पुरानी पाइप लाइन को बदलने की कार्यवाही प्राथमिकता पर कराने एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति के सम्बन्ध में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासन के निदेर्शों के अनुक्रम में सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी निकाय क्षेत्रान्तर्गत सीवर अथवा पेयजल पाईप लाईन में ब्रेकेज अथवा लीकेज को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सही कराएं तथा ओवर हैण्डटैकों की समुचित साफ सफाई कराते हुए, ओवर हैण्डटैकों पर सफाई कराये जाने का दिनॉक भी अंकित किया जाये एवं नियमित रूप से जल के नमूने को एकत्र कर उनका ओ०टी० परीक्षण किये जाने तथा नमूनों का बायरोलॉजिकल, बैक्टीरियोजॉजिकल एवं कैमिकल एनालिसिस कराते हुए, कृत कार्यवाही से तीन दिवस अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय, बिजनौर को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी तथा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मौजूद थे

## मोबाइल की दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित मोबाइल की दुकान में अचानक भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना के काफी देर बाद पहुंची अग्निशमन टीम काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन टीम के देर से पहुंचने पर लोगों में रोश व्याप्त रहा। मोबाइल की दुकान में लगी आग से लाखों रुपए के मोबाइल व सारा सामान जल कर राख हो गया। दुकान स्वामी के मुताबिक आग लगने से उसका 20 से 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। नजीबाबाद के स्टेशन मार्ग पर स्टेट बैंक के निकट सिटी मोबाइल की दुकान में रात्रि लगभग 9 बजे बंद दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हालाकि लोगों ने पुलिस एवं अग्निशमन टीम को सूचना देते



हुए खुद ही आग बुझाने के प्रयास किया लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि आग को बुझाना काफी मुश्किल था. अग्निशमन प्रभारी केएस जादौन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया दुकान स्वामी शाह फैज निवासी कल्हैडी ने बताया कि वह अपनी दुकान लगभग 8 बजे बंद कर के गया था, घर पहुंचने के थोड़ी देर बाद ही उसको आग लगने की सूचना मिल गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक आग अपना काम कर चुकी थी। मौके सराय चैकी प्रभारी सौरभ सिंह, हेड का. नेत्र पाल राठी अपनी टीम के साथ पहुंचे और आस पास की दुकानों को जद में आने से बचाया। आग क्यों और कैसे लगी इसका पता नहीं चल पा सका है। सूचना पर चैयरमेन इंजीनियर मुअज्जम भी मौके पर पहुंचे और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## पेंशनर्स कल्याण संस्था की नई कार्यकारिणी गठित, शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**लखीमपुर खीरी समाज जागरण**
**संवाददाता**

उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की जनपद शाखा की बैठक सोमवार को पेंशनर्स भवन, जिला कोषागार परिसर में राम टहल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया।

बैठक को नरेश चंद्र वर्मा, आशाराम वर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, रघुनंदन झा, रियाज अहमद, अनिल बाजपेई एवं संत कुमार वर्मा ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, पेंशनर्स की समस्याओं एवं उनके समाधान पर अपने विचार रखे। बैठक में सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



इस अवसर पर जनवरी 2026 माह में जन्म लेने वाले संस्था के 53 सम्मानित सदस्यों का जन्ममास हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी गईं।

बैठक में संस्था की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा सभी पदाधिकारियों को विधिवत शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक आर. पी. त्रिपाठी को विशेष रूप से उत्तरीय ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर एवं संस्था की पत्रिका पेंशनर्स दर्पण भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक का सफल संचालन डॉ. सुशीला सिंह ने किया। अंत में अध्यक्ष राम टहल वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## लायन्स क्लब उपकार ने सदस्यों को किया सम्मानित, तीन नए सदस्यों ने ग्रहण की सदस्यता

लखीमपुर खीरी` समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह

शहर के एक सभागार में लायन्स क्लब उपकार द्वारा भव्य सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लायन्स क्लब इंटरनेशनल के अध्यक्ष लायन ए. पी. सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें सेवा, सम्मान और सौहार्द का भाव प्रमुख रूप से दिखाई दिया।

सभा के दौरान लायन्स क्लब उपकार में तीन नए सदस्यों–विशेष प्रताप देव, श्याम जी शेखर एवं संजय गुप्ता–ने सदस्यता ग्रहण की। इनके प्रायोजक एवं संस्था के पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने उन्हें संस्था की सेवा गतिविधियों, उद्देश्यों और कार्यशैली से परिचित कराया।

इस अवसर पर संस्था के तीन पूर्वाध्यक्षों–राजवीर सिंह, लायन सुरेंद्र तोलानी एवं एच. एस. पहवा– को लायन्स क्लब की आजीवन एमजेएफ उपाधि हेतु सहयोग प्रदान करने पर सम्मानित किया गया। इन पूर्वाध्यक्षों ने लायन्स इंटरनेशनल फंड में प्रति व्यक्ति 1000 डॉलर का योगदान दिया है, जिसके माध्यम से यह उपाधि प्रदान की जाती है। यह फंड विश्व में कहीं भी होने वाली त्रासदियों, बच्चों के कैंसर उपचार,



विजन व हंगर कार्यक्रमों तथा पर्यावरण संरक्षण सहित आठ वैश्विक सेवा क्षेत्रों में उपयोग किया जाता है।

इसी क्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन इंटरनेशनल क्लब्स ट्यूनिंग प्रोग्राम आर्येन्द्र पाल सिंह को उनके अंतरराष्ट्रीय मैत्री प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही सभा में उपस्थित संस्था से जुड़े चिकित्सक डॉ. नित्य मेहरोत्रा सहित अन्य सदस्यों को भी सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और माहौल को उत्सवपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव अमर सिंह, कोषाध्यक्ष कविता अग्रवाल, पूर्वाध्यक्ष विशाल सेठ, राजवीर सिंह, आर्येन्द्र पाल सिंह, राम मोहन गुप्त, आकाश गर्ग, राज कुमार सक्सेना, मनीष बरनवाल, कौशल किशोर वर्मा, शिशिर अवस्थी, गोपाल जी पुरी, प्रसून टंडन, डॉ. नित्य मेहरोत्रा, कुलदीप गुप्ता, एडवोकेट अखिलेश सिंह, अमित सिंह, आलोक अग्रवाल, नागेन्द्र प्रजापति, रजिंदर सिंह आजमानी, अमित मिश्रा, अनिल अग्रवाल, रचना सिंह, आरती सिंह, अर्चना सिंह, अंजू सक्सेना, रविंदर कौर आजमानी, शिल्पी बरनवाल सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

# ओवरलोड ट्रक जब्त, प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नायब तहसीलदार राजकमल की अगुवाई में नूरपुर रोड पर जिओ पेट्रोल पंप के निकट बजरपुर से भरा एक ओवरलोड ट्रक पकड़ा गया जांच में ट्रक निर्धारित भार क्षमता से काफी अधिक लदा हुआ पाया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर थाना नहटौर के सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई के समय नायब तहसीलदार स्योहारा विजय कुमार, नायब तहसीलदार धामपुर कपिल आजाद तथा लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि



मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। नायब तहसीलदार राजकमल ने बताया कि ओवरलोड वाहन सड़कों की स्थिति बिगाड़ने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं। इससे आम जनता की जान-माल को खतरा रहता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। यह कार्रवाई जिले में सड़क सुरक्षा और अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासन की सख्ती को दशार्ती है।

## चूल्हे से लगी आग, मजदूर के घर का सारा सामान जलकर राख

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर नगर के मोहल्ला होलियान में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर में चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, मजदूर योगेंद्र सैनी के घर में उनकी पत्नी चूल्हे पर खाना बना रही थीं। अचानक वह वहां से हट गईं, जिसके कारण चूल्हे की आग घर में फैल गई। धुआं उठता देख आसपास के लोगों को



आग का पता चला। घर में मौजूद लोगों ने शोर मचाया, तो मोहल्ले के निवासी मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों और अन्य उपलब्ध साधनों से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। आग से घर में रखे बिस्तर, कपड़े, दो हजार रुपये नकदी, एक मोबाइल फोन, चारपाई और खाने-पीने का सामान सहित लाखों रुपये का घरेलू सामान जल गया। गृहस्वामी योगेंद्र सैनी, जो दिहाड़ी मजदूर हैं, ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह हादसा उनके परिवार के लिए बड़ा झटका है। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंचे। मामले की जांच की जा रही है।

## भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सीएमओ ने की समीक्षा, थारू जनजाति को मिल रहा संस्थागत प्रसव का लाभ

**लखीमपुर खीरी समाज जागरण**
**कुलदीप सिंह**

भारतझ्रनेपाल सीमा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता ने बुधवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पलिया एवं चंदन चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में चल रहे टीकाकरण अभियान की प्रगति की जानकारी ली। सीएचसी चंदन चौकी में आईपीडी (इनडोर पेशेंट डिपार्टमेंट) सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यहां उपलब्ध ईसीजी सेवा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुविधा दूरस्थ एवं जंगल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए हृदय संबंधी रोगों की समय पर जांच और उपचार में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। सीएमओ ने बताया कि चंदन चौकी सीएचसी भारतझ्रनेपाल सीमा पर स्थित होने के कारण इसका विशेष




महत्व है। यहां भारतीय नागरिकों के साथ-साथ नेपाली नागरिकों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। जंगल और सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण थारू जनजाति के लोगों को संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सीएचसी चंदन चौकी पर दंत सेवाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन, प्रत्येक शनिवार को दंत रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को दांतों से संबंधित उपचार की सुविधा मिल सके।

इसके उपरांत सीएमओ ने सीएचसी पलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी, औषधि कक्ष, ओपीडी, टीकाकरण कक्ष, कोल्ड चैन रूम एवं वार्डों का जायजा लिया। साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक स्थानों पर रूम हीटर और ब्लोअर लगे पाए गए।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. भरत सिंह को निर्देशित किया गया कि शीत लहर को देखते हुए रैन बसेरों का नियमित भ्रमण किया जाए तथा अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि भीषण ठंड में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को राहत मिल सके।

## निघासन में गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर भव्य नगर कीर्तन, श्रद्धा और उल्लास से गूंजा नगर

**लखीमपुर खीरी समाज जागरण**
**संवाददाता कुलदीप सिंह**

दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के पावन प्रकाशोत्सव के अवसर पर निघासन नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन की शुरूआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया। नगर कीर्तन के स्वागत में नगरवासियों ने जगहझ्रजगह फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। शोभायात्रा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को आकर्षक रूप से फूलों से सजाया गया था। पालकी के आगे चल रहे पंच प्यारे श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का विशेष केंद्र बने रहे।



नगर कीर्तन में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं श्रद्धालु मार्ग पर झाड़ू लगाकर सेवा भाव से शामिल हुए, जिससे संगत की गुरुभक्ति और अनुशासन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। शोभायात्रा के दौरान गुरु जी की महिमा का गुणगान करते हुए भारी संख्या में संगत शामिल रही।

नगर कीर्तन में शामिल गतका पार्टी द्वारा दिखाए गए हैरत-अंगेज करतबों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं नगर कीर्तन के दौरान गुरु का अटूट लंगर लगाया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

पूरे नगर में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे गूंजते रहे और माहौल पूरी तरह धार्मिक आस्था, भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया।

## साइबर ठगी गिरोह का पुलिस ने किया पदार्फाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

*** 12 लाख 22 हजार पांच सौ रुपए की ठगी का हुआ खुलासा,**
*** 4 मोबाइल फोन बरामद**

**समाज जागरण**

बहजोई। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना बहजोई पुलिस द्वारा म्यूल अकाउंट धारकों एवं संलिप्त संदिग्धों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 04 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पुलिस ने ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अंतरजनपदीय साइबर ठगी गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने थाना बहजोई क्षेत्र से 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं,



जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी में किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने विभिन्न बैंकों में फर्जी तरीके से 10 बैंक खाते खुलवाए थे। जांच में सामने आया कि इन खातों के माध्यम से देश के 11 राज्यों में कुल 25 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। इन मामलों में करीब 12 लाख 22 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी की गई। खातों में लगभग 17 लाख रुपये क्रेडिट हुए, जिनमें से 16 लाख रुपये अभियुक्तों द्वारा निकाल लिए गए। वर्तमान में भी खातों में 1 लाख 18 हजार रुपये संदिग्ध पाए गए हैं, जिनकी जांच जारी है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि अभियुक्त भोले-भाले लोगों के मोबाइल फोन हैक कर उनके संपर्कों में मौजूद लोगों से खुद को परिचित बताकर बीमारी, दुर्घटना या आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ऐंठते थे। कुछ मामलों में पीड़ितों को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी भी दी गई। गिरफ्तार अभियुक्त में शाहरूख पुत्र मुस्तकीम, सलमान पुत्र शकील, अमान पुत्र शकील, गुड्डू राघव पुत्र रतनमान, पवन पुत्र तेजराम सभी निवासी ग्राम भवन, थाना बहजोई, जनपद सम्भल के निवासी है। सम्भल पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओटीपी, पिन या बैंक विवरण किसी से साझा न करें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें या नजदीकी थाने अथवा साइबर सेल से संपर्क करें।

# शिक्षक संगठन ने प्रशासनिक अधिकारियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नव वर्ष के अवसर पर संगठन की ओर से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सदर विधायक भूपेश चौबे, अपर जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी के साथ शिक्षकों की समस्याओं, विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं, जर्जर भवनों और विद्यालयों के सौंदर्यीकरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण के लिए संतोषजनक आश्वासन दिया। चर्चा में संगठन के प्रतिनिधिमंडल में योगेश कुमार पाण्डेय (राष्ट्रीय संगठन सचिव AIPTF/प्रदेश संगठन मंत्री/ जिला अध्यक्ष UPPSS सोनभद्र), जिला संरक्षक जयप्रकाश राय, जिला महामंत्री हुकुमचंद, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राजेश द्विवेदी, रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक अध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौबे, दुद्धी ब्लॉक अध्यक्ष भोलानाथ अग्रहरि, बभनी ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रजीत सिंह और घोरावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा उपस्थित रहे।



# केनरा बैंक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक आश्रित को दो लाख का चेक सौंपा

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। केनरा बैंक की राबर्ट्सगंज शाखा स्थित में मंगलवार को शाखा प्रबंधक आरिफ अब्बास और सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के पिता सीताराम को 2 लाख का चेक सौंपा गया। मृतक रविन्द्र का विगत 30 सितम्बर को सड़क हादसे में घायल हो गए जिनका इलाज निजी हॉस्पिटल में चल रहा था इलाज के दौरान उनका 4 अक्टूबर को देहांत हो गया था। जो सिद्दिकला के भदोही गांव के निवासी थे। प्रबंधक ने बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व रविन्द्र ने बैंक मित्र शक्ति पाल के द्वारा 436 रुपए का बीमा का भुगतान कर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। उसके 4 वर्ष बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने मुआवजा राशि के लिए बैंक मित्र व शाखा प्रबंधक से संपर्क किया। जिस पर बैंक प्रबंधन विभागीय प्रक्रिया पूरी कर मृतक के आश्रित को दो लाख की राशि का चेक सौंपा। मौके पर सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, शाखा प्रबंधक आरिफ अब्बास, सहायक प्रबंधक धर्मवीर सिंह, लोन अधिकारी जितेंद्र यादव, पवन कुमार गुप्ता, बैंक मित्र शक्ति पाल, संदीप कुमार के साथ कर्मचारी मौजूद रहे।



# रक्तदान शिविर का आयोजन 9 जनवरी को

**अभय सिंह पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्सव ट्रस्ट एवं सोनभद्र बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से सोनभद्र बार एसोसिएशन परिसर में स्वेच्छा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

उत्सव ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी आशीष कुमार पाठक एडवोकेट ने बताया कि प्रभारी रक्त केंद्र स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोनभद्र की ओर से उमेश चौबे विसीटीवी वैन को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक चिकित्साधिकारी डॉक्टर शुभम जैश, स्टाफ नर्स सरोजा देवी, डॉक्टर रवींद्र प्रसाद काउंसलर, एलटी अभय कुमार व अखिलेश सिंह व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश केशरी को साथ लेकर वैन से रक्तदान स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों, कर्मचारियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं के साथ ही आमलोगों से स्वेच्छा रक्तदान करने का आग्रह किया है।



# मानक के विपरीत हो रहा सड़क निर्माण कार्य, ग्रामीणों ने किया जमकर प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने किया गुणवत्ता परक सड़क निर्माण कराये जाने की मांग

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन के खेमपुर में मिली जानकारी के अनुसार पी डब्लू डी से लगभग 500 मीटर खेमपुर से चतरखड़िया मार्ग सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें जमकर मानक की अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिना साफ सफाई किए मानक के विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो जाँच का विषय है। स्थानीय लोगों की मांग किया है सड़क का निर्माण मानक के अनुरूप गुणवत्तापरक किया जाय जिससे सड़क क्षतिग्रस्त न हो और सरकारी धन की बबार्दी न हो। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य आनंद सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमलेश यादव, शशि शेखर, राजू सिंह, अजय सिंह, विपिन सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।



# तेलगुडवा से कोन सडक निर्माण मे देरी पर सौंपा गया ज्ञापन

## अच्छी रोड और समय से बने रोड- आनन्द पटेल दयालु

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। तेलगुडवा से कोन तक सडक निर्माण कार्य मे हो रही अत्यधिक देरी को लेकर लोक निर्माण विभाग पर दबाव बढता जा रहा है इसी क्रम मे प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच अपना दल एस आनन्द पटेल दयालु के नेतृत्व मे अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन मे बताया गया कि उक्त सडक निर्माण कार्य का टेंडर लगभग एक वर्ष पूर्व हो चुका है लेकिन कार्य की गति अत्यन्त धीमी है जिससे क्षेत्रीय जनता मे असंतोष व्याप्त है आनन्द पटेल दयालु ने अवगत कराया कि इस सडक की स्वीकृति के लिए उनकी टीम द्वारा लम्बे समय तक संघर्ष किया गया था उप जिलाधिकारी जिलाधिकारी मण्डलायुक्त खनन अधिकारी को ज्ञापन देने से लेकर जन हस्ताक्षर अभियान तक चलाया गया इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय आशीष पटेल जी के पत्राचार के उपरान्त सडक स्वीकृत हो सकी। उन्होंने कहा कि इतने लम्बे संघर्ष के बाद भी यदि निर्माण कार्य धीमी गति से चलता है तो यह आम नागरिको के लिए कष्टकारी होने के साथ सरकार की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न खडा करता है ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ठेकेदार को स्पष्ट और कठोर निर्देश जारी कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए मानक के अनुरूप कार्य न होने की स्थिति मे विभागीय लापरवाही मानी जाएगी इस दौरान प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच जनाब महताब आलम जिला उपाध्यक्ष जनाब शिबू शेख तथा जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना विकास घटक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व संगीत महोत्सव का होगा भव्य आयोजन: सुशील मिश्रा

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में 10 जनवरी शनिवार की शाम 6 बजे विवेकानंद प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व संगीत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। संस्था के अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने बताया कि ओज के शिखर, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ कवि कमलेश मिश्र राजहंस जिनका सारस्वत नागरिक अभिनन्दन होगा। इसके अलावा कई नामचीन हस्तियों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आजमगढ़ से शायर अहमद आजमी, प्रयागराज से शारिक मखदूम फूलपुरी, भदोही से संदीपकुमार बालाजी के अलावा जनपद की श्रेष्ठ कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान, गीतकार ईश्वर विरागी, प्रदुम्न त्रिपाठी, अशोक तिवारी धर्मेश चौहान, विवेक चतुवेर्दी, सुनील चौचक, दयानंद दयालू, दिलीप सिंह दीपक, जयराम सोनी, प्रभात सिंह चंदेल चंदौली से शिवदास कवि समेत अन्य कविगण काव्य पाठ करेंगे। वहीं सरस संगीत का आयोजन कवि सम्मेलन के बाद रात्रि 8 बजे से 11 बजे रात्रि तक होगा, जिसमें नामचीन गायकों, वादकों की उपस्थिति रहेगी। पूर्वांचल के माने जाने भोजपुरी गायक चंदन सिंह मधुर, बिहार से लोक गायिका रेशमी शर्मा अपने म्यूजिक ग्रुप संतोष मौर्या समेत पदार्पण कर रहे हैं।

# घोरावल विधायक ने लोहरा नहर से गुलरहवा चंदौली बार्डर तक सड़क का किया शिलान्यास

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के करमा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा लोहरा (नहर) के पास वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग से गुलरहवा चंदौली बार्डर तक बनने वाले सड़क का शिलान्यास विधान सभा घोरावल के विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य के द्वारा बुद्धवार की दोपहर में किया गया। अनुमानित लागत लगभग पांच करोड़ अठहत्तर लाख रुपए से लगभग साढ़े पांच मीटर चौड़ा सड़क पीडब्ल्यूडी से पास किया गया है। गौरतलब है कि यह सड़क आजादी के बाद से दूसरी बार बनने जा रहा है। इससे पहले इस सड़क की इतनी दुर्दशा हो गई थी कि गाड़ी तो छोड़िए पैदल जाना भी दूभर हो गया था। सड़क निर्माण हेतु एडवोकेट चंद्रप्रकाश मौर्य के द्वारा कई बार संबंधित विभाग सहित जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया लेकिन इसमें बहुत समय लग गया। लेकिन एडवोकेट चन्द्रप्रकाश मौर्य तथा अखण्ड भारत चैरिटेबल ट्रस्ट व स्थानीय लोगों द्वारा मीडिया का सहारा लेते हुए समस्या को बड़े स्तर पर उठाया गया जिसको घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य ने संज्ञान में लेकर तत्काल लेटर लिखकर सरकार से उक्त सड़क के निर्माण की स्वीकृति की मांग कर दिया गया। और लगभग छः महीने बाद इस सड़क का प्रस्ताव स्वीकृत कर पीडब्ल्यूडी को सौंप दिया गया। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य के इस फैसले से बहुत उनकी सराहना करते दिखे तो वहीं इस शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य को अखण्ड भारत चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और सड़क के स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया।



# चोपन नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी का हुआ स्थानांतरण, अखिलेश सिंह ने संभाला कार्यभार

**राहुल शर्मा/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। नगर पंचायत ओबरा के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल, जो चोपन नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे थे, को शासन द्वारा स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं शासन के निर्देश पर नगर पंचायत डाला के अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह को चोपन नगर पंचायत एवं ओबरा नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके क्रम में बुधवार को अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने नगर पंचायत चोपन पहुंचकर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली और सभासदों ने अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह का स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देना, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए अधिशासी अधिकारी के सहयोग से चोपन नगर पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। वहीं अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत चोपन एवं ओबरा में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

इस दौरान सभासद दिव्यविकास सिंह, सलीम कुरैशी, अनिकेत रावत, नरेश यादव, सुशील कुमार, नागेंद्र यादव, रामपरीखा विश्वकर्मा, अनिल जायसवाल, पंकज बिंद, लिपिक अंकित पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# महिला उत्पीड़न का गंभीर मामला, पति और सास पर मानसिक प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी का आरोप

**अभय सिंह पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र/करमा। जिले के थाना करमा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदैनिया की रहने वाली विवाहिता आरती लिपाठी ने अपने पति और सास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि विवाह के बाद से ही उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे वह पिछले एकझ्दो वर्षों से अपने मायके में रहने को मजबूर है।पीड़िता आरती लिपाठी का विवाह 5 फरवरी 2022 को ओबरा सेक्टर-8 निवासी परिक्षित दुबे पुत्र कृष्णकांत दुबे के साथ हुआ था। इस दंपति की एक दो वर्षीय पुत्री वेदिशका भी है। आरती के अनुसार पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के चलते मामला वर्तमान में पारिवारिक न्यायालय में विचाराधीन है।

आरती ने आरोप लगाया है कि न्यायालय में मामला चलने के बावजूद उसका पति लगातार मोबाइल फोन, व्हाट्सएप और प्रत्यक्ष रूप से मायके आकर अश्लील गालियां, अपमानजनक टिप्पणियां और जान से मारने की धमकियां दे रहा है। पीड़िता का कहना है कि इस मानसिक उत्पीड़न में उसकी सास पुष्पा दुबे भी पूरी तरह से सहयोग कर रही हैं। पीड़िता ने बताया कि वह हर दिन भय और तनाव के माहौल में जीने को मजबूर है। मानसिक प्रताड़ना इस कदर बढ़ चुकी है कि उसका सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। आरती का यह भी आरोप है कि उसने इस संबंध में अपने नजदीकी थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। महिला उत्पीड़न के इस मामले ने स्थानीय स्तर पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि जब पीड़ित महिलाएं थानों के चक्कर काटने को मजबूर हों और सुनवाई न हो, तो न्याय कैसे मिलेगा?अब देखना यह होगा कि प्रशासन और पुलिस इस गंभीर आरोप पर कब संज्ञान लेते हैं और पीड़िता को न्याय व सुरक्षा मिलती है या नहीं।





# बहुत घरों में नहीं लगा नल, ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा पीने को पानी

## नगवां ब्लाक क्षेत्र के दर्जनों गांवों का हाल।

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। जल जीवन मिशन से पानी सप्लाई किया जा रहा है लेकिन बहुत घरों में नल ही नहीं लगाया गया, और कागज में सभी घरों को पानी सप्लाई किया जा रहा है। जल जीवन से सभी घरों को पानी देना है, क्षेत्र के कर्मचारियों की लापरवाही कुछ घरों को छोड़ दिया गया और आज तक वहां पर जल नल नहीं लगाया गया।जिस घर में जल नल नहीं लगाया गया उन घरों में पानी कहां से आता होगा यह सोचने की बात है। ग्राम पंचायत से अब एक भी हैंडपंप का बोरिंग और नया बोरिंग नहीं किया जा रहा है। नगवां ब्लाक क्षेत्र के खलियारी, पंडरी, रायपुर, सुअरसोत, तेनूडाही आदि दर्जनों गांवों में ऐसा देखने को मिल है कि बहुत घरों कों छोड़ दिया गया है।अब उन घरों में पानी कहां से आए। खलियारी के ग्रामीणों राजकुमार, विमलेश कुमार, अवधेश कुमार कुशवाहा आदि ने बताया कि हमारे घर पर आज तक जल नल नहीं लगाया गया हम लोग क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को बहुत बार अवगत कराया मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायत भी किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया, और आज तक हम लोग पीने के लिए पानी यहां वहां से लाकर पी रहे हैं। इस सम्बन्ध में नगवां खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि यह विभाग हमारे कवरेज में नहीं आता फिर भी हम लेटर जारी करेंगे। जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर गजेन्द्र पांडेय ने कहा कि जल निगम से संस्तुति मिलने के बाद ही उन घरों में पानी सप्लाई के लिए कार्य किया जा सकता है। इसके बाद जल निगम के जुनियर अभियंता विवेक सिंह ने बताया कि हमे जानकारी नहीं है हम नाम नोट कर लें रहे हैं तत्काल इसकी जांच कराएंगे और जहां घरों में पानी सप्लाई नहीं हो रहा है वहां पर जैसे भी सम्भव होगा पाइप लाइन से नल लगाकर पानी सप्लाई किया जाएगा।



# यातायात सुरक्षा नियमों के पालन का लिया गया सामूहिक संकल्प

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं ईश्वर प्रसाद लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यातायात सुरक्षा नियमों के पूर्ण पालन का दृढ़ संकल्प लिया। विश्वविद्यालय परीक्षा के उपरांत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी को सामूहिक शपथ दिलाई गई।

**शपथ के अंतर्गत यह संकल्प लिया गया कि–**

- दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनेंगे
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे
- एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहनों को तत्काल मार्ग देंगे
- सड़क दुर्घटना से प्रभावित किसी भी व्यक्ति को तुरंत चिकित्सालय पहुँचाने में सहयोग करेंगे
- लाल, पीली एवं हरी बत्ती के नियमों का पूर्णतः पालन करेंगे

इस अवसर पर डॉ. विमलेश कुमार त्रिपाठी, राजेश कुमार द्विवेदी, मृत्युंजय नारायण, विमलेश कुमार पाठक, श्रीमती गीता देवी मौर्य, विनय प्रजापति, बृजेश सिंह पटेल, कार्यालय अधीक्षक विनीत पाण्डेय, भोलानाथ मिश्र, श्रीमती सरिता देवी, रामजी तिवारी, श्री पाण्डेय जी सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी यातायात नियमों के पालन की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता, मानवीय संवेदनशीलता तथा अनुशासित नागरिक आचरण को सुदृढ़ करना रहा।



# सभी पर्चे वैध, किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया पर्चा वापस

- एसबीए चुनाव: 18 अधिवक्ता सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त
- चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद होगा मुकाबला
- 13 जनवरी को मतदान व 14 जनवरी को होगी मतगणना

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2026-27 के लिए बुधवार को पर्चो की जांच हुई, जिसमें सभी पर्चे वैध पाए गए, किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह एडवोकेट ने 18 अधिवक्ताओं को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। सिर्फ चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला होगा। जिसके लिए 15 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इसके लिए 13 जनवरी को मतदान होगा और 14 जनवरी को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए 18 अधिवक्ताओं को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसमें विजय प्रकाश पांडेय, रणाछोर प्रसाद पांडेय, कुशकान्त, रविंद्र नाथ पाठक, विनोद कुमार शुक्ला, विमल प्रकाश शुक्ला, अनिरुद्ध सोनी, आनंद ओझा, प्रदीप कुमार सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, आशीष कुमार पाठक, बृजकिशोर सिंह, अनूप कुमार पांडेय, अवधेश कुमार मिश्र, अंकित सिंह गौतम, अनिल कुमार पांडेय, संदीप कुमार पांडेय व संजय पांडेय एडवोकेट शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 15 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन्हीं पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी अशोक प्रसाद श्रीवास्तव, उमेश कुमार मिश्रा, हेमनाथ द्विवेदी, रमेश प्रसाद चौबे, लालता प्रसाद पांडेय व शेषनारायण दीक्षित एडवोकेट शामिल हैं । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अजय कुमार द्विवेदी व गोविंद प्रसाद मिश्र, महामंत्री पद के लिए चार प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, प्रभात कुमार मिश्रा, योगेश कुमार द्विवेदी व सुरेश कुमार पाठक एडवोकेट व कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों प्रदीप कुमार सिंह पटेल, वंशीधर पांडेय व सुधी नारायण देव पांडेय एडवोकेट शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 13 जनवरी को मतदान कराया जाएगा, वहीं 14 जनवरी को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।



# टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी का रोमांचक मुकाबला, मऊ ने कैफ एकेडमी शिवान को 3 रनों से हराया

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बुधवार को खेले गए मुकाबले में मऊ की टीम ने जबरदस्त संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए कैफ एकेडमी शिवान को 3 रनों से शिकस्त दी। मैच का निर्णय अंतिम ओवर तक पहुंचा, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 232 रन बनाए। मऊ की ओर से कुलदीप ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्कों व 10 चौकों की मदद से शानदार 112 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा अरुण ने 19 रन और गौरव ने 16 रनों का योगदान देकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैफ एकेडमी शिवान की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 229 रन बनाए, लेकिन अंत में टीम जीत से चूक गई। कैफ एकेडमी की ओर से कुलदीप ने 112 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अजय ने 21, अभय ने 19 और सौरभ ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में मऊ की ओर से विवेक ने 4 ओवर में 29 रन देकर 1 विकेट, रिंकू यादव ने 4 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट तथा आकाश ने 4 ओवर में 42 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। वहीं कैफ एकेडमी शिवान की ओर से अखिल यादव व रोहित ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए क्रमशः 3 व 4 विकेट झटके। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मऊ के कुलदीप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले में अंपायर की भूमिका शिवम दुबे एवं राजेश शर्मा ने निभाई, जबकि कमेंट्री रवि श्रीवास्तव ने की।

आयोजक मंडल ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत 8 जनवरी 2026 को अगला मुकाबला मऊ और भभुआ की टीमों के बीच खेला जाएगा।



# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सात दिवसीय कथा प्रचार हेतु निकाली संध्या फेरी

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कारों की पुनर्स्थापना एवं धर्ममय वातावरण के निर्माण हेतु आगामी 1 फरवरी से 7 फरवरी तक महाजन धर्मशाला में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नगर के विभिन्न मंदिरों से संध्या फेरियों का आयोजन किया जा रहा है।इसी श्रृंखला में मॉडल टाउन, कालांवाली मंडी से तीसरी संध्या फेरी श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली गई। संध्या फेरी का शुभारंभ श्री प्रदीप जैन (जिला प्रधान, आढ़ती एसोसिएशन सिरसा), श्री सूरजभान ठेकेदार, श्री अमरजीत (प्रधान, खाटू श्याम मंदिर), श्री चेत राम (पूर्व सरपंच, सावंत खेड़ा), श्री गुरदीप सिंह मेहना एवं श्री गुरपेज सिंह द्वारा नारियल फोड़कर एवं ध्वजारोहण के माध्यम से विधिवत रूप से किया गया। फेरी के दौरान साध्वी बहनों के द्वारा माता रानी के जयकारों, भक्ति



भजनों एवं देवी स्तुति से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। उन्होंने नगरवासियों को श्रीमद् देवी भागवत कथा में सहभागिता का भावपूर्ण आमंत्रण दिया।संस्थान के प्रवक्ता सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी चन्द्रशेखरानंद ने बताया श्रीमद् देवी भागवत कथा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह वर्तमान परिवेश में बढ़ते तनाव, नैतिक मूल्यों के ह्रास एवं सामाजिक विघटन के बीच मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शन भी प्रदान करती है। देवी भागवत हमें नारी शक्ति, करुणा, धैर्य और आत्मबल की महिमा से परिचित कराते हुए समाज को सकारात्मक सोच एवं संस्कारों से जोड़ने का संदेश देती है।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा निकाली जा रही संध्या फेरियां जन-जन में आध्यात्मिक जागरूकता उत्पन्न कर वर्तमान समय में धर्म, संस्कार और मानवीय मूल्यों की पुनः स्थापना का सशक्त प्रयास हैं।स्वामी जी ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया कि वे 1 से 7 फरवरी तक महाजन धर्मशाला में आयोजित होने वाली सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता रानी की कृपा प्राप्त करें।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है : सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी

**- कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने तोशाम में किया करोड़ों रुपए की पेयजल परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास**

**- कस्बे में जल भराव की समस्या का होगा स्थाई समाधान: सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी**

**- बरसाती जल निकासी परियोजना पर आएगी 5 करोड़ से अधिक की लागत, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने रखी आधारशिला**



**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल)**

बहल-तोशाम, 07 जनवरी। प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि तोशाम क्षेत्र को विकास के मामले में शिखर पर ले जाना और क्षेत्र की जनता की सेवा करना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि तोशाम हलके में विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी बुधवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में लोगों को सम्बोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इससे पहले सिंचाई मंत्री ने तोशाम में करीबन साढ़े 15 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सप्लाई लाइन विस्तार व नव निर्मित दो वाटर टैंकों का उदघाटन किया। कैबिनेट मंत्री ने 5 करोड़ 18 लाख की अधिक की राशि से बरसाती पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल योजना और एक करोड़ 68 लाख से अधिक की राशि से बीपीएल कॉलोनी में बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में पंहुचने पर एसडीएम प्रदीप अहलावत, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़, एसडीओ विक्रम पूनियां, एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, भाजपा नेता राजकुमार जांगड़ा, प्रदीप गोलागढ़, सरपंच राजेश तंवर ने पुष्प गुच्छ देकर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने भिवानी मार्ग पर स्थित कुलदीप मनसरवास के शोरूम का भी शुभारम्भ किया।

महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि स्व. चौधरी बंसीलाल व स्व. सुरेंद्र सिंह की इस कर्मभूमि पर जहां श्रीमती किरण चौधरी ने अपनी अथक मेहनत और प्रयास से पिछले 20 वर्षों से क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। उसी विकास को आगे बढ़ाना मेरा लक्ष्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही ऐसी सरकार है, जो बिना भेदभाव के प्रदेश के हर कोने में समान रूप से विकास कर रही है। किसान हो या युवा, महिला वर्ग हो या कर्मचारी मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों के लिए कार्य किये जा रहे हैं। सिंचाई मंत्री ने कहा कि नहरों की रीमॉडलिंग करवाकर लोगों को पेयजल और किसान की खेत में सिंचाई के लिए सभी नहरों में टेल तक पूरा पानी पहुंचाया जा रहा है।

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि आज तोशाम में करोड़ों रुपये की पेयजल योजनाओं एवं बरसाती पानी निकासी योजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि साढ़े 15 करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि से कस्बे में पेयजल सप्लाई लाइन बिछाने के साथ-साथ दो वाटर टैंकों का निर्माण किया गया है और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता भी बढाई गई है। उन्होंने बताया कि तोशाम में दो नए वाटर टैंकों का निर्माण होने से अब 8 करोड़ 44 लाख लीटर पानी की स्टोरेज क्षमता और बढ़ गई है।



जिसके साथ ही अब पानी की कुल स्टोरेज क्षमता 18 करोड़ 94 लाख लीटर से भी अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 4.54 एमएलडी से बढाकर अब 5.54 एमएलडी कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दोनों टैंकों के निर्माण व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाए जाने से तोशाम में स्वच्छ पेयजल सप्लाई निर्बाध रूप से हो सकेगी।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि कस्बे में आमजन को बरसाती सीजन में जल भराव की समस्या रहती थी। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ 18 लाख से अधिक की राशि से बरसाती पानी की निकासी के लिए बरसाती जल प्रणाली (डिस्पोजल) का शिलान्यास किया गया है। इस योजना के पूरी होने के उपरांत तोशाम में जल भराव की समस्या से लोगों को स्थाई रूप से निजात मिलेगी।

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को पीने का स्वच्छ पानी मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आज एक करोड़ 68 लाख से भी अधिक की राशि से बीपीएल कॉलोनी में बूस्टिंग स्टेशन का शिलान्यास किया गया है। इस बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण से लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी का उचित प्रबंध हो जाएगा।

इस मौके पर एसडीएम प्रदीप अहलावत, डीएसपी दलीप सिंह, एसई दिनेश राठी, कार्यकारी अभियंता नवीन देशवाल, सुरेंद्र सिंह, मनीष देशवाल, डीपीओ वैशाली, एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, ठाकुर अमर सिंह, दिलबाग निमड़ी,प्रदीप गोलागढ़, सत्यनारायण शर्मा, जयपाल चेयरमैन, अशोक देवराला,वासु शर्मा, सुभाष बापोड़ा, राजेश धनखड़,जयपाल चेयरमैन, अजय पंघाल, अक्षय भारीवास, सुंदर पाल तंवर, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष, अक्षय सारसर, मण्डल अध्यक्ष सतीश वर्मा,जगत कौशिक, कुलदीप महला, पूर्व चेयरमैन सुखबीर पंघाल, गुलशन काटपलिया,राजकुमार जांगड़ा, चेयरमैन चरणदेव महता, वाइस चेयरमैन सचिन, पूर्व सरपंच नानक चंद, पंकज बालकीय, सज्जन सडवा, वजीर डाडम, सुरेश लाठर, तोशिब खान, किरणपाल ढिल्लो, कुलबीर धायल, कृष्ण जांगड़ा सरपंच, पवन कतवार, पवन जांगड़ा,सरपंच राजेश तंवर, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा, औमपाल पंघाल, जेपी हसानियां, कुलवीर घायल, महेंद्र नंबरदार, सचिन किनरा, राजबीर नंबरदार, भूपेंद्र पिलानिया सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में की बजट पूर्व परामर्श बैठक, 2026-27 के बजट को लेकर हितधारकों से लिए सुझाव

**समाज जागरण**

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में दो सत्रों में आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक के दौरान विभिन्न हितधारकों और पेशेवरों के साथ सार्थक चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों के सुझाव सुने और उन्हें आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के लिए महत्वपूर्ण बताया।




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बैठकों में प्राप्त सुझाव सहभागी लोकतंत्र, सहयोगात्मक शासन और साझा उत्तरदायित्व का प्रतीक हैं। इन सुझावों से राज्य का बजट और अधिक प्रभावी, समावेशी और विकासोन्मुख बनाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से बजट तैयार कर रही है, ताकि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँच सके। बजट पूर्व परामर्श बैठकों के माध्यम से जनता और विभिन्न पेशेवर वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उन्हें बजट निर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

# हरियाणा सरकार ने अनुबंध कर्मचारी वेब पोर्टल को लेकर अनिवार्य प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का लिया निर्णय

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) वेब पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी विभागों, बोर्डों, निगमों एवं प्राधिकरणों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया है।

सरकार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार यह ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र 8 जनवरी को सुबह 11:00 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा, जिसमें संबंधित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।

इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य वेब पोर्टल से संबंधित प्रक्रियाओं, डेटा अपलोड, सेवा सुरक्षा प्रावधानों तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देना है, ताकि अनुबंध कर्मचारियों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और पोर्टल का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। हरियाणा सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह प्रशिक्षण अनिवार्य है और सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय पर इसमें भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं।

# "हरियाणा के औद्योगिक विकास के लिए बजट में नहीं होगी कोई कमी" – मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बजट पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए राज्य के औद्योगिक विकास को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हरियाणा के औद्योगिक विकास के लिए बजट प्रावधानों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने उद्योग विभाग के बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में उद्योग विभाग का बजट 806 करोड़ था, जिसे वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर 1951.43 करोड़ कर दिया गया है। इस राशि में से अब तक 873.51 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा—**

ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी सरकार औद्योगिक विकास को केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।




उन्होंने कहा कि उद्योगों के विस्तार, निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। राज्य में औद्योगिक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए नीतिगत सुधारों और बजटीय समर्थन को प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि आने वाले बजट में भी औद्योगिक विकास राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर केंद्रित होगा 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

**समाज जागरण**

फरीदाबाद। विश्वप्रसिद्ध सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला का 39वां संस्करण इस वर्ष विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर केंद्रित होगा। मेले के माध्यम से प्रादेशिक संस्कृति, लोक कला और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

मेले के इस संस्करण में कल्चरल नाइट के दौरान विशेष रूप से हरियाणवी कलाकारों की प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। इससे न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा, बल्कि हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिलेगी।



मेले के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा एवं मंथन बैठक की। बैठक में सुरक्षा, यातायात, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शिल्पकारों की सुविधाओं और पर्यटकों की सहूलियतों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूरजकुंड मेले को एक वैश्विक सांस्कृतिक मंच के रूप में और अधिक सशक्त बनाया जाए, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक भारत की विविधता, संस्कृति और आत्मनिर्भरता के संदेश से परिचित हो सकें।

# महाग्राम योजना में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई, 2 एसडीओ और 1 जेई निलंबित, 2 एक्सईन को चार्जशीट

**समाज जागरण**

डबवाली। महाग्राम योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में अनियमितताएं पाए जाने पर कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कड़ा रुख अपनाते हुए विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंत्री के आदेश पर 2 एसडीओ और 1 जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 2 एक्सईन को चार्जशीट करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

यह कार्रवाई डबवाली क्षेत्र के गांव गंगा से जुड़े मामले में की गई है। महाग्राम योजना के तहत गांव में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी जांच के बाद गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।



**कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि**

जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, भ्रष्टाचार या गुणवत्ता से समझौता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री के निर्देश के बाद संबंधित विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य परियोजनाओं की भी गुणवत्ता जांच की संभावना जताई जा रही है।

# शीतलहर को लेकर हरियाणा सरकार सतर्क, 'शीत लहर कार्य योजना' तैयार

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। उत्तर भारत में बढ़ती सर्दी और संभावित शीतलहर को देखते हुए हरियाणा सरकार ने शीत लहर कार्य योजना तैयार कर ली है। सरकार का उद्देश्य शीतलहर से होने वाले संभावित नुकसान को न्यूनतम करना और आमजन को समय रहते राहत उपलब्ध कराना है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने स्वास्थ्य, विकास एवं पंचायत, शिक्षा, कृषि, पशुपालन सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे समय रहते पुख्ता और समन्वित इंतजाम सुनिश्चित करें।

वित्तायुक्त ने कहा कि शीतलहर के दौरान विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, असहाय लोगों, किसानों और पशुओं को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इसके लिए रैन बसेरों, अलाव, गर्म कपड़ों, स्वास्थ्य सेवाओं और पशुओं के संरक्षण से जुड़े सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएं।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं, डॉक्टरों और आपात सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वहीं कृषि और पशुपालन विभाग को फसलों व पशुधन को शीतलहर से बचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया है।

हरियाणा सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि शीतलहर के प्रभाव को कम किया जा सके और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# उत्तर भारत में बढ़ती सर्दी और शीतलहर, घना कोहरा और पाले की चेतावनी जारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली / 07 जनवरी 2026। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर भारत में सर्दी और शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को लेकर जनता को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में कई राज्यों में सुबह के समय घना कोहरा, शीत दिवस और पाले की स्थिति बनी रह सकती है, जिससे सड़क यातायात और दैनिक जीवन प्रभावित हो सकता है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्वी भारत में अगले 5 से 7 दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके साथ ही अगले 2 से 3 दिनों में उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत (ओडिशा को छोड़कर) में शीत दिवस की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड और गंगा मैदानी पश्चिम बंगाल में अत्यधिक ठंड और शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी।

उत्तराखंड के कुछ क्षेत्रों में पाले की स्थिति भी दर्ज की गई है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, गंगा मैदानी पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में भी शीतलहर की संभावना बनी हुई है।




**विशेष चेतावनी:**

8 से 10 जनवरी के दौरान पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

7 और 8 जनवरी को पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी रह सकती है। गंगा मैदानी पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में 7 से 10 जनवरी के दौरान शीत दिवस की स्थिति रहेगी।

मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे 7 से 10 जनवरी के दौरान बंगाल की खाड़ी, श्रीलंका तट, तमिलनाडु और पुडुचेरी तट के पास समुद्र में न जाएं।

**तापमान की स्थिति:**

पिछले 24 घंटों में कई इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी कम रहा।

उत्तर भारत और हिमालयी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान कई जगहों पर 0त्ड से नीचे दर्ज किया गया।

मध्य भारत और गंगा मैदानी क्षेत्रों में तापमान सामान्य से 2-5त्ड कम रहा।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में मैदानी क्षेत्रों में सबसे कम तापमान 3.3त्ड दर्ज किया गया।

**पूवार्नुमान और सावधानियाँ:**

क्टऊ ने कहा है कि अगले दिनों में उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी भारत में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। मध्य भारत में अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3°C की धीरे-धीरे वृद्धि होगी, जबकि पूर्वी भारत में 3 दिनों के दौरान कोई खास बदलाव नहीं होगा। गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भी तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी।

मौसम विभाग ने आमजन से अपील की है कि सर्दी और कोहरे से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाएं। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और असहाय लोगों का ध्यान रखें। वाहन चालकों से कहा गया है कि घने कोहरे में सुरक्षित गति और हेडलाइट का उपयोग करें। इस शीतलहर और कोहरे के दौर में आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार, घरों में गर्म पानी और अलाव जैसी सावधानियाँ बरतने की सलाह दी गई है।

# रेलगाड़ी की चपेट में आने से महिला व पुरुष की मौत

**समाज जागरण कालांवाली, 07 जनवरी (सुरेश जोरासिया)**

कालांवाली रेलवे पुल के नजदीक रेलगाड़ी की लाईन पार करते समय महिला व पुरूष अचानक रेलगाड़ी की चपेट में आने से घटना घटित हो गई' दर्दनाक हादसा हो गया क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसकी जानकारी जैसे ही रेलवे पुलिस को मिली दोनो शवों को कब्जे में लेकर अगामी कार्यवाही शुरू कर दि गई' शुरूआती जांच में पाया कि

मृतक पुरुष मनप्रीत सिंह पुत्र सिमरा सिंह, निवासी गांव खतरावा, मनप्रीत सिंह शादीशुदा था' वहीं मृतक महिला सुखप्रीत कौर पत्नी काकू सिंह गांव पक्का शहिदां के रूप में हुई है। दोनों शवों को नागरिक हस्पताल सिरसा में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेलवे पुलिस तथ्यों की गहीनता से जांच कर रही है रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाऐगी' पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

# किसानों को समृद्ध बनाने में एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की अहम भूमिका: डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी

चंडीगढ़। किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड ने देशभर में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बात भारत सरकार के कृषि मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कही।




डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा कि एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से देश के सभी राज्यों में बेहतर कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है, जिससे किसानों को भंडारण, प्रोसेसिंग और विपणन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। इसके चलते किसान आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं। उन्होंने विशेष रूप से हरियाणा राज्य की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का लक्ष्य के अनुसार प्रभावी उपयोग किया है और इसके माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया गया है।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। भविष्य में भी इस फंड के जरिए कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी पर मंत्री की कड़ी निंदा, सदन की गरिमा बनाए रखने की मांग

**समाज जागरण**

नई दिल्ली / 08 जनवरी 2026। दिल्ली सरकार की एक वरिष्ठ मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष सुश्री आतिशी द्वारा विधानसभा में श्री गुरु तेग बहादुर जी पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। मंत्री ने कहा कि यह टिप्पणी न केवल सिख समाज, बल्कि पूरे देशवासियों की भावनाओं को आहत करने वाली है।

मंत्री ने बताया कि आज विधानसभा में उनके पास साथी मंत्रियों, विधायकगणों, समाज के प्रबुद्धजनों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष की इस टिप्पणी पर गहरी आपत्ति जताई और तुरंत कार्रवाई की मांग की।

मंत्री ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए न्यायोचित निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा, संवैधानिक मूल्यों और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उचित कार्रवाई करना आवश्यक है, ताकि ऐसी घटनाओं को भविष्य में दोहराया न जा सके।

**मंत्री ने इस अवसर पर कहा:**

"इस शर्मनाक और मयार्दाहीन टिप्पणी से सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है। हम आशा करते हैं कि विधानसभा अध्यक्ष उचित कदम उठाकर न्याय सुनिश्चित करेंगे।"

इस मामले ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर व्यापक चर्चा को जन्म दिया है, और सभी समुदायों से संवेदनशीलता और सम्मान के साथ संवाद की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है।

# गरीबों ,जरूरतमंदों की सेवा भगवान की सेवा के समान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। गरीबों ,असहायों ,जरूरतमंदों की सेवा भगवान की सेवा के समान होती है हर लोगों को उनकी सेवा कर पुण्य का भागी बनना चाहिये। उक्त बातें हरहुआ विकास खण्ड के राजापुर ग्राम पंचायत में राजभर बस्ती कुटिया पर आयोजित कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री मति अनुजा चौबे प्रधान ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। समाजसेवी परमेश नारायण चौबे ने कहा कि भीषण ठंड व गलन में गरीबों का सहारा बनना समय की जरूरत है। जो भी गरीबों को कम्बल मिला उनका चेहरा खिल उठा।



कम्बल वितरण समारोह में 700 कम्बल हरिजन बस्ती ,राजभर बस्ती ,रामजानकी बाजार समेत आठ पुरवे में कम्बक वितरित किया।

कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सदस्य मनोज कुमार ,रीना देवी,सागर ,राजेश राम ,रामपूजन राम, बंदना देबी व आलोक चौबे, मनोज यादव सहित क्षेत्र के समाजसेवी जन उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री के बगैर किसानों को नहीं मिलेगी कोई सुविधा

## *फार्मर रजिस्ट्री किसानों की डिजिटल पहचान।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी आज बुधवार को फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत हरहुआ विकास खंड के आयर साधन सहकारी समिति पर फार्मर रजिस्ट्री अभियान




रथ के माध्यम से किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी दी गई।

किसनो से बात करते हुए प्राविधिक सहायक कृषि कृष्ण कुमार मौर्य ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों का डिजिटल पहचान है। बिना रजिस्ट्री के कोई भी सरकारी सुविधा नही मिलेगी। हर तीन माह में आने वाला 'किसान सम्मान निधि' भी बंद हो जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री होम के बाद हर काम में सुविधा होगी। किसान क्रेडिट कार्ड बनाना आसान हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 20 जनवरी तक चलेगा। फार्मर रजिस्ट्री जन सेवा केंद्र, सहायक एप्प्स, सेल्फ एप्प्स एवं कृषि विभाग की पोर्टल पर करा सकते है। दया राम यादव, रामजी यादव, रामजी पांडेय, दुर्गा मिश्रा, लालजी, पप्पू यादव सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब थाना क्षेत्र के कृष्णदत्तपुर कोइलीपुर गांव में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान आर्यन सिंह पुत्र दिनेश सिंह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यन सिंह दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। बताया जा रहा है कि किसी कारणवश उसने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जब परिजनों ने उसे फंदे से लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

घटना की सूचना मिलने पर राजातालाब पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता दिनेश सिंह और माता नीलू सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए गांव के लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में जुटे हुए हैं। पुलिस के अनुसार फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिवपुर क्षेत्र में बंदरों का आतंक, बच्चे को किया घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। शिवपुर के न्यू अशोक विहार कॉलोनी निवासी डॉ जी एस मौर्या के नाती अथर्व मौर्या उम्र 6 वर्ष जो बुधवार को अपने घर से बाहर पतंग से खेलने के लिए जैसे ही घर से निकलकर गेट बंद कर ही रहा था कि अचानक एक बंदर ने पीछे से हमला कर दिया।



बच्चे ने अपने जख्म का परवाह न करते हुए हिम्मत दिखाई और बंदर से दो-दो हाथ किया फिर भी जानवर तो जानवर बच्चे को कई जगह काटकर घायल कर दिया। आजकल शिवपुर व आसपास के क्षेत्र में बंदरों के हमले तेज हो गए हैं।

## NSO ने जीडीपी ग्रोथ का अपना पहला अग्रिम अनुमान जारी किया, वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने की आस

चालू वित्त वर्ष में नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बीच अंतर 60 आधार अंक रह गया है जो वित्त वर्ष 2011-12 के बाद सबसे कम है राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आज जारी अपने पहले अग्रिम अनुमान में देश की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2026 में 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई है। वित्त वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। यह लगातार बाह्य बाधाओं के बावजूद अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता की ओर इशारा करता है।

हालांकि वृद्धि के दृष्टिकोण को जीडीपी डिफ्लेटर से मदद मिली है, जो 5 दशक के निचले स्तर 0.5 फीसदी पर है। इसी तरह वित्त वर्ष 2026 के लिए नॉमिनल जीडीपी में 8 फीसदी वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है जो कोविड महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2021 के बाद सबसे धीमी वृद्धि है। चालू वित्त वर्ष में नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बीच अंतर 60 आधार अंक रह गया है जो वित्त वर्ष 2011-12 के बाद सबसे कम है।

वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.4 फीसदी रहने का मतलब है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) में वृद्धि दर घटकर 6.9 फीसदी रहेगी जबकि पहली छमाही में यह 8 फीसदी थी।

पहले अग्रिम अनुमान में दिसंबर के लिए चुनिंदा प्रमुख संकेतकों के साथ-साथ अक्टूबर और नवंबर के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े को शामिल किया गया है। फरवरी से लागू होने वाले 2022-23 आधार वर्ष के साथ इन अनुमानों में संशोधन हो सकता है।

वित्त वर्ष 2026 में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है जिसका मतलब है कि शुद्ध अप्रत्यक्ष करों का मामूली सकारात्मक योगदान है। 8 फीसदी नॉमिनल जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2026 के लिए 10.1 फीसदी के बजट अनुमान से काफी कम है।

# भट्ठे पर काम कर रहे गरीब मजदूरों, वनवासी परिवारों में हुआ कंबल वितरण

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । जन विकास समिति मुर्दहा वाराणसी द्वारा बढ़ती ठंड व गलन को देखते हुए हरहुआ क्षेत्र के 10 भट्ठे और 7 ग्राम पंचायतों के गरीब बनवासी और काम कर रहे मजदूरों को कुल 1214 कंबल वितरण किया गया। जिसमें वाराणसी और गाजीपुर जनपद के 16 पंचायत रैचंदपुर, खारी, कुरौली, पुआरीकला, जैपार, जमालपट्टी, बेलासी, रसूलपुर के 9 भट्ठे और बेदी,तेवर, पुआरी खुर्द, खानपट्टी, सरसवा, गोसाईपुर और आयर के 7 बनवासी बस्तियों में प्रत्येक परिवारों को दो-दो कंबल वितरण किया गया।

संस्था के निर्देशक चंद्रन रेमंड्स ने कहा कि गरीबों की सेवा भगवान की




सेवा के बराबर होती है। सेवा कार्य किसी यज्ञ से कम नहीं होती। इस कार्य को पंचायतों के प्रधान, भट्ठा मालिको ने सराहना की।

संस्था के परियोजना अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने कहा कि गरीब दो जून की रोटी के लिए मेहनत तो करता है लेकिन एक अदद कम्बल नहीं खरीद पाता और हाड़ कपाती ठंड को झेलता है। सेवा धर्म निभाना हर सक्षम व्यक्ति का दायित्व है।

कम्बल वितरण कार्य संस्थान के सक्रिय साथी कार्यकताओं के सहयोग से किया गया।आगामी दिनों में अन्य गांवों के बीच गरीबों में कम्बल वितरित किया जाएगा।

# एसीपी पिंडरा के नेतृत्व में हरहुआ चौराहे पर चला विशेष चेकिंग, 20 वाहनों का हुआ चालान

## *अपराध नियंत्रण ,सड़क सुरक्षा,यातायात नियमों का पालन कराना रहा मुख्य उद्देश्य।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत हरहुआ चौराहे पर आज बुधवार को पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर एसीपी पिंडरा के नेतृत्व में शाम 5 बजे से 7 बजे तक पैदल गस्त कर वाहनों का विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

पैदल गस्त अभियान में गलत दिशा से आने वाहनों की जांच ,हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने,संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ व बिना नम्बर प्लेट वाहनों की गहन



चेकिंग में कुल 20 वाहनों का चालान व लगभग 37 हजार का आन लाइन चालान करते हुए सख्त निर्देश दिया गया कि पुनः पकड़े जाने पर वाहन जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जायेगी

पैदल गस्त में एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार ,हरहुआ पुलिस चौकी के एसआई रविंद्र नाथ दुबे, एसआई के0के0वर्मा, कांस्टेबल मुकेश चौहान व कांस्टेबल अभिषेक कुमार शामिल रहे।

# उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के सम्बन्ध में पुनःबोधात्मक प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर मे अर्थ एवं संख्या प्रभाग, नियोजन विभाग, उ०प्र० के निदेशों के अनुपालन में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण तथा अनिगमित सेक्टर के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के सम्बन्ध में पुनःबोधात्मक प्रशिक्षण दिनांक 06एवं 07 को राम नरायन यादव उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या), विन्ध्याचल मण्डल के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण भारत सरकार के बोधात्मक / उप क्षेत्रीय राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय वाराणसी के माटर ट्रेनर्स विकास सिंह, राजेश प्रसाद, धर्मपाल शास्त्री तथा बी०के०



सिंह वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यकम में मण्डल के तीनों जनपदों के कुल 07 पर्यवेक्षकों, 14 सर्वेक्षकों तथा सर्वे से सम्बन्धित मण्डल के अपर सांख्यिकीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मण्डलीय सांख्यिकीय अधिकारी राम नरायन यादव सहित इस प्रशिक्षण में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बाबूलाल, बब्बन प्रसाद, निशान्त मिश्रा तथा शशिकान्त उपस्थित रहें।

# विशेष किशोर पुलिस ईकाई( एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं की मासिक सम्चन्य गोष्ठी एंव कार्यशाला सम्पन्न

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महोदय (नोडल) एएचटी/एसजेपीयू, जनपद बलरामपुर की अध्यक्षता में एएचटीयू (एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग ) तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई/(एसजेपीयू) की समन्वय गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया

जिसमें मानव तस्करी , अनैतिक देह व्यापार एवं महिलाओं और बालकों के उत्पीडन, पाक्सो एक्ट की विवेचना के संबंध में व बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बालविवाह की रोकथाम एक युद्ध नशे के विरुद्ध के लिए कार्य योजना तैयार की गई तथा इस परिप्रेक्ष्य में प्रस्थापित नियमों एवं अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये गये। तथा समय झसमय पर इस सम्बन्ध में मा0 न्याया0 द्वारा पारित निर्णयों एवं उक्त क्रम में जारी शासनादेशो से अवगत कराया गया । उपरोक्त गोष्ठी व कार्यशाला में उपस्थित, 1-स्वास्थ्य विभाग से cmo डॉ अनिल कुमार चौधरी 2- किशोर न्याय बोर्ड से ( अध्यक्ष) श्री संतोष कुमार गुप्ता 3- CWC (अध्यक्ष )श्री प्रदीप कुमार गुप्ता 4- रइ50वी बटालियन से



असिस्टेंट कमांडेंट श्री जाधव भूषण भ्रार्तो 5 - SSB 9th बटालियन से निरीक्षक श्री राहुल रंजन 6 - आरपीएफ बलरामपुर से हे0का0 लाल जी, 7 - महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी श्रीअमरकांत, डिस्ट्रिक्ट कोवाडिर्नेटर -विशाल गुप्ता, 8- चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से प्रदीप जायसवाल, प्रिया श्रीवास्तव 9- ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से उमेश कुमार चौधरी, मोहिनी गुप्ता 10- देहात इंडिया से पवन कनौजिया, विशाल उनियाल 11 - भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान से देवता दीन पाण्डेय, पप्पू तिवारी 12- बचपन बचाओ आंदोलन से अमन शाही 13 - पंचशील समाज कल्याण संस्थान से ओमप्रकाश 14- समाज कल्याण विभाग से (कनिष्ठ सहायक) मंगलदीप 15- जगमोहन सेवा संस्थान से जाकिर हुसैन 16- वन स्टाप सेंटर से निरीक्षक श्रीमती विनीता चतुर्वेदी, श्रीमती मधु वर्मा, (केश वर्कर,)दीपिक तिवारी,केश वर्कर,म0आ0 शशी कुशवाहा व थानों के समस्त बाल कल्याण अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने प्रतिभाग किया ।

# गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में रिकॉर्ड निवेश, चार महीनों में AUM 2 लाख करोड़ के पार

अनुमान बताते हैं कि गोल्ड ईटीएफ ने दिसंबर में रिकॉर्ड 11,700 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया

सोने और चांदी के एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों (ईटीएफ) की संयुक्त प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) दिसंबर 2025 में 2 लाख करोड़ रुपये के पार चली गईं। इस तरह रिकॉर्ड निवेश और कीमती धातुओं की कीमतों में निरंतर तेजी के कारण केवल चार महीनों में ही परिसंपत्तियां दोगुनी हो गईं। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2025 की शुरूआत में कुल एयूएम 57,000 करोड़ रुपये थी जो सितंबर तक करीब दोगुनी होकर 1 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी। दोनों के ईटीएप में रिकॉर्ड निवेश के कारण उनकी एयूएम में तीव्र वृद्धि हुई है। अनुमानों के अनुसार दिसंबर 2025 में गोल्ड ईटीएफ में करीब 11,700 करोड़ रुपये का निवेश आया,जो एक कैलेंडर माह में अब तक का सबसे ज्यादा है। सिल्वर ईटीएफ में भी निवेश पिछले महीने दोगुना से अधिक बढ़कर 2,154 करोड़ रुपये से 4,700 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। दिसंबर के निवेश के साथ गोल्ड ईटीएफ में 2025 के दौरान कुल शुद्ध निवेश 43,000 करोड़ रुपये हो गया है। सिल्वर ईटीएफ के मामले में सालाना निवेश 24,200 करोड़ रुपये रहा।

2025 की दूसरी छमाही में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध निवेश का आंकड़ा म्युचुअल फंडों की सभी श्रेणियों में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा रहने संभावना है, जो फ्लेक्सी कैप फंडों के बाद दूसरे स्थान पर होगा। यह निवेश कीमती धातुओं की कीमतों में जारी तेजी के कारण हुआ है।

# गरीब असहायों की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है: विधायक डॉ. सुनील पटेल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के शहबाजपुर बढ़ईनी में बुधवार को रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने क्षेत्र के गरीब असहाय जरूरतमंदों को सरकार द्वारा प्रदत्त लगभग 150 कंबल वितरण किया। रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि गरीब असहायो की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ नरेंद्र पटेल, मानस



सिंह, बसंत लाल पटेल, नायब तहसीलदार संग्राम सिंह, लेखपाल राजेश्वर सिंह, विकास कुमार वर्मा, लक्ष्मण गिरि, ओम प्रकाश सिंह,उदय प्रताप प्रधान, चंद्रशेखर पटेल, राम सकल मास्टर ,महेंद्र कुमार वर्मा, जयप्रकाश पटेल ,चंद्रबली पाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# दालमंडी सड़क चौड़ीकरण के लिए फिर शुरू हुआ ध्वस्तीकरण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। दालमंडी गली के बहुप्रतीक्षित चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 जनवरी तक दिया गया अल्टीमेटम समाप्त होते ही प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को एडीएम सिटी आलोक कुमार, एसीपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दालमंडी क्षेत्र में दूसरे चरण की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई। इसको लेकर दुकानदारों में आक्रोश देखने को मिला। दुकानदारों ने प्रशासन पर बिना सूचना कार्रवाई करने और ज्यादती का आरोप लगाया।

कार्रवाई के मद्देनजर पूरे दालमंडी इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन थानों की पुलिस के लगभग 150 जवान मौके पर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 100 जवानों को रिजर्व में रखा गया है। किसी भी तरह के विरोध या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए दालमंडी गली में बैरिकेडिंग कर दी गई है और हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय दुकानदारों और




मकान मालिकों में नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कोई खुला विरोध सामने नहीं आया। गौरतलब है कि इससे पहले नवंबर माह में चौड़ीकरण के पहले चरण के दौरान छह मकानों को ध्वस्त किया जा चुका है। अब दूसरे चरण में कुल तीन मकानों को गिराया जाना प्रस्तावित है, जिनमें से एक पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है प्रशासन के अनुसार दालमंडी क्षेत्र में कुल 186 मकानों को चौड़ीकरण परियोजना के तहत चिह्नित किया गया है। इनमें से अब तक केवल 20 मकानों की ही रजिस्ट्री हो पाई है। अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों ने अब तक अपनी रजिस्ट्री नहीं कराई है, उन्हें आगे चलकर कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नवंबर के बाद कुछ समय के लिए रुकी यह कार्रवाई अब दोबारा शुरू कर दी गई है और परियोजना पूरी होने तक इसे लगातार जारी रखा जाएगा।

एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने स्पष्ट किया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई केवल उन्हीं मकानों पर की जा रही है, जिनका अधिग्रहण प्रशासन द्वारा पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक छह मकान गिराए जा चुके हैं और वर्तमान में तीन मकानों पर कार्रवाई चल रही है। वहीं दूसरी ओर दुकानदारों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ध्वस्तीकरण से पहले उन्हें न तो कोई लिखित नोटिस दिया गया और न ही दुकान खाली करने के लिए पर्याप्त समय। दुकानदारों का आरोप है कि उन्हें मात्र 10 मिनट में दुकान खाली करने के लिए कहा गया, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई नियमों की अनदेखी कर की जा रही है और प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है।

# दो दिवसीय विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी गणित (स्टेम) का प्रशिक्षण संपन्न

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद सिद्धार्थनगर जिला बेसिक शिक्षा विभाग, कॉपर सर्जिकल एवं स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित स्टेम लैब के संचालन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण किया गया।

जनपद सिद्धार्थनगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी गणित प्रयोगशाला की स्थापना स्माइल फाउंडेशन ने बेसिक शिक्षा विभाग, सिद्धार्थनगर और कॉपर सर्जिकल के सहयोग से किया। जिसके संदर्भ में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, स्टेट रिसोर्स पर्सन एवं वार्डन, गणित एवं विज्ञान की अध्यपिकाओ को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव जिला बालिका शिक्षा समन्वयक,




एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, स्टेट रिसोर्स पर्सन श्री अंशुमान सिंह, श्री अपूर्व श्रीवास्तव के साथ सीनियर मैनेजर श्रीमति अशिमा श्रीवास्तव एवं स्माइल फाउंडेशन सिद्धार्थनगर की टीम उपस्थित रही। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य हैं कि स्टेम को प्रयोगात्मक रूप से धरातल पर उतारने के लिए सभी की क्षमता को विकसित कर सहयोग प्रदान करते हुए क्रियान्वित करना है। स्टेम लैब को धरातल पर संचालित होने से बच्चो को वर्तमान परिवेश में आत्म निर्भर एवं प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा के लिए वरदान साबित होगा। साथ ही साथ इस प्रशिक्षण में स्टेम आधारित पुस्तिका में संकलित किए गए प्रयोगों को जो आसानी से अपने ग्रामीण परिवेश में मिल सकते हैं उनके प्रयोगों और सिद्धांतों के बारे में बताया गया।

# बालश्रम के विरुद्ध चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को बताया जाए

## अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठकः-

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द्र उत्तम की अध्यक्षता में थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में बाल श्रम को रोकने, पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ बाल विवाह को रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारीगण से परिचय प्राप्त कर फीडबैक लिया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी अनुसंधान, थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक व जनपद में कार्यरत NGO के समक्ष आ रही समस्या, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, व बाल श्रम पुनर्वास, मिशन शक्तिहख मम मम मम अभियान फेज 5.0 व बाल विवाह विशेष राष्ट्रीय 100 दिवसीय अभियान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध



चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु बताया गया, जिससे योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाया जा सके।

अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद में बाल विवाह रोकने के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारीगण व समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी को बताया गया कि सभी गाँवों में निरन्तर जाये और वहाँ चौपाल लगाकर बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित करे साथ ही वहाँ के ग्राम प्रहरियों व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों को बताये कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में आये तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस व सीडब्लूसी को दे जिससे समय रहते, कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ने बैठक के क्रम में निर्देश दिया कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें साथ ही जनपद में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाएं, पीड़ितों को अधिक से अधिक आवश्यक सहायता प्रदान की जाय तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया जाए ।उक्त बैठक में अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर श्री संत पाल, रइ से निरीक्षक श्री राहुल कुमार, उपनिरीक्षक थाना एएचटीयू श्री सतीश कुमार , प्रोबेशन ऑफिस से मिथलेश सिंह,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री विश्राम पासवान, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से श्री प्रेम बाबू गिरी मनीष कुमार देहात इन्डिया से श्री हंशराम, एक्शन एड से श्री तारिक मां सरस्वती बलिका शिक्षा समिति से श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव बाल संरक्षण इकाई/थाना में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी AHT व रखढव के अधिकारी कर्मचारी व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अनूपपुर-रक्सा-कोलमी में पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न

## न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा (टोरंट पावर लिमिटेड की अनुषंगी) की पारदर्शी, जिम्मेदार एवं सहभागी पहल

**समाज जागरण अनूपपुर**




अनूपपुर जिले के रक्सा-कोलमी क्षेत्र में न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरंट पावर लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी) द्वारा प्रस्तावित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट को लेकर आयोजित पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई बुधवार को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। यह जनसुनवाई रक्सा खेल मैदान, ग्राम रक्सा में मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल (म.प्र.) के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधि कारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। ग्राम सभाओं का सर्वसम्मत समर्थन जन सुनवाई के दौरान ग्राम रक्सा की सरपंच श्रीमती उमा सिंह द्वारा ग्राम सभा का लिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रस्तावित परियो जना के पक्ष में पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया। इसी क्रम में ग्राम (कोलमी) के सरपंच श्री राजू पनिका द्वारा भी अपनी ग्राम सभा का सर्वसम्मत समर्थन पत्र प्रस्तुत किया गया। ग्रामीण वक्ताओं में श्री चक्रधर मिश्रा, श्री अमोल सिंह मरकाम ,आदित्य राठौर श्री नरेंद्र राठौर एवं श्री छत्रधारी राठौर ने अपनी-अपनी ग्राम सभाओं की ओर से स्पष्ट रूप से कहा कि क्षेत्र के विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए यह परियोजना आवश्यक है, बशर्ते पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रशास निक उपस्थिति एवं प्रक्रिया का पारदर्शी संचालन पर्यावरण जन सुनवाई की अध्यक्षता एटीएम महोदय श्री दिलीप कुमार पांडे द्वारा की गई। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अशोक तिवारी की उपस्थिति में कम्पनी के कंसल्टेंट ग्रीन सी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि नंदनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय जानकारी उपस्थित जन मानस को दी संपूर्ण प्रक्रिया नियमा नुसार सम्पन्न कराई गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा रखे गए सुझावों, प्रश्नों एवं आपत्तियों को गंभीरता से सुना और उन्हें अभिलेखित किया। कार्यक्रम के दौरान जिले एवं संभाग स्तर के वरिष्ठ पत्रकार भी उपस्थित रहे, जिससे जनसुनवाई की पार दर्शिता और विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ हुई। कंपनी प्रबंधन की स्पष्ट एवं जिम्मेदार प्रस्तुति कंपनी की ओर से प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित जनसमुदाय द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का तथ्यात्मक, संतुलित एवं तक नीकी रूप से स्पष्ट उत्तर दिया। कंपनी प्रबंधन ने दोहराया कि प्रस्तावित पावर प्रोजेक्ट में पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कंपनी द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि परियोजना में अत्याधुनिक वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली, वैज्ञानिक एवं संतुलित जल प्रबंधन व्यवस्था, फ्लाई ऐश एवं औद्योगिक अपशिष्ट का सुरक्षितएवं नियमानुसार निपटान, व्यापक हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) का विकास, तथा सतत पर्यावरणीय निगरानी प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी।स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक विकास पर फोकस न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधन ने यह भी आश्वस्त किया कि परियोजना के निर्माण एवं संचालन चरण में स्थानीय युवाओं, तकनीकी कर्मियों एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन पर भी अंकुश लगेगा। CSR के अंतर्गत सामाजिक विकास की प्रतिबद्धता कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, कौशल विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु दीर्घकालिक योजनाएं लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि स्थानीय समुदाय के साथ सहभागिता और विश्वास के आधार पर ही परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा।आभार एवं समापन कार्यक्रम के अंत में कंपनी प्रतिनिधि ने उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं मीडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनसुनवाई संवाद, पारदर्शिता और आपसी विश्वास का सशक्त उदाहरण है। पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई में ग्रामीणों का सर्वसम्मत समर्थन, प्रशासनिक संतुलन और कंपनी की जिम्मेदार प्रतिबद्धता यह दशार्ती है कि न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का यह प्रस्तावित पावर प्रोजेक्ट पर्यावरणीय संतुलन, नियामकीय अनुपालन और स्थानीय सहभागिता के साथ अनूपपुर जिले को ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार सृजन और सतत औद्योगिक विकास की नई दिशा प्रदान करेगा।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत का मामला ठंडे बस्ते में

**8 माह बाद भी जांच अधर में लटकी, अधिकारी बने उदासीन**

**पीड़ित पति भटकने को मजबूर, स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही और मिलीभगत के आरोप**

**समाज जागरण**
**पन्ना रैपुरा तहसील**

पन्ना जिले की रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरियाखुर्द में प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत का मामला अब भी न्याय की राह तक रहा है। घटना को पूरे 8 माह बीत चुके हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अब तक जांच पूरी नहीं कर सका। इससे विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। वहीं, मृतका के पति छोटेलाल लोधी न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं और अधिकारियों पर लापरवाही एवं मिलीभगत के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। ऐसे हुआ था प्रसव के दौरान हादसा पीड़ित पति के अनुसार 26 जून 2025 को पत्नी संजो लोधी को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स आसमां खान ने जांच कर प्रसव सामान्य होने का दावा करते हुए महिला को लेबर रूम में भर्ती कराया। करीब शाम 4:30 से 5:00 बजे के बीच परिजनों को सामान्य प्रसव होने की जानकारी दी गई और नवजात शिशु सौंप दिया गया। लेकिन लगभग 6:30 बजे महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। उस समय ड्यूटी डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थे और अपने निजी क्लीनिक में थे। बाद में डॉक्टर पहुंचे और महिला को जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया। लेकिन एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण परिजन किराए के वाहन से लेकर निकले, इसी दौरान रास्ते में महिला की मौत हो गई।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा**

छोटेलाल लोधी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रसव के बाद गर्भनाल निकालते समय पूरा गर्भाशय बाहर निकल गया, जिसके चलते अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और महिला की मौत हो गई। परिजन इसे साफ-साफ चिकित्सकीय लापरवाही बता रहे हैं।

**4 महीने बाद बनी जांच समिति, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई**

पीड़ित ने 18 अगस्त 2025 को BMO शाहनगर एवं CMHO पन्ना को लिखित शिकायत दी। उसके बाद 4 माह बीतने के बाद जांच समिति तो गठित कर दी गई, लेकिन आरोप है कि समिति ने निष्पक्ष जांच के बजाय विभागीय बचाव का प्रयास किया। न तो रिपोर्ट सार्वजनिक की गई और न ही आज तक किसी अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई हुई।

**नर्स का तबादला, फिर इस्तीफा लेकर दोबारा पोस्टिंग!**

पीड़ित के लगातार शिकायत और प्रयास के बाद कलेक्टर पन्ना सहित मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। तब कहीं जाकर 15 दिसंबर 2025 को संबंधित नर्स का तबादला किया गया। लेकिन आरोप है कि 19 दिसंबर को BMO और CMHO की कथित मिलीभगत से उसका इस्तीफा लिया गया और 20 दिसंबर को पुनः उसी उप स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा में स्थायी पदस्थ कर दिया गया। इससे विभाग की नीयत पर और सवाल खड़े हो गए हैं।

**सीएमएचओ पन्ना का पक्ष**

इस मामले में पूर्व में पदस्थ एएनएम आसमा खातून के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा चुकी है। उनके वेतन में कटौती की गई थी तथा उन्हें संबंधित केंद्र से हटाया भी गया था। वर्तमान में उनका परमानेंट सिलेक्शन हो जाने के बाद उन्हें पुनः ज्वाइन कराया गया है, लेकिन पहले वाले स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

**– सीएमएचओ, पन्ना डॉ. राजेश तिवारी**

BMO का पक्ष जब मामले में बीएमओ से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि संबंधित एएनएम से जुड़ी समस्त जानकारी एवं कार्रवाई के संबंध में विवरण केवल जिला मुख्यालय स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) कार्यालय से ही उपलब्ध कराया जा सकता है। BMO--डॉ सर्वेश लोधी

# केवई सोन नदी बचाने कलेक्टर पहुँचे परोड़ पंचायत के किसान

**अडानी समूह के खिलाफ फूटा आक्रोश, जलझ जंगलझजमीन पर खतरे का आरोप**

**हेवी ब्लास्टिंग, स्टॉपडैम और प्रदूषण से जनजीवन संकट में झ उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**समाज जागरण**



जमुना-कोतमा (अनूपपुर)। कोतमा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत परोड़ सहित आसपास के गांवों के किसान और ग्रामीण सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुँचे और Adani Group द्वारा छतई क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे 3200 मेगावाट क्षमता के पावर प्लांट के विरोध में ज्ञापन सौंपा। किसानों ने आरोप लगाया कि परियोजना के लिए केवई नदी पर बनाए जा रहे स्टॉपडैम, लगातार हो रही हेवी ब्लास्टिंग और संभावित प्रदूषण से क्षेत्र का भविष्य गहरे जल संकट और स्वास्थ्य आपदा की ओर धकेला जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पावर प्लांट क्षेत्र में की जा रही भारी ब्लास्टिंग से घरों में दरारें पड़ रही हैं, नींव कमजोर हो रही है और लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। खेतों की मिट्टी, मवेशी और फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। सबसे गंभीर चिंता केवई नदी को लेकर जताई गई। किसानों का कहना है कि नदी पर मजबूत स्टॉपडैम बनाकर प्लांट के लिए पानी रोका जा रहा है, जिससे कोतमा, जमुना, भालूमाड़ा, बिजुरी सहित पूरे कोयलांचल की नगर पालिकाएं और ग्राम पंचायतें भविष्य में पेयजल के लिए तरस जाएंगी। वर्तमान में यही नदी पंप हाउस और फिल्टर प्लांट के माध्यम से हजारों लोगों को पानी उपलब्ध कराती है। नदी का प्रवाह रुका तो त्राहि-त्राहि की स्थिति बन जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में बेलस्पन कंपनी द्वारा अधिग्रहित भूमि को बाद में अडानी समूह ने खरीदा, लेकिन इससे जुड़े करीब 260 युवाओं का बेरोजगारी भत्ता 2019 से बंद है। जब युवा अपने अधिकार की मांग करते हैं तो उन्हें आश्वासन की जगह पुलिसिया सख्ती झेलनी पड़ती है। किसानों का कहना है कि विकास के नाम पर हजारों एकड़ कृषि भूमि ली जा रही है, पर स्थायी रोजगार और सम्मान जनक मुआवजा अब तक कागजों में ही है। किसानों और सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर से मांग की कि जनसुनवाई में दर्ज आपत्तियों को गंभीरता से लेते हुए स्टॉपडैम निर्माण पर तत्काल रोक लगे, निष्पक्ष पर्यावरणीय जांच कराई जाए और स्थानीय लोगों के जल, स्वास्थ्य व रोजगार के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो पूरे कोयलांचल में व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# संयुक्त मोर्चा संघ का कैलेंडर विमोचन नव जनवरी को कलेक्ट्रेड में।

(संगठन ने की अधिकारी-कर्मचारियों से शिरकत की अपील)

**समाज जागरण**



कटनी /अधिकारी -कर्मचारियों के हित संरक्षण हेतु बने बावन संगठनों के अधिकारियों -कर्मचारियों के संघ का विभिन्न जानकारीयों से लबालब नूतन वर्ष के कैलेंडर का विमोचन आगामी 9 जनवरी2026 दिन शुक्रवार को होगा। जानकारी साझा करते हुए, मोर्चा प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि लगातार 18 वर्षों से नये साल में विमोचित होने वाले संघ के कैलेंडर का विमोचन पूरे जिले के सभी मान्यताऔर गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रमुख्य पदाधिकारियों की गरिमयी उपस्थिति में जिला प्रशासन के मुखिया द्वारा किया जायेगा। संघ के कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय स्थित नवीन सभा कक्ष में दोपहर 12बजे से आयोजित प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत होने के साथ साथ जहाँ एक ओर बीते वर्ष में संगठन द्वारा अधिकारी -कर्मचारियों के हित संरक्षण में उठाये गये कदमों की सारगर्भित व्याख्या होगी, वहीं दूसरी ओर नूतन वर्ष 2026 की संगठनात्मक गतिविधियों को अधिकारीयों और कर्मचारियों के हित में धारदार तरीके से प्रदर्शित करने सहित वर्षों से लंबित चली आ रही मांगों की पूर्ति हेतु भी इसी दिन चाणक्यमय राजनीति बनाई जावेगी ।मोर्चा में सम्मलित सभी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से समय पर कार्यक्रम स्थल पहुँच कर आयोजन को सफल बनाने की अपीलकताओं में प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत सहित संस्थापक पं. सरमन तिवारी ,जिलाध्यक्ष आर. के बत्रा, पं. रामाधार गौतम,राकेश दुबे, अरविन्द सिंग ठाकुर, हरप्रीत सिंह ग्रोवर, अखिलेश मेहरा, दादूराम पटेल, अनुज दाहिया,सुनील मिश्रा, पूर्णेस उइके, श्रीमती निधि चतुर्वेदी, संजय श्रीवास्तव, सोहनलाल चौधरी, संजयमिश्रा, डॉक्टर डी. आर.वर्मा, ,के.के.गुप्ता,श्री मती डॉक्टर चित्रा प्रभात, श्रीमति माया गुप्ता, मनीष मिश्रा, सुनील वाजपेयी, बी. के. मिश्रा, प्रदीप सिंह, श्रीमती सुनीता वर्मा, अनिल मिश्रा, संजय अग्रवाल, अवधेश दाहिया, महेंद्र तिवारी, अनिल खंपरिया, डॉ. अजीत कुमार,डॉक्टर पारस जैन, एम. एस. यादव, महेन्द्र कुमार द्विवेदी, शिवकुमार सोलंकी, आशीष उर मलिया, पी. के. महार, प्रदीप दीक्षित, के.के. सोनकर, गणेश विचपुरिया, हरीश सक्ससेना,बलदेव सिंह, श्रीमती नीतू गुप्ता, प्रमोद पाण्डेय, प्रमोद गर्ग,आदिल खान, दुर्गा प्रसाद पटेल,प्रमोद मिश्रा, रविशंकर तिवारी, गणेश शंकर गर्ग, जे. पी. हल्दकार, श्रीकांत शुक्ला, रामकिशोर दाहिया, सोमनाथ साहू, मनोज बर्मन,जितेंद्र दुबे, अजय मिश्रा, राजेश सिंह, रवि सिंह, मुकेश त्रिपाठी दिनेश पटेल, मुकेश तिवारी, शे शनाथ पाल, अजय नामदेव, श्रीमती कामनी दुबे, देव कुमार रघुवंशी, डॉक्टर डी. के. खरे, आर. एस. बनाफर, श्रीमती संध्या सिंह, ममता रजक, अजय वाजपेई, जीतेन्द्र सोनी, नारायण शुक्ला, धर्मेन्द्र धरण त्रिपाठी, पुष्पराज बघेल, रमा शंकर तिवारी, अनिल पाण्डेय, अजय शंकर पाण्डेय, संतोष गर्ग, अश्विनी गर्ग सहित सभी संगठनों के ऊजार्वान पदाधिकारी गण प्रमुख्य हैं।

# विश्वविद्यालय में हो रही लगातार अनियमितताओं व प्रबंधन की मनमानी के विरोध में एनएसयूआई ने किया घेराव

**समाज जागरण विजय तिवारी**



गौरेला।एनएसयूआई मध्यप्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान, एवं एन एसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद ने की अगुवाई, प्रबंधन विरोधी लगे नारे, सौंपा ज्ञापन विगत कुछ महीनों लगातार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक में एक के बाद एक कई घटनाएं सामने आई हैं जिसका विरोध स्थानीय छात्र एवं छात्र संगठन कर रहे थे। जिसका कोई भी असर विश्वविद्यालय प्रबंधन पर नहीं हो रहा था। जिले गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, छत्तीसगढ़ एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पांडेय, स्थानीय विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान, जिला ध्यक्ष एनएसयूआई रफी अहमद, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र खांडे के अगुवाई में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय का घेराव किया गया। एनएसयूआई द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के सामने मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां वक्ताओं द्वारा विगत कुछ माह से विश्वविद्यालय में हो रही घटनाएं एवं लगातार विश्वविद्यालय में कुलपति व प्रबंधन की अनदेखी, लापरवाही का जमकर विरोध किया। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए सभा स्थल से विश्वविद्यालय की ओर हाथों में छात्र संगठन का झंडा लेकर, प्रबंधन की तानाशाही के विरोध में नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश कर गए। जहां तैनात पुलिस बल ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और विश्व विद्यालय प्रबंधन को बातचीत के लिए बुलाया गया। एनएसयूआई द्वारा प्रबंधन से चर्चा करते हुए छात्रों के साथ हो रहे अन्याय, विश्वविद्यालय में लगातार सामने आ रही घटनाएं, प्रबंधन व प्रोफेसरों की मनमानी, तानाशाही पूर्ण रवैये के बारे में अवगत कराया और छात्रों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

# नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस शहडोल ने सौंपा कलेक्टर के नाम शिक्षा विभाग को ज्ञापन

**समाज जागरण**

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री अनुपम गौतम जी के निर्देशन पर युवा कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम ने कलेक्टर के नाम शिक्षा विभाग को सोपा ज्ञापन शीत ऋतु (कड़ाके की ठंड) के कारण विद्यालयों में अव काश घोषित करने के लिए वर्तमान समय में शीत ऋतु अत्यधिक बढ़ गई है। प्रातःकाल तापमान बहुत कम होने के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ठंड के कारण अनेक बच्चे सर्दी-जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित हो रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए अत्यधिक ठंड में विद्यालय आना कठिन हो जाता है, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। विद्यार्थियों के हित एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कुछ दिनों का अवकाश घोषित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। युवा कांग्रेस ने 2 दिवस के अंदर निरा करण करने की मांग की है

ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से (जिला महासचिव) निशांत जोशी जी , आशु चौधरी, इमरान खान, (छात्र नेता) ऋषभ ठाकुर, अजीत यादव, समीर खान, अदिल खान, ऋषभ यादव, शिवम पटेल, राजेश बैगा, अर्पित मिश्रा, रहमान अंसारी, दानिश खान, देवेंद्र यादव, एवं अन्य युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे!

# मैनपाट का रहस्यमयी बिसरपानी जहाँ पानी ऊपर की ओर बहता दिखता है

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बिलासपुर/ छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट ब्लॉक अंतर्गत बिसरपानी गांव इन दिनों एक अनोखी प्राकृतिक घटना को लेकर सुर्खियों में है। अंबिकापुर शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित इस स्थान पर पानी एक छोटे पत्थर के नीचे से निकलकर ऊपर की ओर बहता हुआ दिखाई देता है। इस दृश्य को देखकर पहली नजर में ऐसा प्रतीत होता है मानो यहां गुरुत्वाकर्षण का नियम ही काम नहीं कर रहा हो। स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए यह दृश्य बेहद आश्चर्यजनक है। बिसरपानी में पानी का यह प्रवाह देखने के बाद लोग कुछ क्षणों के लिए ठिठक जाते हैं और इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मानते। यही कारण है कि यह स्थान धीरे-धीरे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। पर्यटन स्थल का भ्रम और रहस्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी चर्चा का विषय है। विशेषज्ञों के अनुसार यह घटना प्रकाशीय भ्रम (ऑप्टिकल इल्यूजन) का परिणाम है। आसपास की पहा ड़ियों, सड़क की बनावट और ढलान की दिशा ऐसी है कि वास्तविक ढलान नीचे की ओर होने के बावजूद वह ऊपर की ओर जाती हुई प्रतीत होती है। कुछ लोग इसे मैग्नेटिक हिल प्रभाव से जोड़ते हैं, जहां वाहन न्यूट्रल गियर में होने पर ऊपर की ओर चलते हुए नजर आते हैं। हालांकि, अब तक हुए अध्ययनों में यहां किसी भी प्रकार की चुंबकीय विसंगति (मैग्नेटिक एनोमली) की पुष्टि नहीं हुई है। वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि क्षेत्र की स्थलाकृति और हवा के तेज बहाव के कारण पानी ऊपर की ओर बहता हुआ महसूस होता है,

जो साइफन क्रिया (Siphon Action) जैसा प्रभाव उत्पन्न करता है। राजकुमार कुश वाहा ने बताया कि यह पर्यटन स्थल बेहद आकर्षक और अनोखा है। उन्होंने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। पानी का ऊपर की ओर बहता हुआ दृश्य सच में देखने लायक है। लोगों को एक बार जरूर यहां आना चाहिए। प्राकृतिक रहस्य, वैज्ञानिक तर्क और मनोरम वातावरण के संगम ने बिसरपानी को खास पहचान दिलाई है। यही वजह है कि मैनपाट का यह क्षेत्र अब तेजी से पर्यटकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है।

# धान खरीदी केंद्र में आसानी से हो रही धान की खरीदी।

**समाज जागरण**



शहडोल ।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा धान खरीदी केदो में महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से धान खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है। महिला स्व सहायता समूह द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए धान खरीदी कराई जा रही है बुढार ब्लॉक के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र ओपन कैप चन्नोडी में दुर्गा स्व सहायता समूह खामीडोल को जिम्मेदारी समूह दी गई है जहां किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और समय पर उनकी धान की खरीदी हो रही है। समूह की सचिव आशा मिश्रा का कहना है कि हम सभी बहनों द्वारा पूरी ईमानदारी से धान खरीदी केंद्र की जिम्मेदारी ली है लेकिन कुछ विघ्न संतोषी तत्वों द्वारा अनर्गल प्रचार प्रसार किया जा रहा है। धान खरीदी केंद्र में आने वाले किसानों का कहना है कि पूर्व में जब समिति के माध्यम से खरीदी कराई जाती थी तो हमें परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन इस वर्ष खरीदी केंद्र की जिम्मेदारी दुर्गा स्व सहायता समूह को दी गई है और हमें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है

# आरकेटीसी कंपनी कर रही वादा खिलाफी

**समाज जागरण शहडोल**



श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह के नेतृत्व में करणी सेना के सदस्यों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर मेसर्स आरकेटीसी बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर वादा खिला फी का आरोप लगाया। कंपनी में क्षेत्रीय बेराजगार युवाओं को रोजगार दिलाये जाने की मांग की गई थी लेकिन कंपनी द्वारा अभी तक अमल नहीं किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सोहागपुर क्षेत्र अमलाई ओसीएम में कोयला उत्पादन एवं ओ.बी. खनन का कार्य मेसर्स RKTC कंपनी को दिया गया है। जिसका कार्य माह अगस्त से प्रारम्भ किया जा चुका है. इसी परीपेक्ष में अमलाई ओसीएम से लगे आस-पास के ग्रामों के कुशल / अर्द्धकुशल बेरोजगार युवकों को कंपनी में कार्य दिये जाने हेतु पूर्व में भी संगठन के माध्यम से पत्र लिखा गया था।परन्तु कंपनी द्वारा स्थानीय चयनित युवाओं का मेडिकल, वोकेशनल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, बी-फार्म जैसे समस्त दस्तावेजों परीक्षण पूर्ण कराने के बाद भी आज दिनांक तक उक्त चयनित युवाओं को रोजगार प्रदान नहीं किया जा रहा है, साथ ही कंपनी के द्वारा अन्य राज्यों या औद्योगिक प्रभावित क्षेत्र के बाहर के लोगों को कार्य पर रखा जा रहा है जो कि /2धा अनुचित एवं कंपनी नियमों के विरूद्ध है। ज्ञापन में कहा गया है कि कि यदि 07 दिवस के अंदर उक्त विषयांतर्गत मांग / समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो कंपनी के कार्यों में जो भी व्यवधान उत्पन्न होगा उसका सम्पूर्ण दायित्व कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी।

# बूथ से विधानसभा तक सक्रिय भूमिका निभाएं कार्यकर्ता - राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर जी

**सरकार और समाज के बीच सेतु बने कार्यकर्ता- संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया जी**

**राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर जी का भाजपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत**

**समाज जागरण**

शहडोल- अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय शहडोल एवं धन पुरी में कामकाजी संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर जी का किया गया भव्य स्वागत बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिवसीय अल्प प्रवास पर शहडोल पधारी भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर जी का भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कार्यकताओं के साथ जिला भाजपा कार्यालय में किया भव्य स्वागत इस दौरान प्रमुख रूप से शहडोल संभाग के प्रभारी श्री गौरव सिरोठिया जी बैठक में उपस्थित रहे

बैठक कार्यक्रम में मंचासीन अति थियों में जैतपुर विधायक श्री जयसिंह मरावी, भाजपा प्रदेश उपा ध्यक्ष एवं जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रज्ञा त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगबानी ,राजेश्वर उदानियां, सत्यभामा गुप्ता, उर्मिला कटारे, मंचासीन रहे। बैठक कार्यक्रम मंच का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने किया एवं आभार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी ने किया इस दौरान कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर जी ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्य योज नाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना होगा। संगठनात्मक प्रवास, नियमित बैठकें और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत इन उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता विशेष अभियान चलाकर कार्य में जुट जाएं। राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन है और संगठन की मजबूती से ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की आगामी कार्ययोजना जनसंपर्क, संगठन विस्तार तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया जी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। इसलिए लाभार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी देना और पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने में सहयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन में अनुशासन, समयबद्धता और आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया। आगामी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी की कार्ययोजना दीर्घ कालिक दृष्टि पर आधारित है। संगठन विस्तार, नए कार्यकताओं को जोड़ना, युवा एवं महिला सहभागिता बढ़ाना तथा सोशल और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि ह्हर घर भाजपाह्व के लक्ष्य के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाना ही आने वाले समय की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# टूटे-फूटे तीन नंबर पीली ईंटों से बन रहा नाला, ग्रामीणों में आक्रोश

**समाज जागरण**



फतेहपुर। धाता विकासखंड क्षेत्र की पौली ग्राम पंचायत में जिला पंचायत निधि से लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे नाला निर्माण में मानकों की खुली अनदेखी सामने आई है। निर्माण कार्य में टूटी-फूटी तीन नंबर पीली व काली ईंटों समेत घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने ठेकेदार और कार्यदायी संस्था पर मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माणाधीन नाले में गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय निवासी राजू गौतम, कैलाश, कमलेश, राकेश, सुधीर सिंह, मनोज सिंह, पन्ना लाल, रवि कुमार सहित अन्य लोगों का कहना है कि मानक के विपरीत ईंटों और सामग्री से बनाया जा रहा यह नाला बरसात में कभी भी क्षतिग्रस्त होकर गिर सकता है, जिससे जनधन की हानि का खतरा बना रहेगा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गुणवत्ता की खामियों को छिपाने के लिए आनन-फानन में प्लास्टर कर सेटिंग-गेटिंग की जा रही है, ताकि घटिया ईंटें और सामग्री दिखाई न दें। इससे निर्माण कार्य की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत अधिकारी ज्ञानधन सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# सांभर हिरन के सींग काटते हुए का वीडिओ सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**सींग काटने वाले बीस हजार और 50 हजार में बेचने की बात करते दे रहे सुनाई**

**पुलिस ने इस मामले में मात्र एक आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा है अब तक जेल**

**समाज जागरण**




शिकोहाबाद। नसीरपुर थाना क्षेत्र के गांव में एक सांभर प्रजाति के हिरन के सींग काटने का वीडिओ इंटरनेट मीडिया पर बुधवार को खूब वायरल हुआ। वीडियो में कुछ लोग हिरन के सींग काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं आपस में ये लोग बात कर रहे हैं कि सींग 20 हजार तो दूसरा 50 हजार में बेंचने की बात कहता सुनाई दे रहा है। इस वीडियो के सामने आने पर वन विभाग और प्रशासन के अधिकारी भी सक्रिय हो गये हैं। हालांकि इस मामले में पुलिस एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। विगत बुधवार को नसीरपुर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर पटना करखा में एक सांभर प्रजाति का हिरन किसी तरह से आ गया। यह हिरन हरी घास चुंगने के लिए कटीले तार लगे हुए खेत में जाने का प्रयास कर रहा था कि उसमें प्रवाहित करंट से उसकी मृत्यु हो गई। सुबह जब ग्रामीणों ने हिरन को खेत में पड़ा हुआ देखा तो उसके सींग काटने का प्लान बना लिया। लगभग आधा दर्जन लोगों ने मिल कर हिरन के सींग काट लिए और शव को वहीं पड़ा छोड़ दिया। इस मामले की जानकारी होते ही पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी सक्रिय हुए और मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया। लेकिन मीडिया की जानकारी में आने के बाद इस दुर्लभ हिरन की मृत्यु और उसके सींगों के काट कर तस्करी कर ले जाने के मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके बाद पुलिस ने वन दरोगा की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की और दो दिन बाद ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेकिन अब इंटरनेट मीडिया पर हिरन के सींग काटते हुए का लाइव वीडियो वायरल होने से इस मामले में नया मोड़ आ गया है। देखना है कि पुलिस और वन विभाग के अधिकारी इस पर क्या कदम उठाते हैं।

# पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को निस्तारण किया जायेगा-मीना कुमारी

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! शासन के निर्देश पर राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती मीना कुमारी द्वारा डबरई स्थित निरीक्षण भवन में पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई की गई, फिरोजाबाद इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्र से पीड़ित महिलाओं ने अपनी पीड़ाओं को उनके समक्ष रखा, जनसुनवाई में अधिकांश मामले पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा और पत्नी पति के आपसी विवाद से संबंधित थे, सदस्य महोदया ने प्रत्येक महिला की बात को धैर्यपूर्वक सुना और मौके पर उपस्थित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, पारिवारिक विवादों में सदस्य महोदया ने दोनों पक्षो को बुलाकर काउंसलिंग करने और आपसी सहमती से विवाद सुलझाने पर जोर दिया, ताकि परिवार टूटने से बच सके, जिन मामलों में गंभीर प्रताड़ना या दहेज उत्पीड़न पाया गया, वहाँ उन्होंने सम्बंधित थाना प्रभारियों को जाँच कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके पश्चात महिला आयोग की सदस्या ने वन स्टॉप सेंटर का निरिक्षण किया, निरिक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं को परखा और वहाँ दी जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए, निरिक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया की केंद्र में कुछ महत्वपूर्ण पद रिक्त है, जिससे कार्य प्रणाली प्रभावित हो रही है, सदस्य महिला ने नियुक्तियों की प्रक्रिया अविलम्व पूरी करने के निर्देश दिए, सदस्य महोदया के समक्ष एक पीड़ित बालिका भी आई जिस पर मामले की गंभीरता और बालिका की सुरक्षा को देखते हुए सदस्य महोदया ने उसे तत्काल नारी निकेतन में भेजने का आदेश दिया, अंत में सदस्य महोदया ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना है! और उनके अधिकारों के प्रति उनका जागरूक करना है,

इसी कारण मैने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके यहां जो योजनाएं महिलाओं के लिए संचालित है, उनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं को अवश्य मिलना चाहिए, इस दौरान उनके समक्ष उप जिला धिकारी विकल्प, पुलिस क्षेत्राधिकारी चंचल त्यागी और जिला प्रोवेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार भी उपस्थित रहे!

# खागा में धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड भारी-भरकम वाहन, ट्रैक्टरो से भी जमकर हो रही लाल सोने की ढुलाई, अधिकारी मस्त, जनता त्रस्त..!

**संगोलीपुर मैडईयन मोरम खदान संचालक की मनमानी आम इंसान के लिए बनी सिर दर्द, जिम्मेदारो में मूंदी आँखे एसडीएम-सीओ के आवासो के सामने से खुले आम गुजर रहे बेखौफ ओवरलोड वाहन, दिन के समय प्रतिदिन लगने वाला जाम का झाम बना आफत....!**

**समाज जागरण**




फतेहपुर संगोलीपुर मोरंग खदान मे मनमानी थमने का नाम नही ले रही है। अफसरों की लगातार खानापूर्ति के लिए की जा रही छापेमारी के बाद भी खदान संचालक को तनिक भी खौफ नही है। खागा में प्रतिदिन एसडीएम और सीओ के आवास के सामने से ओवरलोड मोरंग के लदे वाहन निकलते है। वहीं बुधवार की भोर पहर करीब पांच ओवरलोड मोरंग से लदे वाहन निकल रहे थे जिसमे तीन ओवरलोड वाहन निकल गये। सूत्रो की माने तो दो ओवरलोड मोरंग से लदे ट्रक पकड़े गये है।

संगोलीपुर मोरम खदान अब केवल खागा नगर के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि किशनपुर समेत लगभग तहसील क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए सर दर्द बन चुकी है।

रात-दिन गुजरने वाले ओवरलोड ट्रक धूल उड़ाते हुए जहां लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां मुफ्त में बांट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह से ध्वस्त होती नजर आ रही है।

# पेस संस्था दिशा चिल्ड्रंस प्रोग्राम की जागरूकता बैठक में क्षेत्रवासियों ने लिया अपने अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प.....

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने व जागरूकता फैलाने तथा, इससे जुड़े कानूनों और इसके दुष्परिणामों की जानकारी के उद्देश्य से पेस संस्था (दिशा चिल्ड्रंस प्रोग्राम) द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत राम नगर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें, बच्चों ने बाल "विवाह एक अभिशाप है" विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान, समस्त प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और शपथ ली कि वे, बाल विवाह नहीं करेंगे और ना हीं अपने आस पास होने देंगे। कार्यक्रम के दौरान रेखा वर्मा ने बताया कि, बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है और यह कानूनन अपराध भी है। क्षेत्रीय पार्षद ने बताया कि, बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रयास करना होगा। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करें और समय से पहले विवाह न करें। बैठक के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेवी व पार्षद भगवानदास एवं एस.आर.डी. स्कूल के प्रबंधक सहित पेस टीम से देव प्रताप सिंह, आस्था व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पुलिस ने पिता पुत्रों की तीन बाइक की कुर्क

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तीन अभियुक्तो की लगभग डेढ़ लाख रुपए की चल अचल संपत्ति को कुर्क किया। पुलिस ने उसे जब्त किया। पुलिस ने गैंगलीडर मुलायम उर्फ मुल्ला, व उसके दो अन्य



साथी सुल्तान व पप्पू की संपत्ति को कुर्क किया। उनके खिलाफ धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बसई मौहम्मदपुर ने मुकदमा दर्ज है। गैंगलीडर मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू अपने पिता पप्पू पुत्र उल्फत व अपने भाई सुल्तान के साथ संगठित गिरोह बनाकर चोरी, अवैध शराब की बिक्री, जान से मारने का प्रयास, अवैध गाँजा बेचना जैसे जघन्य अपराध कारित करता है। वह माली पट्टी के रहने वाले है। इसी प्रकार उन्होंने यह अवैध धन अर्जित किया है। मुलायम उर्फ मुल्ला पर जनपद फिरोजाबाद एवं जनपद आगरा में करीब आधा दर्जन अभियोग दर्ज है। पुलिस ने उनकी 1,38,000/- (01 लाख 38 हजार रुपए) की चल सम्पत्ती को कुर्क की है। पुलिस ने उनकी तीन मोटर साइकिल जब्त की है।

# कोंग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित पिता से मिला

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! कॉग्रेस का एक प्रति निधि मण्डल पूर्व विधायक एवं जोनल कॉर्डिनेटर डॉ. अनिल चौधरी के नेतृत्व में पीड़ित सोनू अली से उनके गॉव शाहपुर जाकर मिला प्रतिनिधि मण्डल ने सोनू अली और उनके परिवारीजनों से बच्ची के साथ घटी घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है घवराने की जरूरत नहीं है हमारी नेता प्रियंका गाँधी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने घटना को गंभीरता से लिया है और हम सब को आपके पास भेजा है जो सरकारी योजना का लाभ मिल सकता है दिलवाया जायेगा तथा हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराई जायेगी '

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है अपराधी वेखौफ संगीन अपराधों को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं शासन प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। पीड़ितो की कोई सुनने वाला नहीं है ,कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी दशा में वर्दाश्त नहीं करेंगी और बढ़ते अपराधों के विरुद्ध जन आंदोलन करने को मजबूर होगी प्रतिनिधि मण्डल ने मोके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियो से बातकर पीड़ित परिवार को शासकीय लाभ शीघ्र दिलाने को कहा और मुकददमे में ठीक से कार्यवाही हो यह सुनिश्चित किया जाये। प्रतिनिधि मण्डल में जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव , नगर अध्यक्ष शफातखान राजू , जिला कॉर्डिनेटर अरुण यादव , पूर्व विधायक प्रत्याशी औरया मुथुल पांडे , पूर्व विधायक प्रत्याशी हाजी सईद पटेल , पी सी सी हाजी नसीर अहमद , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी व राजू दीक्षित , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी , जिला सह मिडिया प्रभारी सोनू यादव , पूर्व नगर अध्यक्ष गुलाम जिलानी ,वकार खालिद , पार्षद लाला राइन , एम. डी. पिप्पल , अतेश कुमार , कमल सिंह आदि मौजूद रहे '

# जीवन फार्मा मेडिकल पर छापेमारी, दो संदिग्ध नमूने जब्त, नशीली दवाओं की जांच के बाद बिक्री पर अगले आदेश तक रोक

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिले में जीवन फार्मा मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाओं की जांच के संबंध में औचक छापेमारी की गई। इस दौरान दो संदिग्ध औषधियों के नमूने लिए गए और स्टोर पर दवाओं की खरीद-बिक्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी और सहायक आयुक्त औषधि के निर्देश पर औषधि निरीक्षक सोनभद्र द्वारा की गई। घोरावल रोड स्थित धर्मशाला के पास जीवन फार्मा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके चलते, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत स्टोर पर दवाओं की बिक्री पर अगले आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। छापेमारी के समय दो संदिग्ध दवाइयों के नमूने भी लिए गए हैं। इन्हें गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बिना वैध डॉक्टर की पर्ची के एविल वायल सहित अन्य नशीली दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने लड़की भगाने के अभियुक्त को पकड़ा

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने लड़की को बदला फुसला कर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसे जेल भेजा है।



प्रभारी निरीक्षक रसूलपुर प्रदीप कुमार ने हमराह के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से उसके बारे में पता चला था। पुलिस ने पकड़े अभियुक्त का नाम ललित उर्फ छोटू पुत्र गोपाल सिंह बताया है। वह मठ मंदिर वाली गली आसफाबाद थाना रसूलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसे बरी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया छोटू एक किशोरी को बहला फुसलावकर भगा ले गया था। उसके खिलाफ लड़की के परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया था। धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था।

# दो वाहनों की आपसी टक्कर में 5 घायल, मची अफरा-तफरी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के मरसड़ा गांव में मंगलवार देर शाम टेंपो और जीप की टक्कर में 5 लोग घायल हो गए। घटना में घायल 3 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और 2 लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम 6 बजे सवारियों से भरी ऑटो शिवद्वार की तरफ से घोरावल जा रहा था। बेलन नदी के पास मरसड़ा गांव में सामने से आ रहे चारपहिया वाहन से टक्कर के बाद ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो सवार शिवद्वार निवासी वंदना 19 पत्नी अरुण, धर्मशीला विश्वकर्मा 45 पत्नी चुन्नूलाल विश्वकर्मा, महाव गांव निवासी शिवकुमार 38 पुत्र सूर्यबली, लकी 15 पुत्र बचाऊ, पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बघोर गांव निवासी सूरज 17 पुत्र दिनेश घायल हो गए। वंदना, धर्मशीला और शिवकुमार को पुलिस व एंबुलेंस द्वारा घोरावल सीएचसी में भर्ती कराया गया, जबकि लकी और सूरज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। धर्मशीला के दोनों पैर की हड्डी टूटने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में उपचार कर रहे डॉक्टर सुनील कुमार ने अन्य सभी मरीजों की हालत खतरे से बाहर बताया।

# नगवां गांव में राष्ट्रीय फोलिक एसिड जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लॉक के नगवां गांव में एस बी आई फाउंडेशन के सहयोग से प्रयत्न संस्था द्वारा एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना के तहत राष्ट्रीय फोलिक एसिड जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान श्री बुन्दे सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में परियोजना अधिकारी सुन्दर सिंह ने सभी का संस्था की तरफ स्वागत करते हुए संस्था एवं परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। और आगे बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य फोलिक एसिड एवं आयरन की कमी से होने वाले रोगों के कारण, लक्षणो, विकार के सही इलाज और प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक करना है आगे डॉ यश शर्मा ने बताया कि अगर किसी महिला के शरीर में फोलिक एसिड की कमी हो, तो गर्भ के शुरूआती दिनों में बच्चे को Neural Tube Defect जैसी गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे स्पाइना बिफिडा। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि महिलाएँ गर्भधारण से पहले और गर्भ के पहले तीन महीनों में नियमित रूप से फोलिक एसिड लें। फोलिक एसिड की कमी की पूर्ति हेतु हरी सब्जी एवं ताजे फल आदि का सेवन करना चाहिए एवं फोलिक एसिड की टेबलेट एवं कैप्सूल डॉ के परामर्श अनुसार लेना चाहिए।

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुन्दर सिंह, फार्मासिस्ट सुधाकर प्रजापति, स्टॉफ नर्स सुनैना पायलट धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान श्री बुन्दे सिंह एवं आशा श्रीमती वसंती देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन, छात्र-छात्राओं को बताए बचाव के गुण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में बुधवार को थाना बीजपुर पुलिस द्वारा नक्टू स्थित हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। माह के प्रथम बुधवार को समर्पित इस अभियान के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचने के प्रति सतर्क किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस टीम ने बच्चों को बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल लेनदेन और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रयोग के साथ साइबर फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है। उपनिरीक्षक कमलाकान्त पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी के साथ भी वित्तीय साइबर धोखाधड़ी होती है, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। जितनी जल्दी सूचना दी जाएगी, ठगी गई राशि को वापस पाने की संभावना उतनी ही अधिक रहती है।पुलिस टीम ने बच्चों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए, जिनमें अपना ओटीपी पिन या बैंक पासवर्ड किसी को न बताएं। अनजान लिंक या लुभावने विज्ञापनों पर क्लिक करने से बचें। सोशल मीडिया अकाउंट्स पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन लागू करें। कार्यक्रम के अंत में पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों वाले पंपलेट भी वितरित किए गए, ताकि बच्चे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक कर सकें। इस अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से हे.का. विपीन यादव, का.सरोज, अमित कुमार, श्रीकृष्ण, म.आ. निहारिका पाण्डेय मौजूद रही।

# जुगैल क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव, सड़क-बिजली, पानी-मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाओं से वंचित स्थानीय लोगों का प्रदर्शन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



जुगैल/ सोनभद्र। जुगैल गांव के निवासियों ने आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और अपने 12 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले का जुगैल क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यह क्षेत्र राज्यमंत्री संजय गौड़ के विधानसभा क्षेत्र में आता है, फिर भी यहां की जनता को सड़क, बिजली, पीने का पानी, चिकित्सालय, मोबाइल नेटवर्क और सरकारी बस जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव झेलना पड़ रहा है। वर्ष 1989 में सोनभद्र जिले के गठन के समय जुगैल क्षेत्र की जनता को विकास के कई सपने दिखाए गए थे, जो अब तक पूरे नहीं हो सके हैं। यह जिला देश के सबसे बड़े, पिछड़े, आदिवासी और वनवासी बहुल क्षेत्रों में से एक है, जो राज्य को भारी राजस्व भी देता है। जिले में केंद्र और राज्य दोनों जगह उसी दल की सरकारें रही हैं, जिसके प्रतिनिधियों को यहां की जनता ने चुना है। वर्तमान में भी जिले के चारों विधायक सत्ताधारी दल से हैं, जिनमें राज्यमंत्री संजय गौड़ भी शामिल हैं। इसके बावजूद, जुगैल क्षेत्र आज भी 'काला पानी' जैसी दुर्दशा का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र मुख्य रूप से गरीब, आदिवासी, वनवासी और अति पिछड़े दलित समुदाय के लोगों का निवास स्थान है। स्थानीय निवासियों ने सरकार से विनम्र निवेदन किया है कि इस क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए एक कार्य योजना बनाई जाए, जिससे न केवल जुगैल क्षेत्र का विकास हो, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लोग भी लाभान्वित हो सकें। जुगैल क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं भी हैं। यहां जिरही देवी, बंसरा देवी, सोभनाथ मंदिर, अगोरी किला, कुण्डवासिनी धाम (कुड़ारी देवी) जैसे धार्मिक स्थल और सोन, रेणुका व बिजुल नदियों का संगम मौजूद है। भरहरी ग्रामसभा में हरसाडाड़ खोंगवा दरी भी है, जिसके सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है। जुगैल क्षेत्र, जो भौगोलिक रूप से बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे चार राज्यों से सटा हुआ है, मुख्यालय से कटा हुआ है। यहां के निवासियों को सड़क, बिजली, पीने का पानी, चिकित्सा सुविधा, संचार (मोबाइल नेटवर्क) और सरकारी बस जैसी मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव झेलना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण जुगैल क्षेत्र के गंभीर मरीजों को इलाज के लिए मुख्यालय होते हुए वाराणसी जाना पड़ता है। कई बार उचित उपचार न मिलने के कारण उनकी रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है। संचार व्यवस्था के अभाव में 101, 102, 108, 1090 , 1098, 1070, 112, 1076 जैसे आपातकालीन टोल-फ्री नंबरों का लाभ भी नहीं मिल पाता, जिससे कई बीमार व्यक्ति अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। मोबाइल नेटवर्क की कमी के चलते भारत सरकार और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं भी यहां के गरीब लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इसके अतिरिक्त, नेटवर्क समस्या के कारण जुगैल में बैंक भी जमा-निकासी और खाता खोलने जैसे कार्य नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय जनता को बैंकिंग सेवाओं के लिए 30 किलोमीटर का सफर तय कर ओबरा या चोपन जाना पड़ता है। जनपद सोनभद्र में हिंडाल्को, एनटीपीसी और यूपी पीसीएल जैसी बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं संचालित हैं। हालांकि, इन परियोजनाओं का लाभ स्थानीय आदिवासी और गरीब जनता को नहीं मिल रहा है। क्षेत्र की जनता मुख्य रूप से रेणुका, बिजुल और सोन नदियों पर निर्भर है, लेकिन औद्योगिक परियोजनाओं से निकलने वाले कचरे और प्रदूषण से वे बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोग मजदूरी के लिए इन औद्योगिक परियोजनाओं पर निर्भर हैं, लेकिन उन्हें यहां रोजगार नहीं मिल रहा है। इन परियोजनाओं में बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे स्थानीय युवाओं में असंतोष है। हिंडाल्को, एनटीपीसी और यूपीपीसीएल जैसी संस्थाओं ने जुगैल क्षेत्र के विकास के लिए अब तक कोई विशेष सहयोग नहीं दिया है। खराब आवागमन सुविधाओं के कारण यह क्षेत्र आज भी मुख्यालय से पूरी तरह कटा हुआ है, जिससे यहां के निवासियों का जीवन और भी कठिन हो गया है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने ठंड में बांटी राहत, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण अभियान चलाया। इस सराहनीय पहल के तहत समाज के सबसे कमजोर वर्ग–बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं–को ठंड से बचाव हेतु राहत पहुंचाई जा रही है।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. इच्छित भारत ने बताया कि संस्था का लक्ष्य कुल एक हजार जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में आज धरमगंज क्षेत्र में 200 कंबलों का वितरण किया गया। इससे पूर्व खगड़ा, धरमगंज तथा बस स्टैंड क्षेत्रों में भी कंबल वितरण किया जा चुका है।

स्थानीय लोगों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस मानवीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बताया। संस्था के इस प्रयास से ठंड में बेसहारा लोगों को काफी सहारा मिला है। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मिक्की साहा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कंबल लेने के बाद सभी ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सेवा भाव की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्य जारी रखने की बात कही।

# पीएम किसान योजना के तहत ई-केवाईसी को लेकर डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत सभी किसानों का ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में जिलाधिकारी विशाल राज द्वारा कोचाधामन प्रखंड के बुआलदह पंचायत में ई-केवाईसी कार्य का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित किसान सलाहकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा ई-केवाईसी प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होने की स्थिति में किसानों को योजना की राशि मिलने में कठिनाई हो सकती है।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीराम पासवान, ग्राम पंचायत बुआलदह के मुखिया अबु नसर, कार्यपालक सहायक तिलक सिंह, किसान सलाहकार मोहम्मद ओबैद, राजस्व पदाधिकारी कपिल सोनी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि 9 जनवरी तक चल रहे विशेष कैंप में सभी पात्र किसान अपना ई-केवाईसी अवश्य करवा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि निर्बाध रूप से लाभार्थियों के खाते में प्राप्त हो सके।

# किशनगंज बस स्टैंड ओवरब्रिज के नीचे बना स्मैक का अड्डा, युवा खतरे में

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंजः शहर के प्रमुख बस स्टैंड ओवरब्रिज के नीचे स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों का अड्डा बन गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह जगह अब युवा नशेड़ी का केंद्र बन चुकी है, जहां दिन-रात नशे की गतिविधियां होती रहती हैं।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि यहां नशा करने वाले युवकों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। कई युवक अब नशे की तीव्रता बढ़ाने के लिए इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करने लगे हैं। ओवरब्रिज के नीचे जगह-जगह बिखरी हुई बोतलें, इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन और अन्य नशीले उपकरण इस गंभीर समस्या की पुष्टि कर रहे हैं।

स्थानीय लोग यह भी कहते हैं कि नशा न केवल युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि आसपास के समाज और बच्चों के लिए भी खतरा बन गया है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से इलाके में नियमित गश्त, सख्त कार्रवाई और नशामुक्ति अभियान चलाने की मांग की है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इंजेक्शन के माध्यम से नशा करना स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है और इससे एड्स जैसी घातक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। वहीं पुलिस का कहना है कि वह स्थिति पर नजर रख रही है और जल्द ही इलाके में विशेष कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोग आशा कर रहे हैं कि प्रशासन इस मामले में तुरंत कदम उठाएगा, वरना यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

# बिहार बोर्ड ने किया मैट्रिक परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:-वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना ने कक्षा-10 (मैट्रिक) बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इस संबंध में बोर्ड की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, स्कूल प्रधानाचार्यों और छात्रों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बोर्ड ने साफ तौर पर कहा है कि छात्र स्वयं एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं कर सकेंगे। मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड केवल अपने-अपने स्कूलों के माध्यम से ही प्राप्त होंगे। बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की जिम्मेदारी पूरी तरह स्कूल प्रशासन की होगी। सभी मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य या स्कूल द्वारा अधिकृत शिक्षक ही आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपने स्कूल आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड करने के बाद स्कूल स्तर पर एडमिट कार्ड पर प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर और विद्यालय की मुहर लगाई जाएगी। इसके पश्चात ही एडमिट कार्ड छात्रों को वितरित किए जाएंगे। बिहार बोर्ड ने यह भी निर्देश दिया है कि स्कूल प्रशासन एडमिट कार्ड का वितरण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करे, ताकि किसी भी छात्र को परीक्षा से पहले परेशानी का सामना न करना पड़े। बोर्ड का कहना है कि एडमिट कार्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए अनिवार्य दस्तावेज है और बिना एडमिट कार्ड के किसी भी छात्र को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एडमिट कार्ड मिलने के बाद छात्रों को उसमें अंकित सभी जानकारियों की सावधानीपूर्वक जांच करने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से छात्र का नाम, पिता एवं माता का नाम, रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्म तिथि, परीक्षा केंद्र का नाम और पता, विषयवार परीक्षा तिथि तथा समय जैसी जानकारियों को ध्यान से देखना आवश्यक है। यदि एडमिट कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, जैसे नाम की स्पेलिंग गलत होना, रोल नंबर या विषय में गड़बड़ी, या परीक्षा केंद्र की जानकारी में त्रुटि, तो छात्र को तुरंत अपने स्कूल प्रशासन को सूचित करना होगा। स्कूल प्रशासन संबंधित त्रुटि को बोर्ड के संज्ञान में लाकर समय रहते सुधार की प्रक्रिया पूरी करेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड के अनुसार, कक्षा-10 की थ्योरी परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होकर 25 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का आयोजन पूरे राज्य में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे एडमिट कार्ड में दिए गए विषयवार टाइम टेबल के अनुसार अपनी तैयारी को अंतिम रूप दें और परीक्षा से पहले सभी जरूरी निदेर्शों को भली-भांति पढ़ लें। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दिन छात्रों को एडमिट कार्ड के साथ निर्धारित ड्रेस कोड और अन्य दिशा-निदेर्शों का पालन करना होगा। परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी तरह की दिक्कत न हो। साथ ही, छात्रों को किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाने से बचने की हिदायत दी गई है।

# एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 294 लीटर महुआ शराब बरामद

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**





नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के कजराइन गांव के समीप सोन दियारा क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान 294 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह कार्रवाई एसआई दीपक कुमार और सशस्त्र बल द्वारा की गई है।थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 15वीं वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग व मनरेगा की वार्षिक योजनाएं पारित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती रूकिया बेगम की अध्यक्षता में जिला परिषद के मेची सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के साथ विकास योजनाओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कृषि, पशुपालन, खनन, पथ निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी), आईसीडीएस, आपदा प्रबंधन सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला परिषद सदस्यों ने बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य, अवैध खनन, हर घर नल-जल योजना, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, अस्पतालों में डॉक्टर व एम्बुलेंस की आवश्यकता, सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता, विद्यालयों में चारदीवारी निर्माण तथा मिड-डे-मील योजना में अनियमितता जैसे मुद्दे उठाए।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद ने संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। बैठक में 15वीं वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग एवं मनरेगा के अंतर्गत वार्षिक योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही जिला परिषद की परिसंपत्तियों को बिहार जिला परिषद भू-संपदा लीज निधि नियमावली-2024 के तहत लीज पर देने का निर्णय लिया गया।

उप विकास आयुक्त ने प्रखंड स्तर पर वृक्षारोपण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अवैध राशि मांग के आरोपों की जांच कर संबंधित विभाग को प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया। बाढ़ नियंत्रण की समीक्षा में नदी कटाव से संबंधित मामलों में डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में विधायकों ने खाद्यान्न वितरण, नशा उन्मूलन, तस्करी पर नियंत्रण तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिले के चारों विधायक, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं जिला परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# आर. के. साहा महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर ड्रग अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज द्वारा बुधवार को आर. के. साहा महिला महाविद्यालय में ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन - फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया योजना, 2025 (डॉन) के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पैनल अधिवक्ता संगीता मानव, औषधि निरीक्षक रंजीत कुमार, आर. के. साहा महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रियंका कुमारी आर्या, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकार मित्र राजेश कुमार शर्मा सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देना था। वक्ताओं ने समाज में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सकारात्मक एवं रचनात्मक योगदान के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की छात्राओं को नशा न करने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प दिलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना बनाई जा रही है।

# पटना में एचआईवी मरीजों ने पेंशन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ में बुधवार को सैकड़ों एचआईवी संक्रमित मरीज बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति परिसर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे। इस प्रदर्शन में राज्य के अलग-अलग जिलों से आए मरीज शामिल थे जिनकी मुख्य मांगें थीं वर्षों से बंद पेंशन को बहाल करना, स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित दवाओं और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज और व्यवस्था में उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करना। इस प्रदर्शन में बेगूसराय, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल सहित कई जिलों के एचआईवी संक्रमित मरीज शामिल हुए। मरीजों का कहना था कि वे मजबूरी में सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर राजधानी पहुंचे हैं। क्योंकि स्थानीय स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। राज्य स्वास्थ्य समिति कार्यालय पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और बताया कि सरकारी योजनाएं केवल फाइलों और घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। प्रदर्शन कर रहे मरीजों का सबसे बड़ा आरोप यह था कि उनकी पेंशन पिछले कई वर्षों से बंद है। मरीजों के अनुसार एचआईवी संक्रमितों के लिए पेंशन योजना को वर्ष 2015 में बहाल किया गया था। लेकिन उस समय भी केवल एक महीने की राशि दी गई। इसके बाद योजना फिर ठंडे बस्ते में चली गई। मरीजों का कहना है कि बीते चार वर्षों से उन्हें नियमित पेंशन नहीं मिली है और वर्ष 2025 में भी पिछले छह महीनों से कोई भुगतान नहीं हुआ है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है और कई मरीज इलाज, भोजन और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में असमर्थ हो गए हैं। पेंशन के साथ-साथ मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि कई जिलों में एचआईवी मरीजों के लिए नियुक्त डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। कई स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी एंटी-रेट्रोवायरल दवाओं की कमी रहती है, जिसके कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। नियमित दवाएं न मिलने से उनकी सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है और कई मरीजों की स्थिति बिगड़ती जा रही है। एचआईवी संक्रमित मरीजों ने यह भी बताया कि उन्हें समाज में पहले से ही भेदभाव का सामना करना पड़ता है। बीमारी के कारण लोग उनसे दूरी बना लेते हैं और कई बार उन्हें रोजगार और सामाजिक सम्मान से भी वंचित होना पड़ता है। ऐसे में जब सरकारी व्यवस्था भी उदासीन रवैया अपनाती है, तो उन्हें लगता है कि वे पूरी तरह अकेले छोड़ दिए गए हैं। मरीजों का कहना है कि यह सिर्फ आर्थिक मदद का सवाल नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन का मुद्दा है। प्रदर्शन के दौरान मरीजों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित संस्थान उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कई बार ज्ञापन देने और आवेदन करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मरीजों का कहना था कि योजनाओं की घोषणा तो होती है, लेकिन उनका लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचता। इससे उनमें निराशा और आक्रोश दोनों बढ़ता जा रहा है।प्रदर्शन कर रहे एचआईवी संक्रमित मरीजों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। उनका कहना था कि यह आंदोलन केवल पेंशन बहाली के लिए नहीं है, बल्कि इलाज, सम्मान और जीवन के अधिकार की लड़ाई है। मरीजों ने मांग की कि पेंशन को तुरंत बहाल कर उसकी राशि बढ़ाई जाए, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की नियमित तैनाती हो और जरूरी दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# डेरामारी पंचायत में किसानों का फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का कार्य तेज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

फार्मर रजिस्ट्री (किसानों की डिजिटल पहचान) योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत राज डेरामारी के वार्ड संख्या 09, 10 एवं 11 में किसानों का फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का कार्य लगातार जारी है। पंचायत स्तर पर इस कार्य को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित कर्मी सक्रिय रूप से लगे हुए हैं और घर-घर जाकर किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है।




मुखिया मो. शाहबाज आलम ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी किसानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस डिजिटल पहचान के माध्यम से किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, बीज वितरण, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि सहित अन्य लाभ सीधे और पारदर्शी रूप से प्राप्त होंगे। इसी उद्देश्य से पंचायत के सभी किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने पंचायत के सभी सम्मानित नागरिकों एवं किसानों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण शिविर में पहुंचकर अपना फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवा लें, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी लाभ से वंचित न रहना पड़े।

पंचायत स्तर पर यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है और वार्डवार पंजीकरण कर अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

# नवीनगर में प्रधानाध्यापक ने शिक्षक को जूते से पीटा, कार्रवाई की मांग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर+औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के चरण गांव स्थित उच्च विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मराज कुमार ने एक शिक्षक गयासुद्दीन को जूते से पीटा, जिससे वे जख्मी हो गए।



घटना के बाद जख्मी शिक्षक ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और एसपी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।शिक्षक गयासुद्दीन द्वारा बताया गया कि वे नियमित समय पर विद्यालय गए थे, जहां प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षकों का अराइवल का डिपार्चर भरा जा रहा था। प्रधानाध्यापक देर से आने के बाद भी अपने चहेते शिक्षकों का अराइवल पहले और डिपार्चर बाद में भेजते हैं। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो प्रधानाध्यापक गुस्सा हो गए और जूते से पीटा। गयासुद्दीन ने आरोप लगाया है कि बच्चों के सामने उसे पिटा गया और इस कार्य में विद्यालय के लिपिक अमिताभ कुमार सिंह ने भी उनका साथ दिया।बाद में मौजूद शिक्षकों द्वारा बीच बचाव कर मामले को शांत कराया गया।प्रधानाध्यापक धर्मराज कुमार ने बताया कि गयासुद्दीन लगातार चार दिनों से विद्यालय लेट पहुंच रहे थे और रजिस्टर पर अराइवल का समय पहले भर रहे थे। समय पर विद्यालय आने और अराइवल में सही समय भरने को कहा गया तो हाथापाई करने लगे।वहीं पीड़ित शिक्षक ने अपने आवेदन में कहा कि ऐसे माहौल में बच्चों को पढ़ाना संभव नहीं है। उन्होंने प्रधानाध्यापक और लिपिक से जान का खतरा बताते हुए अपनी स्थानांतरण की मांग किया है।

# कुटुम्बा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 लोग गिरफ्तार, 55 लीटर शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने महुआधाम में छापेमारी कर एक महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 55 लीटर शराब बरामद की है, वहीं मौके से 2 बाइक भी जप्त किया गया है।




थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि बरामद शराब में मैहर रॉयल झारखंड डीलक्स लिक्वर, देशी महुआ चुलाई शराब और देशी टनाका शराब शामिल है।गिरफ्तार लोगों का पहचान बबलु कुमार, रामाबांध, नगर थाना, औरंगाबाद,रामजी चौधरी,यमुना नगर, नगर थाना, जिला औरंगाबाद,सुदय कुमार,निवासी बड़हरा, थाना-माली, जिला औरंगाबाद और निर्मला देवी, पति ललन पासवान, निवासी अदमा, थाना-नरारीकला, जिला औरंगाबाद है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# नबीनगर में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना क्षेत्र के दमड़ी बीघा गांव के समीप एक बच्चे को धक्का मारकर भागने के क्रम में थाना क्षेत्र के भुसौली गांव के समीप एक युवक को गहरी चोट आई थी। घायल युवक पवन कुमार शर्मा, उम्र लगभग 25 वर्ष पिता परशुराम ठाकुर, निवासी तेंदुआ को इलाज के लिए परिजन वाराणसी स्थित निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक का शव बुधवार को तेंदुआ स्थित घर पर लाया गया, जहां नबीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया।पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में घायल युवक पवन कुमार शर्मा की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है ।



# पटना में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ रेल थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक 18 वर्षीय युवक की मौत ट्रेन के चपेट में आने से हो गयी। मृतक की पहचान शांति टोला निवासी अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अखिलेश के पेट में गंभीर जख्म था, जिसका बेहतर इलाज कराने के लिए वह पटना जा रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि शहर पहुंचकर उसका समुचित इलाज हो जाएगा और वह जल्द ठीक हो जाएगा। इसी उद्देश्य से अखिलेश मंगलवार को स्टेशन पहुंचा था। अखिलेश कुमार कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियों को संभाल रहा था। वह शहर की एक रामचंद्र हार्डवेयर दुकान में काम करता था और अपनी मेहनत से घर का खर्च चलाने में सहयोग करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्टेशन के पास ट्रैक पार करने के दौरान अखिलेश ट्रेन की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शाम का वक्त होने के कारण ट्रैक के आसपास हलचल थी और उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। अखिलेश को संभलने या हटने का मौका नहीं मिल पाया और वह सीधे ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक के आसपास अफरा तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने जब युवक को ट्रैक पर बेसुध पड़ा देखा तो तुरंत शोर मचाया। कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जबकि कुछ ने परिजनों को खबर पहुंचाई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई इस दर्दनाक दृश्य से स्तब्ध था।सूचना मिलते ही बाढ़ रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान हुए हादसे का प्रतीत होता है। हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अखिलेश की मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और अन्य परिजन बेसुध हो गए। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस बेटे को इलाज के लिए घर से विदा किया गया था, उसकी लाश लौटेगी, यह किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। मोहल्ले के लोग भी घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।

# बिहटा में घर से चोरों ने किया दो लाख नगद सहित आभूषण की चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में देर रात अज्ञात चोरों ने एक रिहायशी घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को जांच में अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए घर के मुख्य गेट का ताला काटकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने घर के अंदर मौजूद कमरों के ताले तोड़े और अलमारियों व बक्सों की तलाशी ली। चोरों की संख्या तीन बताई जा रही है, जो आपस में तालमेल के साथ पूरे घर में घूमते हुए कीमती सामान समेटते नजर आए। घटना को अंजाम देने के बाद वे बड़ी आसानी से मौके से फरार हो गए। चोरी की जानकारी तब सामने आई, जब सुबह घर के सदस्य नींद से जागे। उन्होंने देखा कि घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और मुख्य गेट का ताला कटा हुआ है। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग घबरा गए और तुरंत



आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते गांव के लोग मौके पर जमा हो गए और घटना की चर्चा पूरे इलाके में फैल गई। घर के मालिक मदन ठाकुर ने बताया कि चोर करीब 2 लाख रुपये मूल्य के गहने और लगभग 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए हैं। इसके अलावा घर में रखे कुछ अन्य कीमती सामान भी गायब हैं। मदन ठाकुर के अनुसार, रात को खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए थे और किसी को भी चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह उठने पर जब यह नुकसान सामने आया, तो परिवार सदमे में आ गया। घटना के बाद आसपास के इलाकों की तलाश करने पर घर से कुछ दूरी पर खेत में एक बैग और कुछ अन्य सामान बिखरा हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने जरूरी सामान निकालने के बाद बाकी चीजें वहीं फेंक दी होंगी। इस जानकारी से पुलिस को चोरों के भागने के रास्ते और उनके तौर-तरीकों को समझने में मदद मिल सकती है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे ने इस वारदात को रिकॉर्ड कर लिया है। फुटेज में साफ तौर पर तीन चोर घर में घुसते, कमरों की तलाशी लेते और अलमारियां खोलते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ फुटेज में उनके चेहरे भी आंशिक रूप से नजर आ रहे हैं, जिससे पहचान की संभावना बढ़ गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर लिया है और उसी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की। इसके बाद स्थानीय थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और पूरे घर का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और चोरी से जुड़ी जरूरी जानकारियां जुटाईं। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच कर रही है।चोरी के इस मामले में पुलिस ने पटना से एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम को भी सूचना दी है। इन टीमों की मदद से घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए जाएंगे और चोरों के सुराग तलाशे जाएंगे। पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी फुटेज और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान संभव हो सकती है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि 112 डायल से चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित परिवार की ओर से थाने में लिखित शिकायत मिलने के बाद विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी और प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# पटना में बदमाशों ने किया दुकानदार के साथ मारपीट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में पाटलिपुत्र इलाके के केसरी नगर में एक दुकानदार के साथ सरेराह मारपीट और लूट की वारदात ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है। यह घटना 5 जनवरी की रात की बताई जा रही है, जब दुकान बंद कर घर लौट रहे दुकानदार को कुछ बदमाशों ने घेर लिया और बीच सड़क पर बेरहमी से पीटा। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। पीड़ित दुकानदार गिरधर झा ने बताया कि वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर घर की ओर जा रहे थे। रास्ते में अचानक पीछे से किसी ने उन्हें आवाज दी। जब उन्होंने पलटकर देखा तो पास की एक दुकान के सामने से चार से पांच लोग उनकी ओर तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दिए। शुरूआत में उन्हें लगा कि शायद कोई परिचित होगा, लेकिन जैसे ही वे लोग पास पहुंचे, उन्होंने गाली-गलौज और अभद्र भाषा का इस्तेमाल शुरू कर दिया।दुकानदार का कहना है कि जब उन्होंने इस बदसलूकी का विरोध किया तो बदमाश और उग्र हो गए। सभी ने मिलकर उन्हें खींचना शुरू कर दिया और देखते ही देखते मारपीट करने लगे। आरोप है कि उन्हें सड़क पर घसीट-घसीटकर पीटा गया। इस दौरान आसपास मौजूद लोग भी दहशत के कारण बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा सके। घटना के दौरान हालात उस समय और गंभीर हो गए जब आरोपियों में से एक ने दुकानदार के पेट में पिस्टल सटा दी। गिरधर झा का आरोप है कि उस व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और चुप रहने को कहा। इस धमकी के कारण वह पूरी तरह डर गए और खुद को बचाने में असहाय महसूस करने लगे। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान ही बदमाशों ने उनके पास मौजूद नकदी और कीमती सामान भी छीन लिया। आरोप है कि दुकान के कैश काउंटर से 8900 रुपये, उनकी कलाई की घड़ी और सोने की अंगूठी लूट ली गई। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए और दुकानदार घायल अवस्था में सड़क पर पड़े रहे।घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग दुकानदार को घसीटते हुए मारपीट कर रहे हैं। यह फुटेज न सिर्फ घटना की गंभीरता को उजागर करता है, बल्कि आरोपियों की पहचान में भी अहम भूमिका निभा सकता है। पीड़ित का कहना है कि यह फुटेज उनके आरोपों की पुष्टि करता है।घटना के बाद गिरधर झा ने राजीव नगर थाने में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कुछ लोगों को नामजद आरोपी भी बनाया है। हालांकि पीड़ित का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो उनसे आवेदन में बदलाव करने को कहा गया। उनका यह भी कहना है कि जब उन्होंने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज दिखाया तो उनसे आवेदन लेकर अगले दिन आने को कहा गया, जिससे उन्हें निराशा हुई। पीड़ित को आशंका है कि यह हमला किसी पुराने विवाद का नतीजा हो सकता है। गिरधर झा के अनुसार, कुछ दिन पहले उनसे एक मामले में गवाही देने को कहा गया था, लेकिन उन्हें उस केस की कोई जानकारी नहीं थी, इसलिए उन्होंने गवाही देने से मना कर दिया था। उनका मानना है कि इसी बात से नाराज होकर कुछ लोगों ने उनके साथ यह वारदात की।

# बनासो कुर्सी गोदाम में लगी आग, गौदाम में रखे समान हुए जल कर राख

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ । प्रखंड के बनासो स्थित एक निजी गोदाम में बुधवार दोपहर आग लग गई। जहां फेरी कर बिक्री करने वालों की बड़ी संख्या प्लास्टिक कुर्सियां, कंबल, दर्शी रखी थी। लगी आग देखते देखते पूरे गोदाम को अपने चपेट ले ली। उठती लंबी लपटों से किसी के सामने जाकर आग बुझाने की कोशिश करना भी संभव नहीं हो सका। लिहाजा अगल बगल स्थित घरों एवं दूकानों को बचाने की कोशिश में उसके मालिक जुटे रहे। गोदाम बनासो के मो महफूज का बताया जा रहा है। जिसे बाहर से आकर फेरी करने वालों को किराए पर दे रखा था। खबर भेजे जाने तक आग की उग्रता धीमी पड़ गई थी। पर पूरी तौर पर बुझी नहीं थी। आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है।



# सात मिल चौक स्थित फॉरेस्ट चेकनाका के समीप खुले आम बिक रहे गांजा।

## नशे के सौदागर बेखौफ होकर कम उम्र के युवाओं के साथ कर रहे है सौदा।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़।प्रखंड क्षेत्र में नशे का सौदागर इन दिनों बेखौफ होकर नशा का सौदा कर रहे है।बताते है नशे के सौदागरों को युवाओं के साथ गांजा का सौदा करने में बड़ा मजा आ रहा है। इसकी चपेट में युवा किशोर सबसे अधिक है। जो ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय।ग्रामीणों ने बताया सात मिल चौक स्थित फॉरेस्ट चेकनाका के समीप धड़ल्ले से कम उम्र के युवाओं के साथ नशे का सौदा किया जा रहा है । जिसे किसी प्रशासन का डर और भय नहीं है।हर रोज अहले सुबह से रात्रि तक खुलेआम गांजा की बिक्री जोरो रहती है।जिससे आस पास रह रहे लोगों ने इसे शर्मनाक और समाज को कलंकित वाला सौदा बताया।



# औरंगाबाद में ठंड के कारण स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले में लगातार ठंड एवं शीत लहर की स्थिति बनी हुई है, जो विशेष रूप से बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत औरंगाबाद जिला के सभी निजी / सरकारी विद्यालयों/ निजी कोचिंग संस्थानों (प्री-स्कूल एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों सहित) 5वीं तक के कक्षाओं के शैक्षणिक गतिविधियों को दिनांक 08.01.2026 से 10.01.2026 तक प्रतिबंध लगाया है। 6वीं से 12वीं तक के कक्षाओं के शैक्षणिक गतिविधियों पर 08.01.2026 से 10.01.2026 तक पूर्वाह्न 11:00 बजे से पहले एवं अपराह्न 03:30 बजे पश्चात प्रतिबंध रहेगा।परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।विद्यालय प्रबंधन को निदेश दिया गया है कि वे ऊपर उल्लेखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को स्थगित रखेंगे। ठंड एवं मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा परस्थितियों के अनुरूप अग्रेतर निर्णय लिया जाएगा।



# बागबेड़ा के "जूनियर गोविंदा" रत्नाकर पात्रो बन रहे हैं युवाओं की पहचान

**संवादाता परमवीर पात्रों दैनिक समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूम:बागबेड़ा (जमशेदपुर)। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा की हूबहू स्टाइल, डांस और एक्सप्रेशन के लिए पहचाने जाने वाले रत्नाकर पात्रो, जिन्हें लोग प्यार से जूनियर गोविंदा कहते हैं, आज बागबेड़ा क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

रत्नाकर पात्रो अपने अनोखे अंदाज, जबरदस्त डांस मूव्स और गोविंदा जैसी अदाओं के कारण स्थानीय कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों और युवाओं के बीच खास पहचान बना चुके हैं। उनकी वीडियो क्लिप्स और परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रत्नाकर पात्रो में एक सच्चे कलाकार की झलक मिलती है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने हुनर के दम पर अलग पहचान बनाई है। बागबेड़ा जैसे क्षेत्र से निकलकर कला के क्षेत्र में नाम बनाना कई युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है। "जूनियर गोविंदा" का सपना है कि वे बड़े मंच तक पहुंचकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे बागबेड़ा और जमशेदपुर का नाम रोशन करें। उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर सही मंच और अवसर मिला, तो रत्नाकर पात्रो भविष्य में और भी बड़ी पहचान बना सकते हैं।




# रोजगार की तलाश में गया बेटा , लौटा अर्थी बनकर

## प्रवासी मजदूर उमेश महतो का शव पहुंचा ऊपरघाट के जुरामना गाँव

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित बरई पंचायत क्षेत्र के जुरामना निवाशी उमेश महतो का शव मुंबई से पैतृक आवास जुरामना गांव पहुँचा तो परिजनों के हृदय विदारक चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक उमेश महतो का शव जैसे ही उनके घर पहुंचा तो ह्लक्या बूढ़े, क्या नौजवान एका-एक उसके घर के तरफ दौड़ पड़े। उमेश की पत्नी पायल देवी और उनकी माँ मुनिया देवी का रोते-रोते बुरा हाल हो चुका हैं । वे लगातार अचेत हो जा रही हैं जिनको आस-पास के महिलाओं द्वारा सम्भाला जा रहा हैं, लेकिन उनकी पत्नी अपने पति खोने के गम में वह किसी की नही सुन रही हैं,उनके एक ही शब्द सभी को रुला दे रहे हैं कि हम केकर बिगाडले रहनी हा,अब हमनी के केकरा सहारे रहब। उसकी पत्नी और माँ की यह कह कर दहाड़ मार रही थी। पत्नी पायल देवी और माँ मुनिया देवी, पिता नारायण महतो की बिलाप सुन कर उपस्थित लोग भी अपने-अपने आंसू को नही रोक पाए, बता दे की उमेश महतो मुम्बई में एसएन इंजीनियरिंग कंपनी में काम करता था। जिन्हें 31 दिसंबर को कार्य के दौरान विद्युत स्पर्धात से मौत हो गया था। कंपनी के द्वारा मुआवजा नहीं मिलने के कारण शव साथी लोग नहीं उठा रहे थे। सुचना मिलते हीं प्रवासी मजदूरों के हितार्थ काम करने वाले क्षेत्र के समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महतो ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। वे अपने सहयोगी आदर्श श्रमिक एकता सामाजिक संस्था से संपर्क कर परिजन को उचित मुआवजा दिलाने में सफल रहे। इसके बाद अस्पताल से शव को उठाया गया। बता दे की संस्था के हेमंत महतो अपने सहयोगियों के साथ मुम्बई अस्पताल पहुंचकर कंपनी के सचिन कुमार से वार्ता कर शव को झारखंड भेजा । वार्ता में तत्काल परिजनों के खाते में 3 लाख 21 हजार व बीमा का लाभ साथ ही ईपीएफ से परिजन को पेंशन देने पर सहमती बनी है , उमेश महतो की शव पहुँचते ही स्थानीय विधायक जय राम महतो पहुँचे और परिजनों से मिल ढाढस बंधाया। वही मृतक का परिवार बेहद गरीब है। उमेश महतो अपने पीछे दिव्यांग पिता नारायण महतो, माता मुनिया देवी, पत्नी पायल देवी, पुत्र युवराज 2.5 वर्षीय व धीरज कुमार नौ माह सहित दो भाई को छोड़ गया। वही प्रवासी मजदूरों के हितार्थ मे कार्य कर रहे सह समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के प्रवासी मजदूरों का मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी कई प्रवासी मजदूरों की मौतें देश एवं विदेशों में हो चुकी है. प्रवासी मजदूरों के साथ किसी तरह का हादसा व किसी तरह का समस्या आती है, तो झारखंड के विधायक, सांसद व मंत्री किसी तरह की मदद नहीं करते हैं. मदद के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है । राज्य सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए, ताकि मजदूरों के पलायन और इस तरह ह्दय विदारक घटनाएं रोके जा सके। आदर्श श्रमिक एकता सामाजिक संस्था के सदस्यों ने एक ही स्वर मे बताया कि अपार दुख की इस घड़ी में संस्था पीड़ित परिवार के साथ है. यह संस्था के सभी सदस्य इस परिवार का भाई व बेटा बनकर हरसंभव सहयोग करेंगे. बताया कि यह संस्था लाचार, बेवश प्रताड़ित परिवारों के सुख दुख का भागीदार बनता है. इससे पूर्व भी कई पीड़ित परिवारों को अपेक्षित सहयोग किया गया है और मौका मिला तो आगे भी करते रहेंगे. इस संबंध में समाजसेवी नागेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपायुक्त, सीओ व बीडीओ को ट्वीट कर शव को पैतृक गांव लाने की गुहार लगाता रहा। मुम्बई में वार्ता में संस्था के हेमंत महतो, दौलत महतो, अर्जुन महतो, भीम महतो, लाल यादव सहित कई थे।





मृतक उमेश महतो

**विधायक का किया विरोध**

: स्थानीय डुमरी विधायक जयराम महतो समर्थकों के साथ श्मशान घाट पहुंचे. परिजनों व स्थानीय लोगों ने विधायक का विरोध किया. कहा कि पांच दिन आप कहां थे. एक भी दिन शोकाकुल परिवार का हाल चाल नहीं लिया. अगर आपने प्रयास किया होता तो उमेश महतो का शव तीन दिन अस्पताल में नहीं रहता.

# पत्रकार एकता मंच ने निभाया सामाजिक दायित्व, गांधीगिरी कर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## नियमों का पालन नहीं करने वालों को गुलाब का फूल किया भेंट

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर झारखंड 07 जनवरी 2026: पत्रकार एकता मंच कोल्हान ने बुधवार को सामाजिक दायित्व के तहत गांधीगिरी कर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक किया. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन टाटानगर स्टेशन से सटे संकटा सिंह पेट्रोल पंप के पास किया गया. इस दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंटकर यातायात नियमों से अवगत कराया. वाहन चालकों को बताया गया कि जीवन अनमोल है. लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है. संगठन की गांधीगिरी से कई वाहन चालक शर्मसार हुए. उन लोगों ने आगे से नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा ली. दूसरी ओर पत्रकार संगठन की इस अनुठी पहल का यातायात पुलिस ने स्वागत किया. मौके पर जुगसलाई यातायात प्रभारी संजय जनक मुर्ति समेत यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे. यातायात प्रभारी ने भी कई राहगीरों को गुलाब का फूल भेंटकर सड़क सुरक्षा की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पूरे देश में पहली जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है. इस दौरान परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की ओर से वाहन चालकों को परिवहन नियमों की जानकारी दी जा रही है. उन्होंने वाहन चालकों को चेताया कि मोटर व्हीकल एक्ट में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर भारी-भरकम जुमार्ने का प्रावधान किया गया है. इससे बचने के लिए जरूरी कागजात के अलावे खूद की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वाहन चलाएं. पत्रकार एकता मंच के संरक्षक गोविंदा पति ने कहा कि संगठन पत्रकार कल्याण के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन बखूबी कर रहा है. इसी के तहत ने आज आम लोगों को खासकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. मौके पर महासचिव सुनील पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत सिंह राजपूत, संरक्षक राजेश ठाकुर, संगठन सचिव मो. शहजादा, वरीय सदस्य मो. शहजादा खान, पूर्वी सिंहभूम प्रभारी मनीष ओझा, सह संगठन सचिव शिव रंजन मुखर्जी, वृजकिशोर ठाकुर, कामदेव कुमार, मनोरंजन कुमार समेत काफी संख्या में संगठन से जुड़े पत्रकार मौजूद रहे.

# बरई पंचायत के बनकटवा वार्ड में किया गया कंबल का वितरण

**भुनेश्वर कुमार महातो ,संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित बरई पंचायत अंतर्गत बनकटवा गांव में जरूरत मंद लोगों के बीच संसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल व वार्ड सदस्य प्रदीप महतो ने कंबल का वितरण किया । वही संसद प्रतिनिधि



दीपू अग्रवाल ने वितरण कर कहा कि क्षेत्र में बढ़ी शीतलहर और कनकनी के मद्देनजर देख कंबल का वितरण किया गया है। ताकि ठंड से जरूरत मंद लोगों को राहत मिल सके। वहीं कंबल प्राप्त करने वाले बुधनी देवी, सहदेव महतो , नियामत मियां, विष्णु महतो, बेगम बीबी, अमृत महतो, रतनी देवी, रुकवा देवी, प्यासी देवी को मिलते ही चेहरे में खुशी दिखी। मौके पर संतोष अग्रवाल,दीपक मंडल, बालेश्वर महतो, उपस्थित थे ।

# मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों ने डुमरी विधायक जयराम महतो का किया विरोध।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : डुमरी विधायक जयराम महतो समर्थकों के साथ श्मशान घाट पहुंचे. परिजनों व स्थानीय लोगों ने विधायक का विरोध किया. कहा कि पांच दिन आप कहां थे. एक भी दिन शोकाकुल परिवार का हाल चाल नहीं लिया और शव आया तो फोटो खिचवाने श्मशान घाट तक चले आए. अगर आपने प्रयास किया होता तो उमेश महतो का शव तीन दिन अस्पताल में नहीं रहता व दाह संस्कार पहले हो जाता। बता दे की डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह प्रखण्ड ऊपरघाट स्थित जुरामना निवाशी नारायण महतो के मंझला पुत्र उमेश महतो महाराष्ट्र के औरंगाबाद में आरएस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्य करता था। वही बीते 31 दिसंबर को कार्य के दौरान विद्युत की चपेट मे आने से घायल हो गया थे ऐसे मे



नजदीक के अस्पताल मे भर्ती किया गया। जहा इलाज के दोरान 1जनवरी को उसकी मौत हो गई थी । मौत के बाद तीन दिन तक शव अस्पताल पर ही पड़ा रहा। कंपनी के द्वारा उचित मुआवजा नहीं मिलने के कारण शव साथी लोग नहीं उठा रहे थे। वही प्रवासी मजदूरों के हितार्थ काम करने वाले क्षेत्र के समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महतो ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। और अपने सहयोगी आदर्श श्रमिक एकता सामाजिक संस्था से संपर्क कर परिजन को उचित मुआवजा दिलाने में सफल रहे। कंपनी की ओर से 3 लाख 21 हजार रुपये पत्नी के बैंक खाते पर बीते 4 जनवरी को डाला गया, तब जाकर शव वहां से उठा जिसके बाद सड़क मार्ग से 6 जनवरी दिन मंगलवार को पैतृक गाँव ऊपरघाट के जुड़ामना गाँव शव पहुँचा। वही स्थानीय विधायक जयराम महतो परिजनों से मिल ढाँढस बंधाया है और हर सम्भव सरकारी लाभ दिलाने की बात कह गया है।

# नगर पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट गया है आरजेडी

## चतरा जिला प्रवास करेंगे आरजेडी नेता सुनील साहू

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह टीएसफोर झारखंड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष योधन नायक ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह तेली साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू 10 से 14 जनवरी तक चतरा जिला प्रवास करेंगे। 10 जनवरी को टीएसफोर चतरा जिला की बैठक में उपस्थित होंगे और संगठन का विस्तार करेंगे ! 11 जनवरी को आरजेडी झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता समागम सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल होंगे ! 12 , 13 और 14 जनवरी को गाँव-गाँव जाकर जनसम्पर्क अभियान में शामिल रहेंगे। उक्त सभी कार्यक्रम में आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव सह टीएसफोर झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही , आरजेडी चतरा जिला के प्रवक्ता मुरारी साव , आरजेडी व्यवसाय प्रकोष्ठ चतरा के जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार साहू शामिल रहेंगे ! श्री साहू ने यह भी बताया कि मुख्य रूप से नगर पंचायत चुनाव से सम्बंधित चर्चाएं की जाएगी साथ ही आरजेडी झारखंड के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव जी के आमंत्रण पर 15 जनवरी को कोडरमा के कार्यक्रम में साथ रहेंगे और 16 जनवरी को जिलाध्यक्ष सुनील कुशवाहा के द्वारा आयोजित आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ रामगढ़ जिला की बैठक में शामिल होंगे तथा संगठन का विस्तार करेंगे !



# पत्रकार एकता मंच कोल्हान एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया जागरूक अभियान

**समाज जागरण 07.01.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पत्रकार एकता मंच कोल्हान और जिला प्रशासन के जुगसलाई ट्रैफिक प्रभारी के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों द्वारा शहर में हो रही दुर्घटना को देखते हुए एक जागरूक अभियान चलाया गया जहां आज के युग में लगातार सड़क दुर्घटना को देखते हुए भी लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में पत्रकार एकता मंच कोल्हान के संरक्षक गोविंदा पति एवं महासचिव सुनील पांडे और जुगसलाई ट्रैफिक प्रभारी नें एक जागरूक अभियान चलाया जहां बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड, रेस ड्राइविंग, करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया। वही ऐसे व्यक्तियों पर चिह्नित करते हुए उन्हें हो रहे शहर में सड़क दुर्घटना से जागरूक किया।वही ट्रैफिक प्रभारी ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि अपनी जान का सुरक्षा करना स्वयं अपने हाथों पर है।



# प्रखंड स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : कुकडू प्रखंड अंतर्गत हाट मैदान में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुकडू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला, कुकडू प्रखंड के प्रमुख प्रतिमा वाला सिंह पातर एवं चिकित्सक डॉ. हरेंद्र पासवान विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रखंड स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय परामर्श एवं सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना रहा। उद्घाटन के बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले प्रखंड स्वास्थ्य मेले से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलती है। पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजनों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और गंभीर बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाती है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले माह जिला परिषद की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिए दूरझ्र दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। प्रखंड स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इनमें सामान्य चिकित्सा, मातृझ्रशिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, नेत्र व दंत जांच के साथ आयुष्मान भारत योजना के लिए विशेष काउंटर लगाया गया था। जिन लाभुकों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था, उनका ऑन-स्पॉट पंजीकरण किया गया। आयोजकों के अनुसार सैकड़ों ग्रामीणों ने मुफ्त जांच एवं दवाओं का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने ग्रामीणों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। वहीं स्थानीय मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने कहा कि प्रखंड में स्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनने से सभी पंचायतों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

प्रखंड स्वास्थ्य मेला को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया और लोगों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के आयोजन की मांग की।

# मेहरमा में शीतलहरी और कड़ाके की ठंड का कहर जारी, स्वयं की व्यवस्था का अलाव बना सहारा

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**



गोड्डा मेहरमा प्रखंड में शीत लहरी और कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। बुधवार को भी सुबह करीब 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। इससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वाहन चालकों को भय के साए में धीरे-धीरे वाहन चलाना पड़ा। इससे उन्हें आधे घंटे की दूरी एक से डेढ़ घंटे में तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक जगहों,गांव, घर व मुहल्लों में लोगों को ठंड से ठिठुरते देखा जा रहा है। प्रशासन की ओर से कहीं अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों को स्वयं की व्यवस्था से अलाव जलाकर ठंड से बचने के प्रयास में देखे जाते हैं।लोगों के लिए अलाव हीं सहारा बना हुआ है।इधर शीतलहरी और कड़ाके की ठंड के कारण डोय और मैनाचक में बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट पर भी प्रतिकूल असर पड़ा।हाट में लगने वाले दुकानदारों और खरीदारों की भी संख्या कम रही।

घना कोहरा और कड़ाके की ठंड के कारण लोगों का घरों से निकलना दुबर हो गया है। इस कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। बाजारों में भी चहल-पहल काफी कम रहती है। व्यवसाईयों के रोजगार धंधा पर असर पड़ रहा है। दैनिक मजदूरी करने वालों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इतनी ठंड के बावजूद अब तक किसी समाजसेवी संगठनों द्वारा भी न तो गर्म कपड़ा, कंबल आदि का ही वितरण किया जा रहा है और न हीं अलाव की हीं व्यवस्था की जा रही है।लोगों को स्वंय की व्यवस्था से अलाव जलाना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से प्रत्येक पंचायत में 90-90 कंबल गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध कराया गया है। मुखिया द्वारा कंबल वितरण शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उन्हें लोगों के कोपभाजन का भी शिकार होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि संख्या और जरूरत मंदों के अनुसार प्रति पंचायत 90 कंबल काफी कम है। क्षेत्र बुद्धिजीवियों ने समाजसेवियों से ठंड से कांप रहे लोगों के सहयोग में बढ़-चढ़कर आगे आने का आह्वान किया है। साथ हीं प्रशासन से भी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों, बस स्टैंडों व सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने की मांग की है। ताकि स्थानीय लोगों सहित मार्ग होकर गुजर रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल सके।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर अध्यक्ष फतेहचंद टुडू के द्वारा बांटा गया वीजा एवं पासपोर्ट नए युवकों को मिला दुबई में रोजगार।

**समाज जागरण 07.01.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर ओल्ड पुरुलिया रोड ,क्रॉस रोड नंबर 2 स्थित रोलेक्स ट्रैवल सर्विसेज के वीजा एवं पासपोर्ट वितरण कार्यक्रम में 38 नवयुवकों को दुबई की जुमा अल मजिद कंपनी में रोजगार हेतु नियोजित होने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य श्री शेख बदरुद्दीन जी, श्री प्रमोद लाल जी एवं मानगो नगर अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू जी के हाथों वीजा एवं पासपोर्ट वितरण किया गया,ये सभी नवयुवक इसी महीने 14-01-2026 को मुंबई से दुबई के लिए रवाना होंगे। रोलेक्स ट्रैवल सर्विसेज के ब्रांच मैनेजर मोहम्मद शाहबाज खान एवं उनके पिता दिवंगत मोहम्मद कलाम खान पिछले 30 वर्षों से गरीब,बेरोजगार नवयुवकों को खाड़ी देशों में नौकरी के लिए भेजने का कार्य करते आ रहे हैं, जो की मुख्यत व्यावसायिक ना होकर सामाजिक सेवा के स्तर पर किया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर प्रभात सिंह, तनवीर अहमद, खालिद अनवर, मोहम्मद नासिर, शेख अजहरुद्दीन,आदिल फरहान, महबूब,नईम आदि उपस्थित थे।

# जमशेदपुर में 9 से 11 जनवरी तक तीन दिवसीय भव्य डॉग शो, देशभर से 326 स्वान लेंगे हिस्सा

**समाज जागरण 07.01.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




जमशेदपुर में आगामी 9 से 11 जनवरी तक लगातार तीन दिनों तक भव्य डॉग शो का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जमशेदपुर केनल क्लब द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर से सैकड़ों खूबसूरत और दुर्लभ नस्ल के स्वान भाग लेंगे।

केनल क्लब की अध्यक्ष रूचि नरेन्द्रन ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 79वां, 80वां और 81वां डॉग शो एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में जमशेदपुर केनल क्लब के 38 स्वान शामिल होंगे, जबकि कुल मिलाकर देशभर से 326 स्वान डॉग शो में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

उन्होंने बताया कि इस डॉग शो में कुल 43 अलग-अलग डोमेस्टिक और इंटरनेशनल ब्रीड के स्वान दर्शकों को देखने को मिलेंगे, जो स्वान प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेन्द्रन करेंगे।

यह आयोजन न सिर्फ स्वान प्रेमियों के लिए बल्कि बच्चों और परिवारों के लिए भी मनोरंजन और सीख से भरपूर एक यादगार अनुभव साबित होगा। जमशेदपुर में इतने बड़े स्तर पर हो रहा यह डॉग शो शहर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा।

# निवेश के 3 बड़े मिथ टूटे: न शेयर हमेशा बेहतर, न सोना सबसे सुरक्षित, न डायवर्सिफिकेशन नुकसानदेह

फाइनैंशियल जगत में कुछ मान्यताओं ने बड़ी ही मजबूती से अपने पैर जमा रखे हैं। पिछले कई दशकों से निवेशक आंख मूंद कर इन पर भरोसा करते आए हैं। उदाहरण के लिए, निवेशक मानते आए हैं कि शेयर हमेशा सोने जैसे ह्लगैर-उत्पादकह्व निवेशों से बेहतर होते हैं, सोना मुश्किल समय में सबसे सुरक्षित विकल्प है और डायवर्सिफिकेशन से मुनाफा घटता है। जबकि हकीकत में ये मान्यताएं सच से कोसों दूर हैं। ऊरढ म्युचुअल फंड की एक नई रिपोर्ट इन मान्यताओं को चुनौती देती है। यह रिपोर्ट पिछले कुछ दशकों के ग्लोबल डेटा का इस्तेमाल कर दिखाती है कि हकीकत कहीं ज्यादा जटिल और रोमांचक है।

**मिथ 1: शेयर हमेशा सोने से बेहतर**

**विकल्प**

परंपरागत सोच कहती है कि जो संपत्तियां नियमित आय देती हैं, जैसे स्टॉक्स, वे समय के साथ सोने जैसी रेगुलर इनकम देने वाली संपत्तियों से हमेशा बेहतर प्रदर्शन करती हैं। लेकिन DSP म्युचुअल फंड की नेत्रा रिपोर्ट में 21वीं सदी के रिटर्न का विश्लेषण कुछ और ही कहानी बताता है।

# जमालपुर (जुलूमटाड़) में सड़क नहीं, सिर्फ कच्चा रास्ता – नगर निकाय चुनाव से पहले सवालों के घेरे में विकास

**संवादाता परमवीर पात्रों दैनिक समाज जागरण**



आदित्यपुरःजमालपुर (जुलूमटाड़) क्षेत्र में आज भी मुख्य सड़क के नाम पर केवल कच्चा रास्ता ही मौजूद है। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए यह रास्ता किसी चुनौती से कम नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निकाय चुनाव नजदीक आते ही एक गली में आनन-फानन में पीसीसी सड़क बना दी गई, लेकिन बाकी गलियों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि अगर एक गली में पीसीसी सड़क बन सकती है तो पूरे जमालपुर (जुलूमटाड़) क्षेत्र की गलियों में समान रूप से विकास कार्य क्यों नहीं किए गए?

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि चुनाव के समय विकास कार्य केवल दिखावे तक सीमित रह जाते हैं। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद जनप्रतिनिधियों और नगर प्रशासन ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई। कच्चे रास्ते के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि नगर निकाय चुनाव से पहले पूरे जमालपुर (जुलूमटाड़) क्षेत्र की सभी गलियों में पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाए, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी सड़क निर्माण को लेकर भेदभाव किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

अब देखना यह है कि नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस जायज मांग पर कब तक ध्यान देते हैं, या फिर कच्चा रास्ता ही जमालपुर (जुलूमटाड़) क्षेत्र की पहचान बना रहेगा।

# ऊपरघाट के पेंक मे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित, ग्रामीणों को मिला नि:शुल्क जांच का लाभ

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो/ ऊपरघाट : नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पेंक पंचायत में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन बुधवार को किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेम्बरम,अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार, संसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार,जीप सदस्य कुमारी खुशबू, प्रमुख पूनम देवी सहित स्थानिय प्रतिनिधिओ ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के जांच संबंधी स्टाल लगाए गए । जहां सैकड़ों लोंगो ने अपना जांच और इलाज कराया। स्वास्थ्य मेला को संबोधित करते हुए जिप सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि पेंक में अस्पताल बनने से कई साल बीत गया है लेकिन आज तक अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं है एएनएम के सहारे चल रही हैं। यहां पर सप्ताह में तीन डॉक्टर की व्यवस्था की जाय। वही संसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार, प्रमुख पूनम देवी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा लोंगो तक पहुंचे। इसके लिए मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सहिया, स्वास्थ्य कर्मी लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लायें ताकि लोगों का सही इलाज हो सके । वहीं पेंक पंचायत मुखिया सुखमती देवी, पंचायत समिति सदस्य नवीन सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के लोगों को शिविर लगाकर जांच और सही इलाज कराया जाय। लेकिन इसके लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार नहीं किया गया। सभा संपन्न होने के बाद स्टीक, वैशाखी एवं आयुष्मान कार्ड का बुढी महिलाओं एवं दिव्यांग लोगों के बीच वितरण किया गया । इस मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष वृजलाल हास्दा,उपप्रमुख हरीलाल महतो, भागीरथ ठाकुर,डॉक्टर धनेश रजक, राजेश प्रसाद,सरिता सोरेन, संतोष कुमार एवं चिकित्सक उपस्थित थे

# मेहरमा में शीतलहरी और कड़ाके की ठंड का कहर जारी, स्वयं की व्यवस्था का अलाव बना सहारा

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड में शीत लहरी और कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। बुधवार को भी सुबह करीब 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। इससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वाहन चालकों को भय के साए में धीरे-धीरे वाहन चलाना पड़ा। इससे उन्हें आधे घंटे की दूरी एक से डेढ़ घंटे में तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक जगहों,गांव, घर व मुहल्लों में लोगों को ठंड से ठिठुरते देखा जा रहा है। प्रशासन की ओर से कहीं अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों को स्वयं की व्यवस्था से अलाव जलाकर ठंड से बचने के प्रयास में देखे जाते हैं।लोगों के लिए अलाव हीं सहारा बना हुआ है।इधर शीतलहरी और कड़ाके की ठंड के कारण डोय और मैनाचक में बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट पर भी प्रतिकूल असर पड़ा।हाट में लगने वाले दुकानदारों और खरीदारों की भी संख्या कम रही। घना कोहरा और कड़ाके की ठंड के कारण लोगों का घरों से निकलना दुबर हो गया है। इस कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। बाजारों में भी चहल-पहल काफी कम रहती है। व्यवसाईयों के रोजगार धंधा पर असर पड़ रहा है। दैनिक मजदूरी करने वालों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इतनी ठंड के बावजूद अब तक किसी समाजसेवी संगठनों द्वारा भी न तो गर्म कपड़ा, कंबल आदि का ही वितरण किया जा रहा है और न हीं अलाव की हीं व्यवस्था की जा रही है।लोगों को स्वंय की व्यवस्था से अलाव जलाना पड़ रहा है।हालांकि प्रशासन की ओर से प्रत्येक पंचायत में 90-90 कंबल गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध कराया गया है। मुखिया द्वारा कंबल वितरण शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उन्हें लोगों के कोपभाजन का भी शिकार होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि संख्या और जरूरत मंदों के अनुसार प्रति पंचायत 90 कंबल काफी कम है। क्षेत्र बुद्धिजीवियों ने समाजसेवियों से ठंड से कांप रहे लोगों के सहयोग में बढ़-चढ़कर आगे आने का आह्वान किया है। साथ हीं प्रशासन से भी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों, बस स्टैंडों व सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने की मांग की है। ताकि स्थानीय लोगों सहित मार्ग होकर गुजर रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल सके।

# काशिफ रजा के नेतृत्व में झारखंड में विस्तार की ओर आजाद समाज पार्टी

**संवादाता परमवीर पात्रों दैनिक समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूम : झारखंड की राजनीति में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एक सशक्त वैकल्पिक मंच के रूप में उभर रही है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक काशिफ रजा के नेतृत्व में संगठन सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और बहुजन समाज के अधिकारों को लेकर लगातार



सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

काशिफ रजा का राजनीतिक सफर जमीनी संघर्षों से जुड़ा रहा है। पूर्व विधायक रहते हुए उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, अल्पसंख्यक कल्याण और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाया। उनका मानना रहा है कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद काशिफ रजा ने झारखंड के विभिन्न जिलों का दौरा कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान शुरू किया है। वे लगातार कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। उनका कहना है कि आजाद समाज पार्टी केवल चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन है।

काशिफ रजा ने हाल के बयानों में महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण और मजदूर वर्ग की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा नीतियों का सीधा असर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज पर पड़ रहा है। पार्टी इन मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाने और संविधान की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि काशिफ रजा के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी झारखंड की राजनीति में एक मजबूत और प्रभावी भूमिका निभा सकती है। आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियाँ राज्य की राजनीति को नई दिशा दे सकती हैं।

# जनता दल (यूनाइटेड) आजादनगर थाना समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण 07.01.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर। जनता दल (यूनाइटेड) आजादनगर थाना समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जवाहरनगर रोड नंबरझ्र12 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना समिति अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने की। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आजादनगर थाना समिति



का विस्तार किया गया। इस क्रम में मो. फरहान अख्तर को उपाध्यक्ष, गौस रजा खान एवं मो. शहबाजुद्दीन को महामंत्री, मो. अबूबकर सिद्दीकी को मंत्री नियुक्त किया गया, जबकि मो. मुशर्रफ अली और रज़ियुल इस्लाम को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में आगामी 15 जनवरी को मानगो नगर निगम कार्यालय के घेराव को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि आजादनगर क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे।

बैठक में मुख्य रूप से जनता दल (यूनाइटेड) के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नू, अजय कुमार, विकास साहनी, आकाश शाह, संजीव सिंह एवं अशोक सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामाजिक कुरीति निवारण एवं बाल विवाह मुक्त झारखण्ड विषय पर अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर, पलामू : सामाजिक कुरीति निवारण योजना, राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, बाल विवाह मुक्त झारखण्ड एवं मिशन शक्ति योजना से संबंधित अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन प्रखंड परिसर छतरपुर में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू, मुखिया संघ के अध्यक्ष छत्तरपुर, बीडीओ छतरपुर, बीडीओ पिपरा, बीडीओ नौडीहा बाजार, बीडीओ हरिहरगंज, राज्यं समनवयक अमित कुमार, धर्मगुरुओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं जेंडर सीआरपी द्वारा पौधा भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू नीता चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह उन्मूलन हेतु केंद्र सरकार द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विवाह के लिए बालिकाओं की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं बालकों की 21 वर्ष निर्धारित है, इससे कम उम्र में विवाह कराना कानूनन अपराध है। बाल विवाह की सूचना टोल फ्री चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 , महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112 पर देने की अपील की गई।

बी डी ओ, हरिहरगंज ने बताया कि डायन का आरोप विधवा, असहाय महिलाओं पर लगाया जाता है। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 2001 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करने पर तीन माह तक का कारावास, एक हजार रुपये जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके अंतर्गत डायन कहना, सोचना या किसी तरह का अमानवीय कृत्य करना भी अपराध है।

रिसोर्स पर्सन, यूनिसेफ के द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, शक्ति सदन, पालना आदि योजनाओं का संचालित किया जा रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन सभी जिलों में किया जा रहा है, इसके अंतर्गत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सेवाओं–चिकित्सीय सुविधा, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुलिस सहायता, विधिक परामर्श एवं अल्पावधि आश्रय–की जानकारी दी। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन 181 के द्वारा 24 घंटे आपातकालीन सेवा प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना, सामूहिक विवाह कार्यक्रम, सामूहिक अंतिम संस्कार योजना एवं दिव्यांग कल्याणार्थ योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।



बी डी ओ, नौडीहा बाजार ने कहा कि समाज में बदलाव के लिए शिक्षा का होना जरूरी है। साथ ही, सावित्री बाई फूले स्कीम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने, ड्रॉप आउट की दर को कम करने एवं बाल विवाह को रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा किशोरियों को कक्षा 8 से कक्षा 12 तक किशोरियों को एकमुश्त 40000 रु की राशि प्रदान की जाती है। साथ ही कन्यादान योजना के बारे में बताया कि इसके अंतर्गत आर्थिक सहायता के रूप में 30000 रु की राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए एक साल के अंदर शादी का निबंधन कर आवेदन करना होगा।

बी डी ओ, छतरपुर आशीष कुमार साहू ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध है। इसके लिए दोषियों पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना एवं दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। उन्होंने महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा एवं अमानवीय कृत्यों को समाज के लिए घातक बताया।

बीडीओ पिपरा, प्रधानमंत्री मातृत्व एवं योजना के बारे में बताते हुए कहा कि प्रथम बार गर्भवती एवं प्रसूति महिला को दो बार किस्तों में 5000 की राशि दी जाती है एवं द्वितीय संतान बेटी हो तो एकमुश्त 6000 की राशि दिए जाने का प्रावधान है।

धार्मिक गुरु कुंदन पाठक ने डायन को परिभाषित करते हुए कहा कि डा + इन, यह एक जलन एवं नकारात्मक भावना है।इसे जागरूकता के माध्यम से दूर करें ।

धार्मिक गुरु मोहम्मद आफताब ने किशोर किशोरियों के सशक्तिकरण पर जोर दिया।

समाजसेवी अरविंद गुप्ता, छतरपुर ने जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करें। पहले छतरपुर में डायन के दिन प्रतिदिन केस आते थे, लेकिन अभी बहुत बदलाव आया है और अभी भी कुछ क्षेत्र में बदलाव लाने की जरूरत है, जिसे जागरूकता के माध्यम से संभव बनाया जा सकता है। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन समय- समय पर होती रहनी चाहिए।

मासूम आर्ट केंद्र के द्वारा नुक्कड़ नाटक कर बाल विवाह के कानूनी प्रावधान एवं दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यशला के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त झारखण्ड की शपथ दिलाई गई।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह बाल विवाह मुक्त 100 दिवसीय अभियान निदेशक समाज कल्याण सह परियोजना निदेशक झारखंड महिला विकास समिति के द्वारा की जा रही यह वृहत पहल झारखंड के महिलाओं के सशक्तिकरण में मिल का पत्थर साबित होगा।

मंच संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मुखियागण, जिला परियोजना सहायक , निरंजन कुमार गुप्ता (आभा) , सी 3 से आकाश कुमार, यूनिसेफ के रिसोर्स पर्सन सुमन कुमारी, राज्य समन्वयक अमित कुमार , सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस बी पी एम, कैडर जेंडर सी आर पी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, कार्यालय के कर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं धर्मगुरु एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# बर्दिया में अवैध खनन का बोलबाला, चोपन पुलिस व विभाग मौन

## खनिज परिहार नियमावली 2021 की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियाँ

अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण




चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्दिया गांव में स्थित मे॰ अली स्टोन का खनन पट्टा, जो अकबर अली पुत्र मजनू भाई के नाम से आराजी संख्या 941ख, रकबा 2.00 एकड़ में संचालित है, एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। उक्त पट्टा 03 अगस्त 2016 से 02 अगस्त 2026 तक के लिए वैध है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीते कई वर्षों तक विभागीय अनुमति के अभाव में खनन कार्य बंद रहा, लेकिन जैसे ही हाल में खनन पुनः प्रारंभ करने की अनुमति मिली, पट्टेदार द्वारा अवैध व मनमाने ढंग से खनन कार्य शुरू कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खनन कार्य उत्तर प्रदेश खनिज परिहार नियमावली 2021 के मानकों के विपरीत किया जा रहा है। न तो सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है और न ही पर्यावरणीय नियमों की कोई परवाह की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि खनन क्षेत्र घनी आबादी (धनी बस्ती) के समीप स्थित है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से लेकर उड़ती धूल और अव्यवस्थित परिवहन के कारण चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर हाईवे तक दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों में यह चर्चा जोरों पर है कि पट्टेदार को विभागीय मिलीभगत और पुलिस प्रशासन की जानकारी में खुली छूट मिली हुई है। स्थिति यह है कि चोपन पुलिस भी खनन क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में असहाय नजर आ रही है, जिससे आम लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले पट्टेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

# चेन्नई में सोनभद्र के युवक की हत्या से मचा हड़कंप, खाने बनाने के विवाद में हुई हत्या, साथियों पर आरोप, तीन गिरफ्तार

सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण



सोनभद्र। जिले के बभनी थाना क्षेत्र के डुमरहर गांव निवासी 30 वर्षीय रामनाथ की चेन्नई में हत्या कर दी गई। वह जून माह में काम करने चेन्नई गया था। इस मामले में चेन्नई पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रामनाथ की हत्या खाने बनाने को लेकर हुए विवाद में हुई। आरोप है कि उसके पट्टीदारी के भाइयों ने ही उसकी जान ली है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब नौ बजे रामनाथ ने अपनी पत्नी सोनकुंवर से वीडियो कॉल पर बात की थी। उस समय वह पालक का साग बना रहा था। इसके बाद साथ रह रहे लोगों से खाने बनाने को लेकर विवाद हो गया। मंगलवार सुबह रामनाथ का शव कमरे में बरामद हुआ, जबकि उसके साथ रह रहे कुछ लोग फरार हो गए थे। चेन्नई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने जयलाल, अजयपाल, समयलाल पुत्र रामविचार, महेश्वर पुत्र धनुषराम, शिवनाथ पुत्र रामनगर (सभी निवासी डुमरहर) और सम्पत पुत्र राम सिंह अकेला महुआ चक चपकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से जयलाल, महेश्वर और शिवनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस कुछ अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। रामनाथ की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में शोक छा गया है। मृतक की पत्नी सोनकुंवर ने पति की हत्या का आरोप लगाया है। रामनाथ के दो छोटे बच्चे हैं। डुमरहर के ग्राम प्रधान राम प्रताप ने बताया कि बुधवार सुबह हैदराबाद से विमान द्वारा शव वाराणसी लाया जाएगा। वहां से एम्बुलेंस के माध्यम से शव को बभनी थाना क्षेत्र के डुमरहर गांव लाया जाएगा, जिसके रात तक पहुंचने की संभावना है। मृतक का पोस्टमार्टम चेन्नई में ही कराया जा रहा है।

# डीएम के आदेश की अवहेलना, शिकायत करने पर स्कूल प्रबंधक ने शिकायतकर्ता के पिता पर किया जानलेवा हमला

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

कोन/ सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के कचनरवा गांव में स्थित आदर्श पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगे हैं। जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद शीतलहर और कड़ाके की ठंड में



विद्यालय संचालित किए जाने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। शिकायतकर्ता ब्रह्म प्रकाश त्रिपाठी (बीए प्रथम वर्ष के छात्र) ने विद्यालय खुला होने का वीडियो बनाकर सवाल उठाया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर विद्यालय प्रबंधक धनंजय तिवारी ने उनके पिता रामपियुष त्रिपाठी पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि कचनारवा बाजार में कहासुनी के बाद प्रबंधक ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से हमला कर सिर फोड़ दिया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। पीड़ित की सूचना पर कोन थाना पुलिस ने उन्हें प्राथमिक उपचार व मेडिकल के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम साहब विद्युत ट्रांसफार्मरों हटें तो मोहल्ले के लोग हो जायेंगे परेशान

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग) शहर के उधम सिंह स्टेडियम रोड निवासी दर्जनों मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन कर विद्युत विभाग पर जांच कर रखे गए विद्युत ट्रांसफार्मरों को हटाने का आरोप लगाया है। उन्होने सडक पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर को न हटाने या वैकल्पिक व्यावस्था कराने की मांग की है। बुधवार को शहर के उधम सिंह रोड निवासी दर्जनों मोहल्लेवासियों ने समाजसेवी धर्मवीर निर्वाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। धर्मवीर निर्वाल ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व उन्होने विद्युत विभाग के स्टीमेंट का 15 प्रतिशत जमा कर अपने निजी खर्च से तीन ट्रांसफार्मर लगाए थे। जिसके लिए उन्होने अपने निजी जमीन को रास्ते के लिए छोडा है, लेकिन एक महिला द्वारा झूठी शिकायत कर उक्त ट्रासफार्मर को हटाने की मांग की कर रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पडेगा। उन्होने बताया कि आसपास करीब 50 परिवार रहते है और करीब 22 कनेक्शन भी उक्त ट्रांसफार्मर से हो चुके है। ऐसे में ट्रांसफार्मर हटाया जाना न्यायहित में नही है। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग ने पूरा सर्वे कर ट्रांसफार्मर को लगाया था। उन्होने डीएम से मामले की जांच कराकर ट्रांसफार्मर को न हटाये जाने की मांग की। इस अवसर पर धर्मवीर निर्वाल, प्रहलाद, प्रदीप शर्मा, काजल, संजो, मचला देवी, सचिन कुमार, राजबीर सिंह, नरेंद्र, शिक्षा देवी, अर्जुन सिंह, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# गर्भवती महिला ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

समाज जागरण शामली।

शहर के मौहल्ला पंसारियान निवासी गर्भवती महिला हीना ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए लगातार उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की कोशिश करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है। पीड़िता हीना पुत्री नौशाद ने बताया कि उसका निकाह 16 अक्टूबर 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार शमीम पुत्र शाहबूदीन निवासी ग्राम गढ़ मिरखपुर थाना बहालगढ़ जिला सोनीपत हरियाणा के साथ हुआ था। शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज दिया, इसके बावजूद पति शमीम, सास शमीना, मामा नूरहसन उर्फ नूरा और नानी कस्तूरी आए दिन दहेज को लेकर ताने देते रहते थे। पीड़िता के अनुसार, वह वर्तमान में नौ माह की गर्भवती है, इसके बाद भी ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ लात-घूसों, डंडों और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की जाती रही। कई बार पंचायत भी कराई गई, लेकिन उक्त लोगों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। गत 11 जून 2025 की सुबह करीब 7:30 बजे पति शमीम ने बिना किसी कारण गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर अन्य परिजनों को बुलाकर पीड़िता की बुरी तरह पिटाई की गई। आरोप है कि सास ने उसके पेट में कई लातें मारीं और जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़िता ने बताया कि किसी तरह जान बचाकर वह मायके पहुंची। आरोप है कि अब भी पति द्वारा तलाक देने व शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। एसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वी आर ट्रेडर्स पर सरकार को राजस्व क्षति पहुंचाने का आरोप

समाज जागरण शामली।

जिले में जीएसटी के तहत पंजीकृत फर्म वी आर ट्रेडर्स पर फर्जी बिलिंग व गलत आंकड़े प्रस्तुत कर सरकार को भारी राजस्व क्षति पहुंचाने का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में राज्य कर विभाग द्वारा एसपी को तहरीर देकर फर्म के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड-1 ने बताया कि केन्द्रीय जीएसटी में पंजीकृत फर्म वी आर ट्रेडर्स द्वारा मार्च 2025 की मासिक रिटर्न जीएसटीआर 3बी 11 मई 2025 को दाखिल की गई। रिटर्न में फर्म ने लगभग 20.30 करोड़ रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दशार्ते हुए कुल 3.65 करोड़ रुपये की कर देयता घोषित की। इसमें आईजीएसटी, सीजीएसटी व एसजीएसटी की इनपुट टैक्स क्रेडिट से समायोजन किया गया। विभागीय जांच में फर्म के बिल-पर्चों के आधार पर मात्र कागजी खरीद-बिक्री किए जाने की बात सामने आई।

जांच के दौरान यह पाया गया कि फर्म द्वारा वास्तविक व्यापार के बिना ही इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया गया, जिससे एसजीएसटी के रूप में लगभग 1.82 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति राज्य सरकार को हुई। राज्य कर विभाग ने इस संबंध में केन्द्रीय जीएसटी अधिकारियों को भी अवगत कराया था, जिसके बाद फर्म का जीएसटी पंजीकरण 27 जनवरी 2025 से निरस्त कर दिया गया। पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान फर्म द्वारा अपलोड किए गए पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा बिजली बिल आदि दस्तावेजों की भी जांच की गई। सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड-1 द्वारा पुलिस को भेजी गई तहरीर में कहा गया है कि राजस्व हित में फर्म वी आर ट्रेडर्स तथा उसके प्रोपराइटर विशाल राजवंशी निवासी ग्राम कुंडाना के विरुद्ध धोखाधड़ी, कर अपवंचन व अन्य संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाए। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली में धर्मगुरुओं के साथ बैठक एवं प्रार्थना सभा आयोजित कर बाल विवाह रोकथाम को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों ने धर्मगुरुओं, विवाह सेवा प्रदाताओं और आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग की सेंटर मैनेजर गजाला त्यागी ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिका और 21 वर्ष से कम आयु में बालक का विवाह गैरकानूनी है। वहीं सीएचएल शुभम शर्मा ने बताया कि बाल विवाह कराने पर दो वर्ष तक का कारावास या एक लाख रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान है। बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारियों ने बाल विवाह की सूचना मिलने पर पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, डायल 112 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर तुरंत जानकारी देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं नागरिकों को बाल विवाह न करने और समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# आसमान से गिरी हल्की फुहारें, ठंड का बढ़ा असर

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग) जिले में बुधवार का दिन इस सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा और आसमान से हल्की फुहारें गिरने के कारण ठंड का असर और अधिक बढ़ गया। भीषण ठंड के चलते लोगों के शरीर में दिनभर कंपकंपी बंधी रही और आम जनजीवन प्रभावित नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान मात्र 14 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय घना कोहरा और नमी भरी ठंडी हवाओं के चलते सड़कों पर दृश्यता काफी कम रही, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की फुहारें गिरती रहीं। ठंड के चलते लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और बाजारों गांधी चौक, नया बाजार, माजरा रोड, नेहरू मार्किट व सार्वजनिक स्थानों बस स्टेंड, गुरूद्वारा तिराहा पर सन्नाटा पसरा रहा। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय कुछ देर के लिए धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिली। लोग धूप में बैठकर ठिठुरन से बचने का प्रयास करते दिखे। हालांकि यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। शाम होते ही सर्द हवाओं का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया, जिससे तापमान में और गिरावट महसूस की गई। शाम के समय ठंडी हवाओं के चलने से लोग जल्दी ही अपने घरों में दुबक गए। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव, हीटर और गर्म पेय पदार्थों का सहारा लिया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर इसी तरह बना रह सकता है, जिससे सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का प्रथम अग्रिम अनुमान जारी

वास्तविक जीडीपी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2024-25 की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर से अधिक है सेवा क्षेत्र में तेज वृद्धि के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीवीए में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने इस प्रेस नोट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रथम अग्रिम अनुमानों को व्यय घटकों सहित स्थिर (2011-12) और वर्तमान दोनों कीमतों पर जारी किया है। विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों के लिए मूल कीमतों पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के वार्षिक अनुमानों के साथ-साथ वर्ष-दर-वर्ष प्रतिशत परिवर्तन, जीडीपी के व्यय घटक, सकल/शुद्ध राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के वार्षिक अनुमान स्थिर और वर्तमान कीमतों पर अनुलग्नक ए के विवरण 1 से 4 में दिए गए हैं। मुख्य बिन्दुः वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीडीपी में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 में नॉमिनल जीडीपी में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश का सुनहरा अवसर, 31 जनवरी तक करें आवेदन

समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव प्रयागराज में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-6 में 160 बच्चे (80 बालक एवं 80 बालिकाएं) तथा कक्षा-9 में 61 बच्चे (30 बालक एवं 31 बालिकायें) को प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु पात्र विद्यार्थी 31 जनवरी 2026 तक ऑफलाइन/आनलाइन आवेदन कर सकते है। अटल आवासीय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे (जिनकी सदस्यता 30 नवंबर 2025 तक न्यूनतम तीन वर्ष पूर्ण हो) के बच्चे, कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चे एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत आने वाले बच्चे प्रवेश हेतु पात्र हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन-पत्र जनपद प्रतापगढ़ के सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त मनरेगा कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय एवं तहसील स्तरीय श्रम कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। सीबीएसई से संबद्ध अटल आवासीय विद्यालय एक आधुनिक सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय है, जहाँ विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, वेशभूषा, स्टेशनरी, भोजन तथा बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# अनुसूचित जाति के ऋण गृहीताओ को ऋण मुक्त होने का सुनहरा अवसर,

## नई एक मुश्त समाधान योजना 31 मार्च तक लागू-नागेन्द्र कुमार मौर्य

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के ऐसे ऋण गृहीताओं जिन्होने अब तक अपना बकाया ऋण जमा नहीं किया है, को बकाया ऋण व छूट के साथ ब्याज जमा करने हेतु वर्तमान सरकार ने नई एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक लागू है। अनुसूचित जाति के ऋण गृहीताओं को ऋण मुक्त होने का सुनहरा अवसर है। नई एक मुश्त समाधान योजना में ऋण बकायेदारो को पूरी धनराशि एक मुश्त जमा करने पर दण्ड ब्याज की पूरी धनराशि व चक्रवृद्धि ब्याज की पूरी धनराशि माफ कर दी जायेगी। बकायेदारो से केवल ऋण अवधि (30/60 माह, जो भी लागू हो) का ही साधारण ब्याज देकर उन्हें ऋण मुक्त प्रमाण पत्र दे दिया जा रहा था। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन कार्यालय अथवा सम्बन्धित विकास खण्ड में तैनात सहायक/ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) से सम्पर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय और डाक विभाग के बीच समझौता ज्ञापन

**एसएचजी, महिला उद्यमियों, ग्रामीण उद्यमों एवं एमएसएमई के लिए एकीकृत वित्तीय एवं लॉजिस्टिक्स सेवाओं को सक्षम बनाने हेतु समझौता ज्ञापन**

**मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों और सशक्त ग्रामीण समुदायों के साथ हम धीरे-धीरे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन की ओर बढ़ रहे हैं: शिवराज सिंह चौहान**






ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय और डाक विभाग ने आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं, लॉजिस्टिक्स तथा बाजार तक पहुंच के विस्तार हेतु संस्थागत जुड़ाव को सुदृढ़ करना है। यह पहल केंद्रीय बजट 2025 की उस परिकल्पना के अनुरूप है, जिसमें इंडिया पोस्ट को ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन के एक प्रमुख वाहक के रूप में पुनर्स्थापित करने की परिकल्पना की गई है।

इस समझौता ज्ञापन पर 7 जनवरी 2026 को केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास) श्री कमलेश पासवान; केंद्रीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास एवं संचार) डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी; केंद्रीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण) श्री रामनाथ ठाकुर; और केंद्रीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण) श्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थित थे। दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

इस मौके पर श्री शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार समग्र सरकारी दृष्टिकोण के जरिए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयास प्रधानमंत्री के विजन और नेतृत्व को दशार्ता है, जिनका मार्गदर्शक सिद्धांत एकीकृत शासन और समावेशी विकास है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि विकास सिर्फ.इंफ्रास्ट्रक्चर तक ही सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने, सम्मान और आत्मनिर्भरता तक भी फैले। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों और सशक्त ग्रामीण समुदायों के साथ देश धीरे-धीरे एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है। अपने संबोधन में श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित संस्थानों को पूरा प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट, पॉइंट-ऑफ-सेल मशीन और सर्टिफि केशन से लैस किया जाएगा, जिससे वे सीधे घरों तक कई तरह की सेवाएं पहुंचा सकें। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल के जरिए, डाक घर बचत योजनाएं, सुकन्या समृद्धि योजना, नकद हस्तांतरण सेवाएं और कई अन्य वित्तीय उत्पाद जैसी सेवाएं नागरिकों के घर तक कुशलता से पहुंचाई जाएंगी। यह साझेदारी दीनदयाल अंत्योदय योजनाझ्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ( डीएवाई -एनआरएलएम) के व्यापक स्वयं सहायता समूह संस्थागत नेटवर्क तथा इंडिया पोस्ट की राष्ट्रव्यापी पहुंच को एक मंच पर लाती है। इसमें 1.5 लाख से अधिक ग्रामीण डाकघर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) और डाक सेवकों का विशाल नेटवर्क शामिल है। इस जुड़ाव के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), महिला उद्यमियों, ग्रामीण उद्यमों एवं एमएसएमई को एकीकृत वित्तीय और लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, ग्रामीण विकास मंत्रालय के दीनदयाल अंत्योदय योजनाझ्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा एसएचजी परिवारों के बीच इंडिया पोस्ट की बचत, जमा, बीमा एवं पेंशन उत्पादों को अपनाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह मिशन एसएचजी की महिलाओं को बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी सखी) के रूप में चिन्हित एवं विकसित करेगा तथा उनके प्रशिक्षण, प्रमाणन एवं तैनाती की सुविधा प्रदान करेगा। इंडिया पोस्ट, आईपीपीबी के माध्यम से, ऑन बोर्डिंग , हैंडहोल्डिंग, मॉनिटरिंग डैशबोर्ड तथा बीमा समाधानों की संभावनाओं सहित अन्य सहयोग प्रदान करेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर तक वित्तीय पहुंच को सुदृढ़ किया जा सकेगा। यह साझेदारी महिला-नेतृत्व वाले एसएचजी उद्यमों को इंडिया पोस्ट के लॉजिस्टिक्स प्रणाली से जोड़कर उनके लिए नए बाजार अवसर भी सृजित करेगी। मिशन लॉजिस्टिक्स क्षमता वाले एसएचजी एवं फेडरेशन स्तर के उद्यमों की पहचान करेगा तथा पैकेजिंग, प्रलेखन एवं निर्यात-तत्परता से संबंधित क्षमता निर्माण में सहयोग करेगा।

इंडिया पोस्ट, डाक निर्यात केंद्रों सहित, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग एवं निर्यात सुविधा सेवाएं प्रदान करेगा तथा अपने व्यापक डाक नेटवर्क के माध्यम से एसएचजी उत्पादों के प्रचार-प्रसार की संभावनाओं का भी अन्वेषण करेगा। यह समझौता ज्ञापन ग्रामीण महिलाओं एवं उद्यमियों के लिए वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने, बाजार तक पहुंच में सुधार लाने तथा सतत आजीविका के अवसरों के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे समावेशी विकास और ह्यविकसित भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

# जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। विकास खण्ड सदर मे जगवन्ती प्रिन्टिंग प्रेस, कुमार प्रिन्टिग प्रेस, विद्या प्रिन्टिग प्रेस, प्रतीक ज्वैलर्स के दुकानों पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 प्रतापगढ़ की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत लगभग 150 लोगों को ऑनलाइन पोर्टल लिंक के माध्यम से शपथ दिलाया गया और सभी लोगों को बाल विवह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार पूर्व बताया गया। इसी प्रकार क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (अफीम कोठी) में हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत लगभग 90 लोगों को ऑनलाइन पोर्टल लिंक के माध्यम से शपथ दिलाया गया और सभी लोगों को बाल विवह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार पूर्व बताया गया। दिनांक 01.01.2026 से लगातार जैसे- बेल्हा देवी धाम, चन्द्रिकन धाम सण्डवा चन्द्रिका, शीतला धाम कटरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर आदि स्थलों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा चलाया गया। दिनांक 28.11.2025 से लगातार जैसे- कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मानधाता, ग्राम पंचायत गनईडीह, सैयद यासीनपुर नवाबगंज, घुईसरनाथ संगीपुर, जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़, निर्मला पब्लिक स्कूल देवकली, गर्ल्स इन्टर कालेज प्रतापगढ़, रामपुरिया गार्डेन कटरा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय विकास खण्ड पट्टी, स्कालर्स ऐकडमी भंगवा चुगीं, कौशल विकास केन्द्र चिलबिला प्रतापगढ़ आदि स्थलों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 प्रतापगढ़ की टीम द्वारा चलाया गया।